kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-113 ❒ शनिवार, 23 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

राज्य सरकार बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।उप्र की पूर्व



मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर ग़रीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बना हुआ है।

मायावती

प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर लखनऊ के 74 न्यायधीश साइकिल चलाकर पहुंचे कोर्ट 11

देवभूमि में सड़कों पर नमाज़ नहीं होने देंगे कानून से ऊपर कोई नहीं: मुख्यमंत्री धामी 12

मुख्यमंत्री ने देवरिया जनपद के भीमपुर पोखरभिंडा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

# बहन-बेटियों के साथ इज्जत से पेश आओ, वरना अगले चौराहे पर यमराज इंतजार करते मिलेंगे

एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवरिया जनपद के भीमपुर पोखरभिंडा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बहन-बेटियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार या अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मंच से चेतावनी भरे अंदाज में कहा, ॢबहन-बेटियों के साथ इज्जत से पेश आओ, वरना अगले चौराहे पर यमराज इंतजार करते मिलेंगे।ॣ मुख्यमंत्री के इस बयान पर सभा स्थल तालियों और नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी 655 करोड़ की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ था। महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती थीं लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण बना है। अपराध करने वालों में कानून का भय दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एंटी रोमियो स्क्वॉड, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना और पुलिस गश्त जैसी व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से समाज में मर्यादा और संस्कार बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है। समाज तभी मजबूत होगा जब मातृशक्ति सुरक्षित और सम्मानित होगी। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सुरक्षा और सुशासन पर भी समान रूप से ध्यान दे रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद को बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री ने 116.54 करोड़ रुपये लागत की आठ परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 538.91 करोड़ रुपये लागत की 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में देवरिया-कसया मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 292.07 करोड़ रुपये, देवरिया-हाटा मार्ग के चैनेज 2.00 से 22.00 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 74.47 करोड़ रुपये की परियोजना शामिल रही। मुख्यमंत्री ने इन दोनों प्रमुख सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र में कुल 475.10 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें 25.86 करोड़ रुपये लागत की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 449.24 करोड़ रुपये लागत की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। वहीं रामपुर कारखाना ● शेष पेज 11 पर



❒ सीएम योगी ने की गोसेवा, गोवंश को खिलाया गुड़

❒ सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों का प्रमाण: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विषय में की गई अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी कांग्रेस के राजनीतिक कुसंस्कारों का प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की भाषा और व्यवहार लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को चोट पहुंचाने वाला रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के ॢयुवराजॣ भी अपनी टिप्पणियों के जरिए अपने कुसंस्कारों का परिचय दे चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज हताशा, निराशा, कुंठा और मानसिक दिवालियेपन के शीर्ष स्तर पर पहुंच चुकी है। जनता का समर्थन लगातार घटने के कारण कांग्रेस के नेताओं में राजनीतिक संयम और शालीनता भी समाप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कांग्रेस नेताओं द्वारा किया जा रहा है, वह भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति अब ऐसी हो चुकी है कि वह देशवासियों से क्षमा मांगने की नैतिक स्थिति में भी नहीं बची है। ● शेष पेज 11 पर

# स्मार्ट बॉर्डर परियोजना से भारत-बांग्लादेश और पाकिस्तान सीमा होगी अभेद्य : शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार भारत-बांग्लादेश और भारत-पाकिस्तान सीमा को अत्याधुनिक तकनीक से लैस 'स्मार्ट बॉर्डर' में बदलने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और अगले एक वर्ष के भीतर अभेद्य सीमा सुरक्षा ग्रिड तैयार कर लिया जाएगा। विज्ञान भवन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय बहुत जल्द ड्रोन, रडार, आधुनिक कैमरों और अन्य तकनीकों से लैस स्मार्ट बॉर्डर परियोजना देश के सामने प्रस्तुत करेगा। शाह ने कहा कि दो महीने के अंदर ही मोदी सरकार बीएसएफ और सभी सीएपीएफ के जवानों के कल्याण के लिए एक बहुत बड़ा कार्यक्रम लाएगी। इसके बाद हमारे जवान सुनिश्चित होकर सीमाओं की सुरक्षा कर सकेंगे और उनके परिवारजनों की चिंता भारत सरकार का गृह मंत्रालय करेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट बॉर्डर कॉन्सेप्ट के तहत सीमा सुरक्षा बल की सुरक्षा व्यवस्था में सभी प्रकार की आधुनिक तकनीकों को समाहित किया जा रहा है, जिससे बीएसएफ का काम न केवल आसान होगा बल्कि और अधिक मजबूत भी बनेगा। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने तय किया है कि बीएसएफ की स्थापना के 60वें वर्ष तक गृह मंत्रालय 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा पर एक समान डिजाइन वाला स्मार्ट बॉर्डर स्थापित करने के लिए तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बीएसएफ जवानों को भरोसा दिलाया ● शेष पेज 11 पर



## लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डंपर से टकराई बस में लगी आग, चालक की मौत, 15 यात्री घायल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में थाना मटसेना क्षेत्र अन्तर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बृहस्पतिवार देर रात्रि कानपुर से गुड़गांव जा रही एक डबल डेकर प्राइवेट बस दुर्घटनाग्रस्त बालू से लदे डंपर में पीछे से जा घुसी। जिससे बस में आग लग गई। इस हादसे में बस चालक की मौत हो गई। जबकि लगभग 15 यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर पहुंची फायर टीम ने आग पर काबू पाया। एक डबल डेकर प्राइवेट बस सवारियों को लेकर कानपुर से गुड़गांव जा रही थी। बस में लगभग 40 से अधिक सवारियां सफर कर रही थीं। बस जैसे ही देर रात्रि में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नसीरपुर थाना क्षेत्र से आगे बढ़ी। तभी बस के आगे चल रहा बालू से लदा डंपर अचानक मटसेना क्षेत्र के किमी संख्या 46 पर अनियंत्रित हो गया। जोकि मध्य डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इसी बीच पीछे से तेज गति से आ रही सवारियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हुए इस डंपर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बस में आग लग गई। यह देख सावरिया में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर यूपीडा तथा नसीरपुर एवं मटसेना पुलिस मौके पहुंची। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, सीओ तेजस त्रिपाठी भी मौके पर आ गए। जिन्होंने बस में फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की कई गड़िया मौके पर पहुंची। ● शेष पेज 11 पर

## मातृभूमि योजना बन रही बदलाव की नई पहचान : ओमप्रकाश राजभर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि जनभागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास की मजबूत पहचान बनती जा रही हैं। अपनी मिट्टी, अपने गांव और अपनी पंचायत के प्रति लोगों का बढ़ता जुड़ाव विकास कार्यों में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। यही भावना ॢमातृभूमि योजनाॣ को एक सामान्य सरकारी योजना से आगे बढ़ाकर जनसहभागिता के सशक्त अभियान के रूप में स्थापित कर रही है।

पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने जारी बयान में कहा कि मातृभूमि योजना केवल विकास कार्यों की योजना नहीं, बल्कि समाज और पंचायत के बीच विश्वास, सहभागिता और जिम्मेदारी को मजबूत करने का अभियान है। जब समाज स्वयं ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### उप्र सरकार बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भीषण गर्मी में हो रही बिजली कटौती पर शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर ग़रीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बना हुआ है। इसको लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं। इसकी चर्चा मीडिया में भी काफी व निरन्तर रहती है। अतः सरकार से अपील है कि वह बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ज़रूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे। इसके साथ ही, नये पावर प्लाण्ट आदि के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

### प्रधानमंत्री शनिवार को रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 19वें रोजगार मेले के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव नियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुबह 11 बजे कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस अवसर पर युवाओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को तेज करना और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। बयान में कहा गया है कि देशभर में आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक करीब 12 लाख भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

## पढ़ने की आदत खत्म होने पर समाज गहराई से समझने की क्षमता खो देता है : उपराष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली,। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने युवाओं में घटती पढ़ने की आदत पर चिंता जताते हुए कहा कि जो समाज पढ़ना छोड़ देता है, वह धीरे-धीरे आलोचनात्मक ढंग से सोचने, रचनात्मक रूप से कल्पना करने और गहराई से समझने की अपनी क्षमता खो देता है। उपराष्ट्रपति ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति भवन में पी.पी. सत्यन द्वारा लिखित पुस्तक 'द लाइब्रेरी मैन ऑफ इंडिया : द स्टोरी ऑफ पी.एन. पणिक्कर' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने पणिक्कर को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें ऐसा दूरदर्शी व्यक्तित्व बताया, जिन्होंने पुस्तकों और ज्ञान की शक्ति से लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया। उन्होंने कहा कि साधारण जीवन जीने वाले पणिक्कर का सपना था कि जाति, वर्ग, गरीबी और भौगोलिक सीमाओं से परे हर व्यक्ति को ज्ञान तक पहुंच मिले। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पणिक्कर ने केरल में पुस्तकालय और साक्षरता आंदोलन की शुरुआत कर सामाजिक और बौद्धिक परिवर्तन की नींव रखी। राधाकृष्णन ने कहा कि 'रीड एंड ग्रो' के संदेश के साथ पणिक्कर गांव-गांव और दूरदराज के आदिवासी इलाकों तक पहुंचे और लोगों ● शेष पेज 11 पर




❒ जो समाज पढ़ना छोड़ देता है, वह धीरे-धीरे आलोचनात्मक ढंग से सोचने, रचनात्मक रूप से कल्पना करने और गहराई से समझने की अपनी क्षमता खो देता है।

❒ भारत की नालंदा और तक्षशिला जैसी प्राचीन शिक्षण परंपराएं विश्वभर के विद्वानों को आकर्षित करती थीं

## सपा और कांग्रेस में परिवारवाद के अलावा कोई साम्यता नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सपा और कांग्रेस में परिवारवाद के अलावा कोई साम्यता नहीं है। दोनों दलों में आपस में न कोई भरोसा है और न ही कोई तालमेल। उनके बीच एक 'अवसरवादी मेल' है।

उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि जनता 2017 में इनके 'स्वार्थी ठगबंधन' की हवा निकाल चुकी है। 2027 में इनका राजनीतिक सूपड़ा साफ होना तय है। जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि सपा-कांग्रेस का मतलब है परिवारवाद, तुष्टीकरण की राजनीति। वहीं भाजपा विकास, सुशासन, सुरक्षा और गरीब कल्याण के दम पर जनता का भरोसा जीत रही है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश की जनता ने 2027 में फिर प्रचंड बहुमत से तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का मन बना लिया है। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को क़ायदे से मालूम होना चाहिए कि कांग्रेस के शासनकाल में बोफोर्स, अगस्ता वेस्टलैंड और पनडुब्बी ● शेष पेज 11 पर

# उप्र का मौसम : प्रदेश के कई जिलों में प्रचंड गर्मी व लू का कहर

मौसम विभाग ने जारी किया रात के लिए भी रेड अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भी तेज धूप और लू सता रही है। सड़कों पर आवागमन कम हो गया है और प्रदेश के दर्जन भर जिलों का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया है। शुक्रवार दोपहर बांदा का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल गर्मी से किसी प्रकार की राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। राजधानी लखनऊ का तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के दस जिलों के लू और प्रचंड गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा लगभग दो दर्जन अन्य जिलों के लिए अतिशय तपिश की चेतावनी दी है। कई जिलों में रात का तापमान भी सामान्य से अधिक बने रहने की संभावना जतायी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन चार दिनों तक पूर्वी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। प्रदेश में शुक्रवार से अगले छह दिन तक हीटवेव का अलर्ट है। प्रदेश का बांदा जिला सबसे गर्म बना हुआ है। शुक्रवार को यहां का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग ने प्रदेश में 22 से 27 मई तक पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में लू चलने की संभावना जताई है । ऐसे जिलों में बांदा, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, झांसी, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर,गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर,आगरा, अलीगढ़ और आस पास के क्षेत्र शामिल हैं । इसके अलावा कई जिलों में रात में भी लू चलने की संभावना है, इनमें सोनभद्र, कुशीनगर, महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, ● शेष पेज 11 पर



भारत और साइप्रस की मित्रता मजबूत होने के साथ-साथ भविष्य उन्मुख भी है।

# भारत-साइप्रस संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्ज़ा, निवेश दोगुना करने का लक्ष्य : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और साइप्रस के बीच बढ़ते भरोसे तथा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से नई संभावनाएं उभरी हैं और दोनों देश अगले पांच वर्षों में साइप्रस से भारत में होने वाले निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत और साइप्रस ने अपने विश्वसनीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति और नया आयाम मिलेगा। मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस की मित्रता मजबूत होने के साथ-साथ भविष्य उन्मुख भी है। लोकतंत्र, कानून के शासन और सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान जैसे साझा मूल्य दोनों देशों की साझेदारी की नींव हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है, जो दोनों देशों के बीच बढ़े विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से नई आर्थिक संभावनाएं बनी हैं और इन्हीं अवसरों का लाभ उठाते हुए दोनों देश अगले ● शेष पेज 11 पर



## मंत्रिपरिषद की बैठक में 'विकसित भारत' के विजन पर चर्चा: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रिपरिषद की बैठक में 'ईज ऑफ लिविंग', 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और सुधारों को आगे बढ़ाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक काफी सार्थक रही। बैठक के दौरान मंत्रियों के बीच विभिन्न विषयों पर विचारों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में आम लोगों के जीवन को आसान बनाने, कारोबार को सुगम करने और सुधारों की गति तेज करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि 'विकसित भारत' के साझा संकल्प को साकार किया जा सके। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार शाम मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की और सभी मंत्रियों के कामकाज की रिपोर्टकार्ड की समीक्षा की। सेवा तीर्थ में शाम करीब 5 बजे शुरू हुई उच्चस्तरीय बैठक लगभग साढ़े चार घंटे तक चली। मैराथन बैठक में शासन सुधार, प्रशासनिक दक्षता और सरकार के दीर्घकालिक ॢविकसित भारत 2047ॣ विज़न पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में करीब 9 मंत्रियों ने अपने मंत्रालयों के कामकाज की विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। इसके साथ कई ● शेष पेज 11 पर

# पश्चिम बंगाल में 17 आईएएस अधिकारियों का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य प्रशासन में व्यापक फ़ेरबदल करते हुए 17 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों का तबादला किया है। राज्य के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना में विभागीय सचिवों, नगर निगम आयुक्तों और विभिन्न जिलों के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारियों के स्थानांतरण की जानकारी दी गई है। जारी आदेश के अनुसार, 2010 बैच के आईएएस अधिकारी सुजॉय सरकार को बिधाननगर नगर निगम के आयुक्त पद से हटाकर राज्य वस्त्र एवं रेशम विभाग का आयुक्त तथा राज्य संचालित संस्था तंतूजा का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी जगह 2017 बैच के आईएएस अधिकारी रवि अग्रवाल को बिधाननगर नगर निगम का नया आयुक्त बनाया गया है। रवि अग्रवाल पहले पुरुलिया में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हिंदोल दत्ता, जो नेताजी सुभाष प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान में एसोसिएट प्रो़फेसर थे, को आसनसोल नगर निगम का नया आयुक्त बनाया गया है। वहीं, कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितिन सिंघानी को गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग में वरिष्ठ विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पब्लिक मैनेजमेंट के सदस्य सचिव और सत्येंद्रनाथ टैगोर सिविल सेवा अध्ययन केंद्र के पाठ्यक्रम निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। मालदा के अतिरिक्त ● शेष पेज 11 पर




❒ रवि अग्रवाल बिधाननगर नगर निगम के नए कमिश्नर नियुक्त

# संगम क्षेत्र बनेगा और आकर्षक, गंगा दशहरा से शुरू होगी नियमित संगम आरती

❒ मेला क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, घाट विकास और आधुनिक सुविधाओं को लेकर मंडलायुक्त ने की समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । विश्व प्रसिद्ध संगम नगरी प्रयागराज को वर्षभर धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मेला कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में आयोजित बैठक में मेला क्षेत्र के समग्र सौंदर्यीकरण, घाटों के विकास, संगम आरती के शुभारंभ तथा प्रयागराज मेला प्राधिकरण की वेबसाइट लॉन्च करने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।मंडलायुक्त ने मेला क्षेत्र को वर्षभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षक एवं सुविधायुक्त बनाने के उद्देश्य से परेड ग्राउंड और उससे जुड़े प्रमुख मार्गों के विकास की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। काली सड़क, त्रिवेणी मार्ग और लाल सड़क सहित प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ जीटी जवाहर चौराहा और हर्षवर्धन चौराहे से मेला क्षेत्र तक भव्य प्रवेश मार्ग विकसित किए जाएंगे।बैठक में संगम क्षेत्र और बड़े हनुमान मंदिर के आसपास व्यापक विकास कार्यों का खाका प्रस्तुत किया गया। इसके अंतर्गत वृक्षारोपण, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, पेंटिंग, बैठने की सुविधाएं, फूड कोर्ट, वेंडिंग जोन, पार्किंग, बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्र, चेंजिंग रूम, सेल्फी प्वाइंट, स्मारिका केंद्र और सार्वजनिक सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। प्रयागवाल कॉलोनी और घाटिया कॉलोनी के सौंदर्यीकरण की भी योजना बनाई गई है।गंगा दशहरा से नियमित होगी संगम आरतीएक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत आगामी गंगा दशहरा से संगम क्षेत्र में प्रतिदिन नियमित आरती प्रारंभ की जाएगी। प्रारंभिक चरण में संगम क्षेत्र और बाद में किला घाट पर भी आरती का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं को नौकाओं के माध्यम से सुरक्षित आरती दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जाएगी।मंडलायुक्त ने घाटों की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत फ़ेसलिफ्टिंग योजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जल पुलिस को संगम आरती के सुरक्षित संचालन हेतु विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गंगा दशहरा के अवसर पर प्रयागराज मेला प्राधिकरण की नई वेबसाइट का शुभारंभ किया जाएगा। इस वेबसाइट पर माघ मेला, कुंभ मेला, धार्मिक आयोजनों और मेला क्षेत्र की गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर उपलब्ध रहेगा, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवश्यक जानकारी एक ही मंच पर प्राप्त हो सकेगी।इसके अतिरिक्त किला घाट पर स्मारिका केंद्र स्थापित करने, चेंजिंग रूम की संख्या बढ़ाने, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, घाटों पर बैरीकेटिंग, सुरक्षा जाल और नौकाओं के सुरक्षित संचालन के लिए समर्पित रिवर कॉरिडोर विकसित करने जैसे प्रस्तावों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

# जनगणना-2027 के लिए नगर निगम ने बनाए हेल्पलाइन सेंटर

❒ जनगणना-2027 के लिए नगर निगम ने बनाए हेल्पलाइन सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने जनगणना 2027 के पहले चरण मकान गिनती और मकानों की जानकारी जुटाने के काम को आसान बनाने के लिए शहर के सभी आठ जोनों में जनगणना नियंत्रण कक्ष बनाए हैं। ये सेंटर 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेंगे।

नगर निगम के अनुसार इन सेंटरों पर लोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी, जानकारी दी जाएगी और जनगणना करने वाले कर्मचारियों को मदद दी जाएगी। हर जोन में एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जिनसे लोग सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने लोगों से जनगणना में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को जनगणना कर्मचारी को लेकर कोई शक हो या कोई दिक्कत आए तो वह तुरंत अपने जोन के हेल्पलाइन सेंटर पर जानकारी दे सकता है। नगर निगम ने बताया कि सभी जनगणना कर्मचारियों के पास फोटो वाला पहचान पत्र होना जरूरी है और जनगणना का पूरा काम बिल्कुल मुफ्त होगा। नगर निगम ने सभी जोनों के हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, ताकि लोग आसानी से अपनी शिकायत या जानकारी दे सकें।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने आजमगढ़ के सठियांव में आयोजित बिजली कैंप का किया दौरा, उपभोक्ताओं से किया संवाद




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने आजमगढ़ के सठियांव में आयोजित बिजली कैंप का दौरा कर आम जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिल की गड़बड़ी एवं अन्य समस्याओं के निस्तारण के दृष्टिगत मेगा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, विभाग जनता की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी गंभीरता एवं तत्परता से कार्य कर रहा है।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण इस समय बिजली की मांग में भारी वृद्धि हुई है, जिसके चलते कहीं-कहीं विद्युत व्यवधान की समस्या उत्पन्न हो रही है। विभाग द्वारा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराई जा रही है तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज बिजली हर व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। बिजली के बिना मोबाइल चार्ज नहीं हो सकते, अस्पतालों के उपकरण नहीं चल सकते तथा दैनिक जीवन की अधिकांश गतिविधियाँ प्रभावित हो जाती हैं। इसलिए विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिजली से संबंधित हर प्रकार की समस्या का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

## कीर्ति चक्र विजेता शहीद लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी की प्रतिमा का लोकार्पण

अयोध्या, कैनविज टाइम्स संवाददाता । बीते 22 मई 2025 को नॉर्थ सिक्किम में एक ऑपरेशन के दौरान अपने अग्निवीर साथी स्टीफन सुब्बा की जान बचाने की प्रयास में वीरगति को प्राप्त हुए कीर्ति चक्र विजेता शहीद शशांक तिवारी की प्रतिमा का अनावरण समारोहपूर्वक महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं मंडलायुक्त राजेश कुमार ने किया। लाला लाजपत राय वार्ड के मझवा गद्दोपुर में आरटीओ आफिस के पीछे नगर निगम ने दस लाख रुपये की लागत से पार्क का विकास कर प्रतिमा स्थापित की है।महापौर ने कहा कि शशांक जैसे लाल के जन्म लेने पर अयोध्या को गर्व है। नगर निगम के द्वारा शहीदों की याद में किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने शहीद की याद में गेट लगवाने का वादा किया। मंडलायुक्त ने कहा कि शशांक जैसे सैनिकों की याद में किया गया हर कार्य प्रेरणा दायक है। पूर्व सैनिक परिषद के जिलाध्यक्ष श्रीप्रकाश पाठक ने शहादत पर विस्तार से चर्चा की।महापौर ने मंडलायुक्त के साथ पट का अनावरण कर प्रतिमा का लोकार्पण किया। इससे पूर्व शहीद के पिता जंग बहादुर तिवारी ने वैदिक रीति-रिवाज से प्रतिमा का पूजन किया। इस मौके पर शहीद की माता नीता तिवारी भावुक हो उठी। कार्यक्रम का संचालन नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने किया।इस मौके पर डोगरा रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल प्रभात, साटम, मेजर गोकुल बाल्यान, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल संजीव कुमार, नगर निगम के उपसभापति संतोष सिंह, पूर्व उप सभापति जयनारायन सिंह रिंकू, पार्षद राम तीर्थ, दीप कुमार, अभिनव पांडेय, निखिल श्रीवास्तव, रामचंद्र निषाद, मनीष, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय, अवधेश पांडेय बादल, सुनील शास्त्री, अभिषेक सिंह टोनू, हरिकरन सिंह, बृजेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश सिंह नाहर, विनीत पांडेय आदि मौजूद रहे।

## कचहरी में तारीख पर आई महिला को पीटा, पांच पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन स्थित कचहरी में चार दिन पहल तारीख पर आई महिला को कुछ लोगों ने घेर लिया और उसकी पिटाई की। आरोप है कि मुकदमा वापस नहीं लेने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी है। थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि मामले में शुक्रवार को पांच आरोपितों पर केस दर्ज को जांच शुरू कर दी गई है।भोजपुर के पीपलसाना आंगा निवासी मुनव्वरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 मई को मुकदमे की तारीख पर कचहरी आई थी। शाम करीब साढ़े चार बजे वह कचहरी से घर लौट रही थी। इसी दौरान भोजपुर के पीपलसाना निवासी लड्डन, उसका भाई खालिद, आरिफ और भूरा आ गए और उन्होंने महिला को घेर लिया। मुकदमा वापस न लेने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। शुक्रवार को मामले में आरोपित लड्डन, खालिद, आरिफ और भूरा पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बाइक सवार युवकों पर हमला, विरोध करने पर मारी गोली

हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मुस्करा थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन युवकों पर अज्ञात हमलावर ने लाठी से हमला कर दिया। विरोध करने पर हमलावर ने तमंचे से गोली चला दी, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज मुस्करा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।घटना बंडवा-भैंसाय मार्ग की है। भैंसाय गांव निवासी सत्येंद्र, संतराम और उनका एक अन्य पारिवारिक सदस्य मुस्करा से बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी चलती बाइक पर लाठी से हमला कर दिया। हमले के बाद बाइक रुकने पर सत्येंद्र ने विरोध किया, जिस पर हमलावर ने तमंचे से गोली चला दी। गोली सत्येंद्र के गले के दाहिने हिस्से में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। बाइक चला रहे संतराम ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और एंबुलेंस की मदद से घायल सत्येंद्र को मुस्करा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर हमलावर की पहचान करने में जुटी है। सीओ सर्किल राजीव प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि घायल सत्येंद्र की हालत फिलहाल सामान्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गंगा नदी में मिला युवक का शव

मीरजापुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिगना थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव निवासी युवक का शव प्रयागराज के नैनी थाना क्षेत्र में गंगा नदी से मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।मिश्रपुर गांव निवासी 20 वर्षीय रिजवान पुत्र हकीम अली उर्फ शरीफ गुरुवार सुबह प्रयागराज जनपद के कौंधियारा थाना क्षेत्र स्थित जारी पुलिस चौकी अंतर्गत सेमरी गांव में अपने फूफा नसीम अहमद के घर गया था। वहां से वह अपने घर लौटने के लिए निकला, लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचा।परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद कौंधियारा थाना और जारी पुलिस चौकी में युवक के लापता होने की सूचना दी।

# कोरांव थाने के इंस्पेक्टर राकेश वर्मा पुलिस लाइन भेजे गए , जनता में निराशा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। थाना कोरांव में लगभग एक वर्ष से अधिक समय से तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार वर्मा को पुलिस लाइन प्रयागराज स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अपने कार्यकाल में इंस्पेक्टर वर्मा ने न्यायप्रिय कार्यशैली अपनाई। वे क्षेत्र में नियमित भ्रमणशील रहते थे, जिससे कानून व्यवस्था नियंत्रित रही। थाने पहुंचने वाले फरियादियों का कहना है कि वे बिना किसी दबाव के, जांच के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई करते थे और पीड़ित अपनी बात निर्भीक होकर रख पाते थे।उनके अचानक स्थानांतरण से क्षेत्र की जनता में निराशा है। बड़ी संख्या में लोग उनके कार्य-व्यवहार से संतुष्ट थे और मौजूदा ट्रांसफर को उचित नहीं मान रहे। नागरिकों का कहना है कि ऐसे अधिकारियों का थानों में बने रहना कानून व्यवस्था के लिए आवश्यक है।

## जनता त्याग करेगी, लेकिन मोदी जी की अपील पर नहीं : सत्यनारायण पटेल

अयोध्या । कंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे और उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ह्लसोना न खरीदें, डीजल-पेट्रोल बचाएंङ्क अपील पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जनता त्याग करेगी, लेकिन ह्लमोदी जी की अपील पर नहीं।ङ्ककांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ और अनुदान देने का दावा किया। भाजपा सरकार पर उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- चुनाव के समय भाजपा रैलियों में सरकारी पैसे का इस्तेमाल करती है। उन्होंने मांग की कि पहले प्रधानमंत्री और भाजपा शासित राज्य सरकारी खर्च कम करें।बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा, कहा आम जनता परेशान है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में आनंद सागर द्वारा निर्मित रामायण में हनुमान की भूमिका निभा चुके कलाकार विक्रम मस्ताल भी मौजूद रहे।

# बीएचयू के फ्रांसीसी विभागाध्यक्ष की दो पुस्तकों का लोकार्पण, कुलपति ने सराहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कला संकाय के फ्रांसीसी विभागाध्यक्ष प्रो. प्रयास चतुर्वेदी की दो पुस्तकों का लोकार्पण किया। 'प्रतिनिधि साहित्यिक विधाएँ : विमर्श एवं अभिव्यक्तिङ्क ह्लह्यूमूर ए केल्क टेक्स्ट कॉमिक नान परफ़ॉर्मेतिफङ्क पुस्तक का लोकार्पण कर कुलपति ने विभागाध्यक्ष प्रो. प्रयास की सराहना की।प्रो. चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों पुस्तकें संस्कृत, हिन्दी तथा फ्रांसीसी भाषा एवं साहित्य के अध्ययनों के मध्य एक संगम-सेतु के रूप में प्रतीत होती हैं। पुस्तकों में किया गया अध्ययन भारतीय ज्ञान-परम्परा से अभिप्रेरित है।इस अवसर पर कुलपति ने पुस्तकों के प्रति अपनी अभिरुचि जताते हुए लेखक को शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में भी उनसे शिक्षण कार्य में सतत संलग्न रहने की अपेक्षा व्यक्त की।इस दौरान संकाय प्रमुख प्रो. सुषमा घिल्डियाल, प्रो. उपेन्द्र त्रिपाठी, प्रो. उपेन्द्र पाण्डेय, प्रो. वशिष्ठ अनुप, प्रो. अरुण कुमार यादव आदि की उपस्थिति रही।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल/वाणिज्य-उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22688-SLR-R1-BSB-MYS-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 11:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 11:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-F1-BSB-EKNR-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 11:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20964-SLR-F1-BSB-SBIB-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-R1-BSB-EKNR-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.06.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.06.2026 at 12:30 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1736/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नैपालापुर से चलता है परसेण्डी ब्लाक प्रशासन

❒ कारगार राज्यमंत्री के निर्देश बेअसर, घालमेल में जुटे बाहरी तत्व

❒ क्षेत्रवासियों ने डीएम से की मामले की गहन जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकास खण्ड परसेण्डी का ब्लाक प्रशासन सीतापुर शहर के नैपालापुर स्थित एक गैर जनपदीय रसूखदार के आवास से संचालित हो रहा है। नैपालापुर के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले क्षेत्र के न जाने कितने प्रधानों की जांच करा दी गई तो अन्य का पुलिसिया उत्पीड़न किया गया। नतीजतन नैपालापुर के विरुद्ध चाह कर भी कोई आवाज़ नहीं उठा पाता। विगत महीनों में यहां ब्लाक पर सूबे के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने ब्लाक पर एक बैठक के दौरान दो टूक कहा था कि ब्लाक पर बाहरी व अराजकतत्वों का हस्तक्षेप कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोग नहीं माने तो उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करा कर कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद भी रसूखदारों व पैसा बटोरने वालों को राज्यमंत्री श्री राही का कोई खौफ न रहा। नैपालापुर से ही यह रसूखदार ब्लाक परसेण्डी का समूचा प्रशासन चलाते रहे जो अब तक चल रहा है। यह रसूखदार प्रदेश के भाजपा नेताओं के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी फोटो डाल कर समूचे क्षेत्र पर अघोषित दबाव बनाते हैं और प्रदेश की साफ सुथरी योगी सरकार की पारदर्शी मंशा को पलीता लगाने में लगे हुए हैं। इनकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो जाये तो परसेण्डी ब्लाक से इनके द्वारा अर्जित की गई अकूत दौलत का खुलासा हो जाएगा। इनके खिलाफ डर की वजह से क्षेत्र के प्रधान व ग्रामीण आवाज़ नहीं उठा पाते क्योंकि अब तक इनके विरुद्ध जिस किसी ने भी आवाज़ उठाई उसको विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित होना पड़ा। हाल ही में नैपालापुर स्थित इस रसूखदार ने ब्लाक से मनरेगा कार्यों की आड़ में मोटा भुगतान हासिल किया है जबकि अब वह फिर बीडीओ की साठगांठ से जल्द ही करोड़ों के कार्यों का मनरेगा भुगतान निकालने की फिराक में है। जिले के तेज व कड़क मिजाज जिलाधिकारी यदि इस दिशा में निष्पक्षता पूर्वक कुल प्रकरण की गहन छानबीन कराएं तो घालमेल का यह मामला प्याज के छिलकों की तरह परत दर परत उजागर होते देर न लगेगी। सूत्रों के अनुसार विकास खण्ड में बैठे प्रमुख कुछखास रसूखदारों के हाथों की कठपुतली हैं। इनका 'रिमोट कंट्रोल' नैपालापुर स्थित रसूखदार के हाथ में है। तत्कालीन बीडीओ ने इस बाहरी रसूखदार द्वारा कराए गए मानकविहीन कार्यों का भुगतान करने से इनकार कर दिया था जिसे परसेण्डी ब्लाक से अन्यत्र जाना पड़ा। उसके बाद नैपालापुर ने अपनी हर उल्टी सीधी हरकत में आँख बंद कर साथ देने वाले आने मनपसंद बीडीओ को परसेण्डी में तैनाती दिला दी जिसके बाद उन्होंने करोड़ों के अटके यह भुगतान कर दिए। इसके बाद से परसेण्डी में लगातार विभिन्न ब्लाक योजनाओं में जम कर धांधलेबाजी की जा रही है। कुल मामले पर आमजन ने जिलाधिकारी से प्रभावी हस्तक्षेप कर इस बाहरी प्रेशर पर रोक लगाने और परसेण्डी में जारी घालमेल को खत्म करने की पुरजोर मांग की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वाराणसी मंडल का जागरूकता अभियान

❒ रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। वाराणसी मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 15 मई से 5 जून तक पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अभिषेक राय के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।अभियान के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्रभात फ़ेरी, प्लास्टिक प्रदूषण की मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया जागरूकता अभियान, पोस्टर एवं डिजिटल कंटेंट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। रेलवे कर्मचारियों के लिए प्लास्टिक कचरा कम करने और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं।वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर गौरैया और अन्य पक्षियों के लिए पानी पीने हेतु मिट्टी के बर्तन रखे गए तथा उनका वितरण भी किया गया। इसके साथ ही पर्यावरण विषय पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेताओं को सम्मानित किया गया।स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान देने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों में रेलवे स्टाफ, स्टेशन अधिकारी, छात्र और आम नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों और हाउसकीपिंग स्टाफ ने सफाई, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण अनुकूल उपायों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। अभियान के जरिए लोगों को स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार रेलवे व्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी.एण्ड डब्ल्यू. लखनऊ के द्वारा **ई-टेंडर संख्या 283-Mech-CW-ACWP-26** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **11.06.2026, 15:00 बजे** है जो उसी दिन **15:30 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की IREPS पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | 3 नम्बर्स ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लान्टस (एसीडब्लयूपीएस) विद प्रोविजन आफ इफ्यूलेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (ईटीपी) एण्ड वाटर रिसाइकिलिंग प्लान्ट (डब्लयूआरपी) एण्ड मेन्टेनेन्स एण्ड आपरेशन फार टू इयर्स इन वारन्टी पीरियड फ्राम द डेट आफ कमिशनिंग एण्ड आपरेशन एण्ड मेन्टेनेन्स आफ एसीडब्लयूपीएस फार थ्री इयर्स विद ईटीपी आफ्टर वारन्टी पीरियड ऐट लखनऊ, वाराणसी एण्ड अयोध्या कैन्ट डिपो आफ लखनऊ/एनआर डिवीजन । | | |
|---|---|---|---|
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविद बंद होने की दिनांक एवं समय | 11.06.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 22.05.2026 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 8,16,69,872.60 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी. एण्ड डब्ल्यू. |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिडयूल आईटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 16,33,400.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निःशुल्क | कार्य की अवधि | (180 days+ 60 Months) As per delivery schedule chart, 180 days from date of award to prove out test + 60 Months for maintenance and operation. |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 28.05.2026 | | |

सं.: 283-Mech-CW-ACWP-26 दिनांक: 21.05.2026 1721/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डिप्टी सीएम के निर्देश पर निजी अस्पताल सील, आरोपी डॉक्टर भेजा गया जेल

**❒ छात्रा से दुष्कर्म प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के इंदौराबाग स्थित तेजस हॉस्पिटल में इंटरमीडिएट की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप के मामले में उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के आदेश पर शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ.जेपी सिंह ने अस्पताल को सील कर मुख्य गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी डॉक्टर विजय कुमार गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा को झटके आने की शिकायत पर 18 मई को इंदौराबाग स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल संचालक डॉक्टर विजय कुमार गिरी उसे ट्यूब डालने के बहाने ऑपरेशन थिएटर में ले गया और नशीला इंजेक्शन देकर दुष्कर्म किया। छात्रा के मुताबिक आरोपी डॉक्टर ने दो बार वारदात को अंजाम दिया।घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लेकर जांच शुरू की। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। प्रारंभिक जांच और तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।मामले ने तूल पकड़ने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया के माध्यम से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल सील करने, आरोपी चिकित्सक का लाइसेंस निलंबित करने और आयुर्वेदिक चिकित्सा डिग्री जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कराने के आदेश अधिकारियों को दिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार पीड़िता और उसके परिवार के साथ है तथा आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### अस्पताल के बाहर चस्पा हुआ सीलिंग नोटिस

डिप्टी सीएम के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम शुक्रवार को अस्पताल पहुंची। कार्रवाई के दौरान अस्पताल खाली कराया गया और मुख्य गेट पर सीलिंग नोटिस चस्पा कर दिया गया। अधिकारियों ने अस्पताल के पंजीकरण, संचालन और चिकित्सा अभिलेखों की भी जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस अस्पताल कर्मचारियों से पूछताछ करने के साथ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

### लाइसेंस निलंबन और डिग्री जब्ती की तैयारी

दुष्कर्म प्रकरण सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आरोपी डॉक्टर विजय कुमार गिरी के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर आरोपी चिकित्सक का मेडिकल लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही आयुर्वेदिक चिकित्सा डिग्री जब्त करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट और कानूनी प्रक्रिया के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में आरोपी किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सेवा न दे सके।

# दुनिया में जो संभव है, उसे भारत सबसे पहले कर दिखाएगा हमारे बच्चे बनाएंगे नई पहचान : बृजेश पाठक

**❒ आंचलिक विज्ञान नगरी में नव उन्नत मनोरंजन विज्ञान दीर्घा का उद्घाटन, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बोले- वैज्ञानिक सोच को मिलेगा बढ़ावा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में शुक्रवार को नव उन्नत एवं नवीनीकृत ल्मनोरंजन विज्ञान दीर्घाङ्क का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नीरज बोरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी तथा विजय शंकर शर्मा भी मौजूद रहे।

उद्घाटन के बाद अतिथियों ने नव उन्नत दीर्घा का अवलोकन किया और वहां स्थापित विभिन्न इंटरैक्टिव प्रदर्शों को देखा। अतिथियों ने विज्ञान और मनोरंजन के समन्वय पर आधारित इस अनूठी दीर्घा की सराहना करते हुए विज्ञान नगरी के प्रयासों की प्रशंसा की। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जो दुनिया में हो सकता है वो भारत सबसे पहले कर सकता है, ये हमारे बच्चे सिद्ध करके दिखाएंगे। यह दीर्घा विज्ञान शिक्षा और जनजागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि आधुनिक एवं इंटरैक्टिव प्रदर्श विद्यार्थियों और आमजन को विज्ञान को समझने और अनुभव करने का बेहतर अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को बढ़ावा देती हैं। राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक विजय शंकर शर्मा ने लोगों से विज्ञान नगरी का भ्रमण करने और इस शैक्षिक सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। वहीं डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने विद्यार्थियों के लिए आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक दीर्घा विकसित करने पर विज्ञान नगरी की टीम को बधाई दी। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि विज्ञान को मनोरंजक और सहभागितापूर्ण तरीके से सीखाने वाली ऐसी दीर्घाएं विद्यार्थियों के लिए किसी उपहार से कम नहीं हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को विज्ञान केंद्रों के भ्रमण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। मनोरंजन विज्ञान दीर्घा को ल्करके सीखोङ्क की अवधारणा पर विकसित किया गया है। इसमें यांत्रिकी, चुंबकत्व, विद्युत, गणित, गुरुत्वाकर्षण, ध्वनि एवं प्रकाशिकी जैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित कई इंटरैक्टिव प्रदर्श लगाए गए हैं। प्रमुख आकर्षणों में मनोरंजक दर्पण, प्लेट में सिर, अनंत कूप, न्यूटन क्रैडल और हार्टबीट शामिल हैं, जो वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत करते हैं। दीर्घा का भ्रमण करने आई एक महिला आगंतुक ने बताया कि उनके बच्चे हमेशा विज्ञान नगरी आना पसंद करते हैं और नई इंटरैक्टिव प्रदर्शों को देखकर बेहद उत्साहित रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें बच्चों में कम उम्र से ही विज्ञान के प्रति रुचि और जिज्ञासा विकसित करती हैं। कार्यक्रम के दौरान 1500 से अधिक विद्यार्थियों एवं आम आगंतुकों ने आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ का भ्रमण कर नव उन्नत दीर्घा का आनंद लिया।

# चिनहट ओवरब्रिज के नीचे ट्रांसफार्मर में भड़की भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**❒ ट्रैफिक पुलिस और चिनहट पुलिस ने संभाला मोर्चा, दमकल टीम ने पाया काबू**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चिनहट, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के व्यस्ततम चिनहट तिराहा स्थित ओवरब्रिज के नीचे रखे ट्रांसफार्मर में शुक्रवार को अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग की लपटें आसमान छूने लगीं और काले धुएं का गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया। आग इतनी भयावह थी कि ओवरब्रिज के ऊपर से गुजर रहे वाहन चालकों को भी गर्मी और धुएं के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

घटना के समय मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस और चिनहट पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर हटाया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण चिनहट तिराहा और आसपास के इलाके में कई मीटर लंबा जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतारें लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कुछ देर के लिए इलाके में दहशत जैसा माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक अगर समय रहते पुलिस और दमकल विभाग सक्रिय नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। बिजली विभाग और संबंधित अधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# विवाहिता ने युवक पर जबरन धर्मांतरण कर निकाह कराने का लगाया आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**❒ नौकरी का झांसा देकर ले गया, बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप,अमरोहा से बरामद हुई महिला**

बख्शी का तालाब,लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने गैर समुदाय के युवक पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले जाने, बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और जबरन धर्मांतरण कर निकाह कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने शुक्रवार को इटौंजा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता की मां के मुताबिक, उसकी बेटी की मुलाकात एक महिला रिश्तेदार ने युवक से कराई थी। आरोप है कि युवक ने पहले दोस्ती बढ़ाई और फिर नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उसे अपने प्रभाव में ले लिया। महिला का कहना है कि इटौंजा के पास हाईवे स्थित एक लॉन में युवक और वहां के चौकीदार ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।परिजनों के अनुसार, 30 मार्च 2026 को युवक विवाहिता को अपने साथ लेकर चला गया। इसके बाद विवाहिता के पति ने इटौंजा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पीड़िता की मां का आरोप है कि गायब होने के बाद उसकी बेटी ने बेटे के फोन पर संदेश भेजकर जान का खतरा बताया था, लेकिन उस समय पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई।मां ने आरोप लगाया कि युवक पहले विवाहिता को हैदराबाद ले गया, जहां उसे बंधक बनाकर रखा गया। बाद में अमरोहा ले जाकर जबरन धर्मांतरण कराया और मौलाना के जरिए निकाह कर लिया। इस दौरान आरोपी लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। विरोध करने पर मारपीट भी की गई।इसी बीच पुलिस को अमरोहा में विवाहिता के होने की जानकारी मिली। इसके बाद इटौंजा पुलिस परिवार के साथ वहां पहुंची और महिला को बरामद कर लिया। गुरुवार को घर लौटने के बाद विवाहिता ने परिजनों को पूरी घटना बताई। शुक्रवार को परिवार के साथ थाने पहुंचकर पीड़िता की मां ने तहरीर दी।इटौंजा थाने के अतिरिक्त इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार विक्रम पलटी, चालक की मौत

**बख्शी का तालाब, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिगवां थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार टैंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक वाहन के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बीकेटी की ओर से आ रही टैंपों पहाड़पुर चौराहे पर शिफा क्लीनिक के सामने अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय वाहन चला रहे साबरीन (40) निवासी रायसिंहपुर थाना महिगवां वाहन के नीचे दब गए। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को वाहन के नीचे से बाहर निकाला और एम्बुलेंस से 100 शैय्या अस्पताल भेजा। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। बताया गया कि हादसे के समय वाहन में चालक के अलावा कोई अन्य सवारी नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार सामने आ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विक्रम काफी तेज गति से बीकेटी की ओर से आ रही थी। पहाड़पुर चौराहे के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते टैंपो सड़क किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इटौंजा-कुर्सी मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में देर रात तेज रफ्तार वाहनों का संचालन लगातार हादसों को न्योता दे रहा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त और वाहनों की सख्त जांच बढ़ाने की मांग की है।

### महिला ने दर्ज कराया ससुराली जनों पर दहेज मांगने व प्रताड़ित करने की रिपोर्ट

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके के अमेठी कस्बे में रहने वाली एक महिला के पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज की मांग के साथ प्रताडित करने का मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़िता निशा निवासिनी वार्ड अंसारी, अमेठी ने बताया कि उसकी शादी छह साल पूर्व विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार संदीप सुरियामऊ, कोतवाली गोसाईगंज, हुई थी।विवाह के कुछ दिनों बाद ही प्रार्थिनी को ससुराल पक्ष के पति संदीप उपरोक्त, सास राजरानी, देवर सोनू व आलोक व ननंद खुशबू द्वारा आये दिन गन्दी गन्दी गालियां देकर मार पीट करते हुए मानसिक व शरीरिक रूप से प्रताडित करते हुए कहते है कि तुम्हारे मायके वालो ने दहेज में कुछ दिया नही है। पीड़िता का आरोप है कि दो पहिया गाड़ी व सम्पत्ति में हिस्सा/रूपयो की मांग करते है। जिससे परेशान होकर शुक्रवार को महिला ने पति, सास ससुर ननद ले साथ देवर पर भी शारिरिक व मानसिक प्रताड़ना के साथ दहेज मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है। गोसाईंगंज पुलिस मामले को दर्ज करने के बाद जांच में जुटी है।

### पड़ोसी ने महिला की पिटाई कर दाँत तोड़ा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके पीएम आवास योजना में रहने वाले एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर रंजिशन झगडा कर महिला की पिटाई कर दांत तोड़ दिया।पीड़ित श्यामू कश्यप ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले चान्दनी रावत, सूरज रावत, गोलू और उनकी मां इन चारों ने मिलकर रंजिशन मारा। आरोपित द्वारा पिटाई के दौरान मेरी पत्नी से पिटाई कर दी। जिसके कारण दोनो लोगो को गम्भीर चोट आई है। पिटाई के दौरान मेरी पत्नी को भी गम्भीर चोट आई है । पिटाई से पत्नी के दांत भी टूर गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### दारू पीने से मना किया तो किराएदार ने मकान मालिक को पीटा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ़ सिटी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी रामअवध यादव की ओर से अपने ही किराएदार पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। इस मामले में तहरीर देकर मूकदमा दर्ज कराया गया है।पीड़ित के अनुसार हर्ष सिंह व अभिषेक उसके यहां किराये पर रहते हैं ।ये दोनो अक्सर तीन बाहरी तीन दोस्तों को बुलाकर दारू पीने की पार्टी किया करते हैं । मना करने पर दोनों लड़ाई और गाली गलौज के साथ मारने की धमकिया भी देते हैं।यह इनकी नित्य की प्रक्रिया बन चुकी थी। रूम खाली करने की बात कहने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है।पीड़ित का आरोप है कि उसे और उसके बेटे रोहित को उपरोक्त किराएदारों ने लाठी डंडे और कुंडे से हमला कर दिये जिससे मुझे और मेरे बेटे रोहित को काफी गंभीर चोटें आयी और सिर फट गया।सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर किरायेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी है।

# बिजली विभाग को फिर एक बार किसी बड़े हादसे का इंतज़ार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। हाइटेंशन लाइन कितनी खतरनाक होती है ये बिजली विभाग भली भांति जानता है क्योंकि अक्सर इसी तार की चपेट मे आ जाने से ना जाने कितने हादसे भी हो चुके हैं लेकिन हादसों से सबक लेना ये काम तो लगता है बिजली विभाग ने सीखा ही नही है अगर सीखा होता तो कई बार की शिकायत के बाद ये तस्वीर आज भी ऐसी ना आई होती ये शांति नगर माधवपुर दुबग्गा प्रोग्रेसिव स्कूल के पास लगे बिजली के खम्भे की तस्वीर है जो पूरी तरह से झुक गया है जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार पावर हाउस को सूचित भी कर दिया है मगर विभाग इतनी ज़हमत नही कर रहा कि नए लगे खंभे पर उसका तार शिफ्ट करा इस पुराने टेढ़े हो चुके खम्भे को यहाँ से हटवा दे क्योंकि इसके चलते किसी दिन कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है शायद विभाग इसी की बाट कर रहा है स्थानीय व्यक्ति विनोद उमेश ने बताया कि इसकी शिकायत उन्होंने कई बार पावर हाउस को किया है मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है अब ऐसे मे ये सवाल करना भी लाज़मी है कि क्या बिजली विभाग अपने काम को लेकर कभी संजीदा होगा भी या नही।

# ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**❒ बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, मस्जिदों के मुतवल्ली, थाना प्रभारी विजय सिंह वा समस्त चौकी प्रभारी एवं बीट प्रभारी मौजूद रहे**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाजार खाला, लखनऊ। आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना क्षेत्र में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीपी बाजार खाला ने की।

बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, मस्जिदों के मुतवल्ली, थाना प्रभारी विजय सिंह वा समस्त चौकी प्रभारी एवं बीट प्रभारी मौजूद रहे। इस दौरान त्योहार को लेकर गणमान्य लोगों द्वारा दिए गए आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देशों को गंभीरता से सुना गया।वही इस पूरे मौके पर नगर निगम व बिजली विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे और त्योहार को बेहतर और शांतिपूर्ण बनाने के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।

पुलिस प्रशासन की ओर से सभी लोगों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

# आईटी सिटी योजना में 300 किसानों को लॉटरी से मिले भूखण्ड

**❒ अधिकारियों ने किसानों के हाथों से स्वयं निकलवाई भू-खण्डों की पर्चियां**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना में जमीन देने वाले किसानों और भू-स्वामियों को शुक्रवार को लॉटरी के माध्यम से विकसित भूखण्ड आवंटित किए गए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के प्लूटो ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में 300 काश्तकारों को कुल 414 भूखण्ड दिए गए। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कराई गई।

लॉटरी की पर्चियां किसानों के हाथों से निकलवाई गईं, जिससे लोगों में भरोसा और उत्साह देखने को मिला। योजना के तहत विकसित भूखण्ड मिलने पर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने बताया कि सुलतानपुर रोड पर करीब 3490 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही आईटी सिटी आवासीय योजना के लिए जिन किसानों और भू-स्वामियों ने 10 अप्रैल 2026 तक अपनी जमीन का अनुबंध एलडीए के पक्ष में कराया था, उन्हें लैंड पूलिंग नीति के तहत प्राथमिकता के आधार पर भूखण्ड आवंटित किए गए। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के अनुसार लॉटरी में छह श्रेणियों के भूखण्ड शामिल थे। इनमें 288 वर्गमीटर के 141, 200 वर्गमीटर के 11, 162 वर्गमीटर के 17, 128 वर्गमीटर के 35, 72 वर्गमीटर के 77 और 35 वर्गमीटर के 133 विकसित भूखण्ड आवंटित किए गए। कार्यक्रम का यूट्यूब पर लाइव प्रसारण भी कराया गया। लॉटरी में सफल रहे किसानों और भू-स्वामियों ने एलडीए की व्यवस्था और पारदर्शी प्रक्रिया की सराहना की। कई लोग लाइव प्रसारण में अपना नाम देखने के बाद सीधे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंच गए। कार्यक्रम में एलडीए के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### जनगणना-2027: लखनऊ नगर निगम ने 8 जोनों में स्थापित किए 'जनगणना नियंत्रण कक्ष

लखनऊ। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकान गणना' के सफल संचालन हेतु लखनऊ नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए *नगर के सभी 8 जोनों में 'जनगणना नियंत्रण कक्ष' स्थापित किए गए हैं।अपर नगर आयुक्त/नगर जनगणना अधिकारी द्वारा जारी आदेश के क्रम में, ये नियंत्रण कक्ष दिनांक 22 मई, 2026 से 20 जून, 2026 तक क्रियाशील रहेंगे। इनका मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य से संबंधित जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण, सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं प्रगणकों को आवश्यक सहयोग* प्रदान करना है। प्रत्येक जोनल नियंत्रण कक्ष में एक वरिष्ठ लिपिक को प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। लखनऊ की जनता अपनी जनगणना संबंधी किसी भी समस्या, शिकायत या जानकारी के लिए सुबह 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सीधे संबंधित जोन के प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर सकती है।

# वाहन चेकिंग अभियान 40 बाइक, 5 कारों का किया चालान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। इन दोनों गोसाईंगंज में डी सी पी साउथ की ओर से मिले निर्देशों के अनुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 मई 2026 की शाम को गोसाईंगंज बस स्टॉप पर वाहन चेकिंग के कार्य को अंजाम दिया गया। वाहन चेकिंग के कार्य में 40 बाइक और 5 कारो का चालान किया गया।

गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में बिना हेलमेट ,तीन सवारी के साथ सफर करने वाले , के अलावा रॉग साइड यात्रा, यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले चालीस दो पहिया वाहनों के साथ बिना सीट बेल्ट के चल रहे 5 कार सवारों का चालान किया गया। इस मौके पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाता।चैकिंग का कार्य एस आई चरन सिंह, एस आई अवधेश कुमार, एस आई लाल सिंह और कांस्टेबल श्याम जी द्वारा सम्पन्न किया गया। इस मौके पर भारी मात्रा में फोर्स मौजूद रही।

### इंदिरा डैम में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

लखनऊ। राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा डैम में नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बीबीडी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे बीबीडी पुलिस को सूचना मिली कि इंदिरा डैम में नहाते समय एक युवक पानी में डूब गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बीबीडी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी प्रयास के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला गया। डूबे युवक की पहचान सूरज कुमार पुत्र राम स्वरूप निवासी सरायशेख, थाना बीबीडी, जनपद लखनऊ उम्र करीब 28 वर्ष के रूप में हुई। उस समय युवक की सांस चल रही थी, जिसके बाद उसे आनन-फानन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन अस्पताल और मौके पर मौजूद रहे। पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# आईपीएम तकनीक अपनाकर किसान बन रहे है सशक्त: डॉ. आर. थंगावेलू

❐ कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया एवं एनआरआईआईपीएम के संयुक्त प्रयास से ग्रामीणों को मिला तकनीकी सहयोग

❐ अनुसूचित जाति उप योजनांतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों का वितरण*

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । कृषि विज्ञान केन्द्र-2, कटिया, सीतापुर द्वारा अनुसूचित जाति उप योजनांतर्गत आईसीएआर-राष्ट्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान संस्थान (एनआरआईआईपीएम), नई दिल्ली के सहयोग से अंगीकृत ग्राम अमरापुर (विकास खंड-परसेंडी) एवं कमुवां (विकास खंड-बिसवां) में कृषकों एवं ग्रामीण वासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कृषि यंत्रीकरण एवं तकनीकी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संबंधित कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) क्रमशः हुनरमंद एफपीओ एवं बिसवां अन्नदाता प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्रामीण कृषकों, महिला कृषक समूहों एवं कृषि उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान किसानों की मांग एवं स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सोलर ड्रायर, मल्टी क्रॉप थ्रेसर, रीपर



बाइंडर, कृषि कियोस्क, स्प्रेयर सहित विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्र एवं उपकरण वितरित किए गए। वैज्ञानिकों ने बताया कि इन उपकरणों के उपयोग से फसलों की कटाई, मड़ाई एवं प्रसंस्करण कार्य कम समय में कम लागत पर किया जा सकेगा, जिससे किसानों की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि होगी। सोलर ड्रायर के माध्यम से फल, सब्जियों एवं कृषि उत्पादों का सुरक्षित प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन संभव होगा, जबकि रीपर बाइंडर एवं मल्टी क्रॉप थ्रेसर श्रम एवं समय की बचत के साथ कृषि कार्यों को अधिक प्रभावी बनाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. आर. थांगावेलू ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों एवं कृषि यंत्रीकरण का समावेश वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति उप योजनांतर्गत किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों एवं संसाधनों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से समेकित नाशीजीव प्रबंधन तकनीकों को अपनाने का आह्वान करते हुए रासायनिक दवाओं के संतुलित एवं सुरक्षित उपयोग पर भी बल दिया। एनआरआईआईपीएम, नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. निरंजन एवं डॉ. मीनाक्षी मलिक ने किसानों को समेकित नाशीजीव प्रबंधन, जैविक एवं यांत्रिक नियंत्रण उपायों तथा फसल संरक्षण तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर किसान फसलों में कीट एवं रोग प्रकोप को नियंत्रित कर सकते हैं तथा उत्पादन लागत को कम कर बेहतर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# मिश्रिख में 84 कोसीय परिक्रमा मेला भूमि को लेकर सौंपा गया पांच सूत्रीय ज्ञापन

❐ ज्ञापन में मेला मैदान की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण, अतिक्रमण एवं कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की गयी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख, सीतापुर। विश्व प्रसिद्ध महर्षि दधीचि की पावन धरती मिश्रिख में आयोजित होने वाले 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला मैदान की भूमि को लेकर स्थानीय लोगों एवं समाजसेवियों द्वारा उपजिलाधिकारी मिश्रिख के माध्यम से मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मेला मैदान की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण, अतिक्रमण एवं कथित अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मेला मैदान में अनंत वर्षों से धार्मिक एवं पौराणिक मेले का आयोजन होता चला आ रहा है, लेकिन वर्तमान में गाटा संख्या 972 की भूमि पर बाउंड्रीवाल कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित बताया गया है।ज्ञापनकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ऐतिहासिक एवं पौराणिक मेला मैदान में कथित रूप से अवैध तरीके से पट्टा, एग्रीमेंट एवं रजिस्ट्री की गई है, जिसके आधार पर अतिक्रमण बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि महर्षि दधीचि के नाम पर लगने वाले 84 कोसीय एवं पंच कोसीय मेला क्षेत्र की भूमि का सीमांकन कराकर उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि परंपरागत रूप से मेला एवं परिक्रमा का आयोजन होता रहे।ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि मेला मैदान एवं परिक्रमा से संबंधित सभी वैध और अवैध पट्टों तथा एग्रीमेंट की 1359 फसली अभिलेखों से मिलान कर निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण या अतिक्रमण न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाने की मांग की गई।इस दौरान कई स्थानीय लोग एवं समाजसेवी मौजूद रहे। ज्ञापन पर विभिन्न लोगों के हस्ताक्षर भी दर्ज रहे।

## हाई टेंशन जर्जर तार के टूटने से एक महिला की हुई दर्दनाक मौत

सीतापुर। परसेंडी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया ग्राम उल्कापुर पचपखारी में 11000 वोल्ट का हाई टेंशन तार टूट कर जमीन पर टूट कर गिर गया जिसकी वजह से लगभग 60 वर्षीय महिला रामप्यारी पत्नी मल्लू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई महिला शौचालय जा रही थी। तभी यह घटना घटित हो गई परिजनों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं ।उनका कहना है ।कि क्षेत्र में जर्जर तारों को बदलवाने के लिए कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं ।लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया इसी लापरवाही के कारण रामप्यारी को अपनी जान गंवानी पड़ी घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला ने घटनास्थल का जायजा लिया और पंचनामा भरकर सव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया बिजली विभाग के एसडीओ अचल मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और जर्जर तारों को बदलवाने का आश्वासन दिया है ।रामप्यारी के परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है ।

# मकान गणना एवं मकान सूचीकरण का कार्य शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में आगामी जनगणना की तैयारियों के तहत आज 22 मई से 20 जून तक मकान गणना एवं मकान सूचीकरण कार्य शुरू किया गया। अभियान के तहत घर-घर जाकर मकानों से संबंधित आवश्यक विवरण एकत्रित किए जाएंगे, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए अद्यतन आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आवास की मकान गणना एवं सूचीकरण कार्यवाही संपन्न कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रगणक हिमांशु द्वारा मकान नम्बर प्रदान किए तथा सुपरवाइजर कुसुम उपस्थित रहीं। मौके पर सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, जनगणना प्रभारी अनुराग सिंह, डीआईओ एनआईसी जय शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम वित्त एवं राजस्व/ जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि मकान गणना एवं मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कराया



जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे गणना कार्य में लगे कर्मचारियों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि यह महत्वपूर्ण अभियान समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

## किशोरी से अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।19 मई को थाना कोतवाली पर एक महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 17 मई को उसकी 14 वर्षीय पुत्री चाट खाने अजीजगंज तिराहे पर गई थी। इसी दौरान अस्पताल के पीछे बालाजी कालोनी का रहने वाले अंकित कनौजिया अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर उसकी पुत्री को ले गया और उसकी पुत्री से अश्लील हरकतें कीं। इसके बाद अंकित ने उसकी पुत्री को रात करीब 09 बजे अजीजगंज तिराहे पर छोड़ दिया। जानकारी मिलने पर उसके पति ने विरोध किया, तो अंकित ने उसके पति के साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अंकित कनौजिया के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अंकित कनौजिया निवासी आनंद विहार कॉलोनी को बरेली मोड़ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अंकित को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक जोगेन्द्र सिंह के साथ हेड कास्टेवल मुनिम मलिक आदि मौजूद रहे।

## पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, फिर खुद भी फांसी के फंदे पर झूला

महमूदाबाद, सीतापुर। जनपद सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र में दिल दहला देने वाली यह वारदात सामने आई है, जहां घरेलू विवाद ने इतना भयावह रूप ले लिया कि एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी। पूरे गांव में इस घटना के बाद सनसनी और मातम का माहौल है।थाना थानगांव क्षेत्र के ग्राम ईशरौली में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ही घर के अंदर पति-पत्नी की मौत की खबर सामने आई।प्राप्त जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के चलते पति दीपक पुत्र गोबरे ने अपनी पत्नी छाया पर धारदार हथियार बांके से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में छाया गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के दौरान घर के अंदर से चीख-पुकार और शोरगुल की आवाजें आ रही थीं। आवाज सुनकर दीपक की मां दौड़कर अंदर पहुंची तो उसने देखा कि उसका बेटा अपनी पत्नी पर लगातार वार कर रहा था। यह भयावह मंजर देखकर मां घबरा गई और मदद के लिए गांव की ओर दौड़ पड़ी। जब तक परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आंगन में चारपाई पर छाया का लहूलुहान शव पड़ा था, जबकि कमरे के अंदर दीपक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

# चोरी के माल समेत अभियुक्त गिरफ्तार

❐ पुलिस ने विवेचना के दौरान 13 मई को अभियुक्त अनूप उर्फ नन्हेलाल निवासी ग्राम रौसर कोठी थाना रामचन्द्र मिशन को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने चोरी के माल समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 24 अप्रैल को थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र की एक महिला ने घर से एक टच स्क्रीन मोबाइल फोन, एक की-पैड मोबाइल फोन और 02 घरेलू गैस सिलेंडर चोरी करने की रिपोर्ट अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान 13 मई को अभियुक्त अनूप उर्फ नन्हेलाल निवासी ग्राम रौसर कोठी थाना रामचन्द्र मिशन को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी क्रम में बीती रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रौसर कोठी




चैराहा से अभियुक्त विवेक पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम रौसर कोठी को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त विवेक ने बताया कि 24 अप्रैल की रात उसने अपने साथी अनूप उर्फ नन्हेलाला के साथ मिलकर रौसर कोठी के पास चैढ़ेरा में दो मोबाइल फोन एवं दो घरेलू गैस सिलेंडर चोरी किए थे। दोनों ने आपस में चोरी किए गए सामान को बांट लिया था। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी किया गया 01 गैस सिलेंडर और 01 मोबाइल फोन बरामद किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विवेक को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना आरसी मिशन के उपनिरीक्षक दीपू सिंह के साथ कास्टेवल यतेद्र कुमार, रिक्रूट कास्टेवल ईश्वर कुमार मौजूद रहे।

# आईवीएस अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया जवान आसिफ अख्तर का मान

❐ चुनाव ड्यूटी में शानदार कार्य पर जवान आसिफ अख्तर का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान आसिफ अख्तर को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विधानसभा निर्वाचन-2026 के दौरान बेहतरीन ड्यूटी निभाने पर प्रदान किया गया।

बताया गया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान आसिफ अख्तर ने विपरीत परिस्थितियों में भी शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। उनकी सूझबूझ, नेतृत्व क्षमता और तत्परता की सराहना करते हुए 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी के सेनानायक आईपीएस अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर



सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया कि आसिफ अख्तर ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ किया। जिससे चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी।सम्मान मिलने पर विभागीय अधिकारियों और साथी कर्मियों ने खुशी जताई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से क्षेत्र और विभाग में खुशी का माहौल है।

# घटिया सामग्री से कराया जा रहा आरसीसी रोड का निर्माण का कार्य

❐ बिना प्राक्कलन बोर्ड लगाए हो रहा कार्य एवं जम किया जा रहा है भ्रष्टाचार

रामकोट, सीतापुर। ब्लॉक खैराबाद की ग्राम पंचायत रामकोट में आरसीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क बनाने में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें पीला ईंट व निम्न गुणवत्ता की गिट्टी, बालू और सीमेंट शामिल है।

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण स्थल पर कोई भी सक्षम अधिकारी मौजूद नहीं रहता, जिसके कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से काम करवा रहे हैं। सड़क निर्माण में न तो निर्धारित मानकों का पालन हो रहा है और न ही मिश्रण की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। उनका दावा है कि यह सड़क कुछ ही महीनों में खराब हो जाएगी।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पंचायत की अधिकांश गलियों में निर्माण कार्यों की यही स्थिति है अधिकारी इन शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, और शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती खंड विकास अधिकारी ने बताया कि यह कार्य संज्ञान में आई है और मामले की जांच कराई जाएगी और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थल की तकनीकी जांच कराई जाए। उन्होंने सार्वजनिक धन की बर्बादी रोकने के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी अपील की है।

## उरई की घटना को लेकर वैश्य समाज में आक्रोश, दोषी डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

बिसवां, सीतापुर। व्यापारी नेता एवं पत्रकार मोहित जायसवाल के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने उरई में हुई मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।पत्रकारों से रूबरू होते हुए डॉ. सुमंत गुप्ता ने कहा कि उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में श्री बृजकिशोर गुप्ता एवं उनके पुत्र के साथ करीब तीन सौ जूनियर एवं सीनियर डॉक्टरों द्वारा कथित रूप से की गई बर्बर मारपीट बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को समाज में भगवान का दूसरा रूप माना जाता है, लेकिन जिन हाथों में स्टेथोस्कोप होना चाहिए, उनमें यदि मारपीट और हिंसा के दृश्य दिखाई दें तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।उन्होंने कहा कि इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है तथा वैश्य समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। डॉ. गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मांग करते हुए कहा कि घटना में शामिल सभी जूनियर एवं सीनियर डॉक्टरों के खिलाफ धारा 307 सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।उन्होंने जिला प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों को चिन्हित कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि समाज किसी भी कीमत पर ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा।इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित दास गुप्ता सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबा छोटेलाल लाल बाल विद्यालय रामा भारी का वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किया गया।इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि रामगोपाल वर्मा पूर्व प्रधानाध्यापक एवं प्रगतिशील कृषक ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की धुरी है।हमारे



आज के क्षात्र ही कल के भारत के भविष्य हैं। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डा. लतीफ अहमद ने सभी बच्चों को टिफिन देते हुए कहा सभी अभिभावक अपने पाल्यों के शिक्षा व स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दें। विद्यालय प्रबंधक साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने अपने संबोधन में कहा शिक्षा का अर्थ केवल ज्ञानवान अथवा विद्वान होना ही नहीं वरन संस्कारवान होना भी है। संस्कार हमे अच्छा विवेकवान मनुष्य बनाते हैं। हम अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र की प्रगति में सहायक बने तभी हमारा देश विश्व गुरु के रुप में पुनः प्रतिष्ठित होगा। विद्यालय के सह व्यवस्थापक रामनरेश मौर्य पुजारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रधानाध्यापक अश्विनी कुमार श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। विद्यालय प्रबंधसमित के सचिव रमेश चंद्र मौर्य मुन्ना, सहायक अध्यापिका आश्मा खातून ,दीपू चौहान, आदर्श मौर्य की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

## सीतापुर हादसे में मची चीख-पुकार, डीएम-एसपी ने मौके पर संभाला मोर्चा

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोंदलामऊ में दर्दनाक हादसा, बाइक को टक्कर मारने के बाद खाई में गिरी बस मिश्रिख।विकास खंड गोंदलामऊ के बरगदिया गांव के समीप प्राइवेट बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिस कारण प्राइवेजट बस अनियंत्रित होकर खाई में पटल गयी। मौके पर



जिलाधिकारी सीतापुर डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल तत्काल घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा मौके पर संचालित राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को घायलों को तत्काल समुचित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। दुर्घटना में 02 लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा एवं 03 घायलों को जिला अस्पताल सीतापुर भेजा गया, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल 01 व्यक्ति को बेहतर उपचार हेतु तत्काल लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सीएचसी मछरेहटा एवं जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की गई तथा चिकित्सकों को सभी घायलों का प्राथमिकता के आधार पर समुचित एवं बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

❐ जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं उनकी पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आरएफआईडी युक्त आईडी कार्ड जारी किए जाने की घोषणा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में जनपद स्तरीय श्रीमद् भागवत गीता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार की उपस्थिति में हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं उनकी पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आरएफआईडी युक्त आईडी कार्ड जारी किए जाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका जागृति वर्ष 2025-26 का विमोचन भी किया और कहा कि पत्रिका विद्यार्थियों के ज्ञान,



सृजनशीलता एवं व्यक्तित्व विकास को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगी। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के विजेताओं के अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने पृथक से एक हजार प्रोत्साहन राशि दिए जाने की घोषणा की। इस दौरान कक्षा 01 से 05 तक श्लोक गायन प्रतियोगिता, कक्षा 06 से 08 वर्ग की प्रतियोगिता, कक्षा 09 से 12 वर्ग की निबंध प्रतियोगिता, ओपन वर्ग की भाषण एवं व्याख्यान प्रतियोगिता, चित्रकला एवं पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। डीएमने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को एक-एक हजार रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन प्रेमशंकर सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# अभियान के तहत 626 वाहनों के किए चालान, 02 एम्बुलेंस सीज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। यातायात पुलिस, थाना कोतवाली पुलिस और पीटीओ की संयुक्त टीम ने सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए बीती रात नेशनल हाईवे, जिला अस्पताल के आसपास सहित अन्य जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चारपहिया व दुपहिया वाहनों के 14 चालान ड्रंकन ड्राईविंग, 02 चालान मॉडिफाइड साइलेंसर, 15 चालान प्रेशर हॉर्न व हूटर सहित कुल 626 चालान एमवी एक्ट के तहत किए।

साथ ही फिटनेस की वैधता समाप्त होने के कारण 02 एम्बुलेंस को भी सीज किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन करना न केवल कानूनी रूप से अनिवार्य है, बल्कि यह आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है। बताया कि जनपद पुलिस द्वारा इस प्रकार का चेकिंग अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

## मिश्रिख में 84 कोसीय परिक्रमा मेला भूमि को लेकर सौंपा गया पांच सूत्रीय ज्ञापन

**मिश्रिख, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व प्रसिद्ध महर्षि दधीचि की पावन धरती मिश्रिख में आयोजित होने वाले 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला मैदान की भूमि को लेकर स्थानीय लोगों एवं समाजसेवियों द्वारा उपजिलाधिकारी मिश्रिख के माध्यम से मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मेला मैदान की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण, अतिक्रमण एवं कथित अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि मेला मैदान में अनंत वर्षों से धार्मिक एवं पौराणिक मेले का आयोजन होता चला आ रहा है, लेकिन वर्तमान में गाटा संख्या 972 की भूमि पर बाउंड्रीवाल कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित बताया गया है।ज्ञापनकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ऐतिहासिक एवं पौराणिक मेला मैदान में कथित रूप से अवैध तरीके से पट्टा, एग्रीमेंट एवं रजिस्ट्री की गई है, जिसके आधार पर अतिक्रमण बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि महर्षि दधीचि के नाम पर लगने वाले 84 कोसीय एवं पंच कोसीय मेला क्षेत्र की भूमि का सीमांकन कराकर उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि परंपरागत रूप से मेला एवं परिक्रमा का आयोजन होता रहे।ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि मेला मैदान एवं परिक्रमा से संबंधित सभी वैध और अवैध पट्टों तथा एग्रीमेंट की 1359 फसली अभिलेखों से मिलान कर निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण या अतिक्रमण न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाने की मांग की गई।इस दौरान देवेश पांडे मंडल अध्यक्ष भाजपा अंकित शुक्ला सभासद संदीप राजवंशी सभासद भास्कर मिश्रा देवेंद्र नंदवंशी सभासद आदि लोग एवं समाजसेवी मौजूद रहे। ज्ञापन पर विभिन्न लोगों के हस्ताक्षर भी दर्ज रहे।

# सड़क हादसों में घायलों को बड़ी राहत: अब 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मुफ्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के आंकड़े कम करने और घायलों को बिना किसी देरी के चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए एक बेहद अहम कैशलेस इलाज योजना लागू की जा रही है। संभल के एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164बी के तहत स्थापित 'मोटर वाहन दुर्घटना कोष' के जरिए अब सड़क हादसे के शिकार प्रत्येक व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मुफ्त मिलेगा। यह जीवन रक्षक सुविधा दुर्घटना के दिन से अधिकतम 7 दिनों तक लागू रहेगी।

सबसे अहम बात यह है कि दुर्घटना करने वाले वाहन का बीमा हो या न हो, घायल व्यक्ति का इलाज नहीं रुकेगा; इसका पूरा खर्च सरकार और बीमा कंपनियां उठाएंगी। यह योजना मुख्य रूप से पीएमजेएवाई में सूचीबद्ध अस्पतालों में मिलेगी, जिसकी पूरी प्रक्रिया को टीएमएस 2.0 और ई-डार पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है।

- सात दिन तक मिलेगी सुविधा, बीमा हो या न हो, इलाज का खर्च उठाएगी सरकार और इंश्योरेंस कंपनी 10 दिन में क्लेम सेटलमेंट की गारंटी
- पुलिस वेरिफिकेशन के लिए 24 से 48 घंटे की सख्त डेडलाइन, देरी होने पर डीजीपी तक पहुंचेगा मामला

### बिना पुलिस के पहुंचने पर भी तुरंत शुरू होगा इलाज

हादसे के बाद यदि घायल व्यक्ति बिना पुलिस की मदद के सीधे अस्पताल पहुंचता है, तो भी इलाज में कोई कागजी अड़चन नहीं आएगी। जानलेवा या गंभीर चोट के मामलों में अस्पताल तुरंत पूरा इलाज शुरू कर देगा और टीएमएस पर घायल व्यक्ति की सूचना भरेगा जो स्वतः ई डार पर प्रदर्शित होगा, जिसे संबंधित थानाध्यक्ष देख सकेगा। वहीं, सामान्य चोट के मामलों में अस्पताल तुरंत 'स्टेबलाइजेशन' (प्राथमिक) इलाज शुरू करेगा और ई-डार पर पुलिस की पुष्टि के बाद आगे का फुल ट्रीटमेंट किया जाएगा। घायल की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ई-डार पर एक विशेष 'विक्टिम आईडी' जनरेट करेगी जिसे अस्पताल के डेटा से लिंक किया जाएगा।

### पुलिस वेरिफिकेशन के लिए 24 घंटे की डेडलाइन

इस पूरी योजना में पुलिस की भूमिका को बेहद जवाबदेह और समयबद्ध बनाया गया है। जानलेवा और गंभीर चोट के मामलों में पुलिस को महज 48 घंटे के भीतर ई-डार पोर्टल पर दुर्घटना का वेरिफिकेशन करना होगा। अन्य सामान्य मामलों में यह समयसीमा अधिकतम 24 घंटे तय की गई है। यदि संबंधित थाना या अधिकारी इस तय समय में वेरिफिकेशन नहीं करते हैं, तो सिस्टम के जरिए यह मामला स्वतः ही डीजीपी के लॉग-इन में एस्केलेट हो जाएगा। यदि ई-डार पर केस रिजेक्ट होता है, तो मरीज को योजना से बाहर कर दिया जाएगा और इलाज का खर्च उसे स्वयं उठाना होगा।

### 10 दिन में क्लेम का 'ऑटो-अप्रूवल' और भुगतान

अस्पताल द्वारा मरीज के डिस्चार्ज होने के बाद क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया बेहद तेज होगी। स्टेट हेल्थ एजेंसी डेटा फिल्टर करके यह तय करेगी कि दुर्घटना करने वाले वाहन का बीमा है या नहीं। यदि वाहन बीमित है, तो क्लेम का भुगतान 'जनरल इंश्योरेंस काउंसिल' के जरिए किया जाएगा। यदि वाहन का बीमा नहीं है, तो भुगतान जिलाधिकारी के माध्यम से होगा, जो केंद्र सरकार के बजटीय समर्थन वाले पीएफएमएस अकाउंट से होगी। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि यदि 10 दिनों के भीतर जीआई काउंसिल या जिलाधिकारी की तरफ से कोई जवाब नहीं आता है, तो सिस्टम क्लेम को 'डीम्ड अप्रूवल' (स्वतः स्वीकृत) मानकर अस्पताल को भुगतान कर देगा।

# 2027 में अखिलेश यादव को बनाए मुख्यमंत्री :आबिद रज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रज़ा लगातार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर पीडीओ का प्रचार लगातार पूरे जिले बदायूं में कर रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने 116 शेखुपुर विधानसभा के ग्राम चंदपुरा, अलई नगला, झझरऊ, अजरऊ में पीडीए के प्रचार के लिए जनसभा की।

आबिद रज़ा की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी तथा हार फूलों से ग्रामवासियों ने आबिद रज़ा का स्वागत किया। चंदपुरा जाते समय ककराला में माजिद खां सभासद ने अपने लगभग 300 साथियों के साथ पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का फूल माला डालकर भव्य स्वागत किया। सभी गांव की जनता ने आबिद रज़ा से शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया और कहा जब से समाजवादी पार्टी बनी है, हमने हमेशा सपा को साइकिल को वोट दिया है। चार बार सपा की सरकार बन चुकी लेकिन हमारे गांव की सड़कों में अभी भी गड्ढे है। हमारे गांव में कोई विकास नहीं हुआ है। ग्राम बिरिया डांडा से अलई नगला तक का रोड आज भी कच्चा है। अपने विधायक से हम कहते कहते थक गए लेकिन आज तक पक्का रोड विधायक जी नहीं बनवा सके। हम गांव वाले एक तरफा 95 प्रतिशत साईकल को वोट देते हैं। लेकिन विधायक बनने के बाद हमारे गांव में विकास के बारे में कोई नहीं सोचता। ग्रामवासियों ने एक राय होकर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से कहा हमने सुना भी है और देखा भी है कि आप जब बदायूं के विधायक थे तब आपने बदायूं का बहुत विकास कराया था। आप काम करने वाले व्यक्ति है, आप अपने लोगों की लड़ाई भी मजबूती से लड़ते है। हमें आप जैसा नेता ही चाहिए। हम सब ग्रामवासी का मानना है कि अगर आबिद रज़ा साहब आप शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ोगे तो शेखुपुर विधानसभा की सपा की सीट बच जाएगी वरना जो इस इलाके से चुनाव लड़ते हैं उनका आज तक राजनैतिक रिकॉर्ड है वह एक बार चुनाव जीतते है एक बार हारते है, कभी दुबारा चुनाव नहीं जीतते है। इसलिए हम सब की आबिद रज़ा साहब से मांग है कि आप ही शेखुपुर विधानसभा से जीत सकते हो।पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा हम पूरे जिले में का प्रचार करने निकले है। 2027 में हर हाल में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। रही बात आपकी टूटी सड़कों की 2027 के बाद आपके इलाके में ऐतिहासिक विकास होगा। कोई सड़क टूटी नहीं रहेगी। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ दलवीर यादव, बदन सिंह यादव,, अमन यादव, हर्षित यादव, सुनील यादव, मेघ सिंह शाक्य, लाल सिंह शाक्य, फौजी शाक्य, शाहिद, साबिर, शमशाद, अफरोज,अशफाक, बन्टी, मुख्तियार, किशवर, आज़ाद खान, तसब्बर, मुन्ने खान, अरशद जहांगीर, इरफान अंसारी, शमशाद अंसारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

# रजिस्ट्री कार्यालय से लाखों रुपए उड़ा ले गए चोर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित रजिस्ट्री ऑफिस से चोर लाखों रुपए की नगदी दिनदहाड़े उड़ा ले गए। वहीं आपको बता दे कि थाना उझानी क्षेत्र कछला निवासी विवेक रजिस्ट्री कराने रजिस्ट्री कार्यालय आए थे, करीब 3:30 बजे लाखों रुपए की नगदी दिनदहाड़े चोर उड़ा ले गए। वहीं मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को सुबह से शाम तक करीब 50 से अधिक कमरे देखें और चोर को पकड़ने का हर संभव पुलिस प्रयास कर रही है। वहीं इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल कर रहे हैं और जल्दी चोर की तलाश कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील चंदौसी के ग्राम पतरौआ में तालाब से अवैध कब्जे को कराया गया मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहजोई , सम्भल । जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल द्वारा बुधवार को जनपद में चक मार्गों एवं तालाबों पर से अवैध कब्जे हटाने के संबंध में समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ एक गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को , चक मार्गों एवं सरकारी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे।

जिलाधिकारी ने जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए । इसी क्रम में उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी के निर्देशन में चंदौसी तहसील के अन्तर्गत तहसीलदार चंदौसी रविन्द्र विक्रम एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम पतरौआ में स्थित गाटा संख्या 329-क, जो लगभग 32 बीघा क्षेत्रफल का तालाब है, का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि तालाब के कुछ हिस्से में कूड़ा एवं घूर डाला जा रहा था, जिससे तालाब का वास्तविक रकबा प्रभावित हो रहा था। तहसीलदार द्वारा ग्रामवासियों की उपस्थिति में तालाब की पैमाइश कराते हुए संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही ग्रामवासियों को तालाबों की उपयोगिता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

तहसीलदार चंदौसी ने कहा कि तालाब जल संचयन के महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं। वर्षा ऋतु के दौरान तालाबों के संरक्षित रहने से गाँवों में जलभराव की समस्या कम होगी तथा वर्षा जल का सुचारु रूप से संचयन हो सकेगा। इसके अतिरिक्त तालाबों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में तालाबों एवं चक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इनके चिन्हीकरण एवं संरक्षण की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

### वर्कशॉप में खड़ी स्कूल बस में लगी आग

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के एक प्राइवेट स्कूल की बस में दोपहर के समय आग लग गई। गनीमत रही है कि उस वक्त में बस उझानी रोड स्थित एक वर्कशॉप में खड़ी थी। जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग की लपटों ने कुछ ही देरी में पूरी बस को अपनी आगोश में ले लिया। आग लगने पर आसपास खड़े वाहनों को लोगों ने हटाना शुरू कर दिया। लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

### इस्लामनगर मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने मांगी रिपोर्ट, लापरवाह पुलिसकर्मी पर होगी कार्रवाई

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



इस्लामनगर कस्बे में किसान निजाकत अली के घर डकैती की हुई सनसनीखेज वारदात ने जिले की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। इसके बाद जल्द खुलासे के दबाव में जुटी पुलिस कच्छा-बनियान गिरोह का ही हाथ मानकर जांच कर रही है। इससे यह भी सामने आया है कि पुलिस को चकमा देने के लिए बदमाशों ने बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि डकैत बाइक से आए थे और पूरी वारदात के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल तक नहीं किया। बाइकें घटना स्थल के समीप उर्स वाले स्थान पर खड़ी की थीं। यह भी माना जा रहा है कि इन बदमाशों के पास कोई चार पहिया वाहन भी रहा होगा, जो काफी दूर खड़ा किया गया। बदमाश शाम को ही खेत में बैठ गए। बीयर पी और जब सन्नाटा हुआ तो वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। इससे साफ माना जा रहा है कि गिरोह बेहद शातिर और संगठित तरीके से काम कर रहा था। पुलिस को आशंका है कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश संभल जनपद की ओर भागे। जहां घटना हुई है वहां से करीब चार किलामीटर दूर गंगा एक्सप्रेसवे है। जबकि दो सौ मीटर दूर बिसौली रोड है। संभल जिले का बार्डर भी करीब है। सर्विलांस टीम लगातार आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी के वीडियो फुटेज खंगाल रही है। करीब सौ से अधिक कैमरे खंगाले जा चुके है। पुलिस को कुछ संदिग्ध गतिविधियों के इनपुट भी मिले हैं। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट तलब कर ली है। वहीं पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है। एसएसपी के निर्देश पर पांच विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं, जबकि डीआईजी स्तर से पूरे घटनाक्रम की मॉनिटरिंग की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर जल्द कार्रवाई भी हो सकती है। वहीं इस वारदात में शामिल बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें अब तक की पड़ताल के आधार संभल, मुरादाबाद, लखीमपुर, शाहजहांपुर समेत कई जिलो में दबिश दे रही है। बुधवार को पूरी रात इन जगहों पर दबिश दी गई। 20 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस बीच परिवार की सुरक्षा को देखते हुए घर पर दो सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी कर दी गई है, जिनमें एक महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। जिले के कानून व्यवस्था अब भगवान भरोसे रह गई है। क्योंकि मंडल स्तर और जिले स्तर पर और लखनऊ स्तर पर इस प्रकार की गूंज है। वहीं सूत्रों की माने तो लापरवाह पुलिस कर्मियों पर गाज गिरना तय है।

### कचहरी में तारीख पर आई महिला को पीटा, पांच पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन स्थित कचहरी में चार दिन पहल तारीख पर आई महिला को कुछ लोगों ने घेर लिया और उसकी पिटाई की। आरोप है कि मुकदमा वापस नहीं लेने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी है। थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना ने बताया कि मामले में शुक्रवार को पांच आरोपितों पर केस दर्ज को जांच शुरू कर दी गई है।भोजपुर के पीपलसाना आंगा निवासी मुनव्वरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 मई को मुकदमे की तारीख पर कचहरी आई थी। शाम करीब साढ़े चार बजे वह कचहरी से घर लौट रही थी। इसी दौरान भोजपुर के पीपलसाना निवासी लड्डन, उसका भाई खालिद, आरिफ और भूरा आ गए और उन्होंने महिला को घेर लिया। मुकदमा वापस न लेने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। शुक्रवार को मामले में आरोपित लड्डन, खालिद, आरिफ और भूरा पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### सोशल मीडिया पर बाल यौन उत्पीड़न सामग्री विक्रेता को पांच वर्ष की सजा, डेढ़ लाख अर्थदंड

**झांसी,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के झांसी की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-3 के न्यायाधीश कनिष्क कुमार की अदालत ने मासूम बच्चों के यौन उत्पीड़न से जुड़ी वीडियो और फोटो सामग्री सोशल मीडिया के माध्यम से देश-विदेश में प्रसारित करने के मामले में आरोपित को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास और 1.50 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।आरोपित के खिलाफ मुकदमा सीबीआई की भ्रष्टाचार निवारण शाखा गाजियाबाद द्वारा दर्ज कराया गया था।मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक शोभित सिंह एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी तेजसिंह गौर ने बताया कि सीबीआई को सूचना मिली थी कि भारत सहित विदेशों में सक्रिय एक गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बाल यौन उत्पीड़न से संबंधित वीडियो, फोटो और अन्य आपत्तिजनक सामग्री साझा कर रहा है।जांच के दौरान एक मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपित की पहचान झांसी जनपद की गरौठा तहसील के एरच रामगंज मोहल्ला निवासी रामजी पुत्र लक्ष्मी प्रसाद के रूप में हुई। सीबीआई टीम ने छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में बाल यौन उत्पीड़न संबंधी वीडियो, सीडी, सोशल मीडिया लिंक और अन्य डिजिटल सामग्री बरामद की गई थी।सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपित के कृत्य को गंभीर और समाज विरोधी बताते हुए कठोर सजा की मांग की। अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपित को दोषी मानते हुए पांच वर्ष के कारावास और डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### बाइक सवार युवकों पर हमला, विरोध करने पर मारी गोली

**हमीरपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मुस्करा थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन युवकों पर अज्ञात हमलावर ने लाठी से हमला कर दिया। विरोध करने पर हमलावर ने तमंचे से गोली चला दी, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज मुस्करा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।घटना बंडवा-भैंसाय मार्ग की है। भैंसाय गांव निवासी सत्येंद्र, संतराम और उनका एक अन्य पारिवारिक सदस्य मुस्करा से बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी चलती बाइक पर लाठी से हमला कर दिया। हमले के बाद बाइक रुकने पर सत्येंद्र ने विरोध किया, जिस पर हमलावर ने तमंचे से गोली चला दी। गोली सत्येंद्र के गले के दाहिने हिस्से में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़े।

# स्व-गणना चरण सम्पन्न, 43,813 स्व-गणनाएं पूर्ण की गईं

- 6082 प्रगणकों द्वारा किया जाएगा फील्ड वर्क, प्रत्येक प्रगणक औसतन 150 मकानों का करेगा सर्वेक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनगणना 2027 के अंतर्गत जनपद बदायूं में स्व-गणना का चरण 07 मई 2026 से प्रारम्भ होकर 21 मई 2026 की मध्यरात्रि तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस अवधि में जनपद में कुल 43,813 स्व-गणनाएं पूर्ण की गईं, जो नागरिक सहभागिता एवं जन-जागरूकता का सकारात्मक उदाहरण है।

अब जनगणना कार्य के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के अंतर्गत वास्तविक फील्ड कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस कार्य हेतु जनपद में कुल 6082 प्रगणकों की तैनाती की गई है। प्रत्येक प्रगणक द्वारा औसतन लगभग 150 मकानों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं परिवार संबंधी आवश्यक विवरण एकत्रित करेंगे।

जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें। जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, सरकारी नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना का प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक होगी। जिन्होंने पहले ही स्व गणना कर ली है उन्हें अपना 11 अंकों की एसईआईडी (स्वगणना आईडी) बतानी होगी। प्रगणक एसईआईडी दर्ज कर जानकारी का सत्यापन कर लेंगे।

### निर्माण कार्य के दौरान मारपीट, जान से मारने की दी धमकी




रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के वार्ड-6 पूरे चूनू निवासी एक युवक ने निर्माण कार्य के दौरान मारपीट, गाली-गलौज और दीवार गिराने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने कोतवाली महराजगंज में तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड-6 निवासी आयुष कुमार पुत्र जगदीप कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 21 मई 2026 को अपने प्लाट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी रामनरेश पुत्र बाबूलाल, संतोष कुमार पुत्र रामनरेश, रामअभिलास उर्फ मोनू तथा प्राती पत्नी आशीष कुमार निवासी पूरे चूनू मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ ही निर्माणाधीन दीवार को भी गिरा दिया गया। आरोप है कि जाते समय विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली महराजगंज पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने की बैंकों की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहजोई, सम्भल। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में बैंकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत वार्षिक क्रेडिट प्लान को लेकर चर्चा की गयी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई में जनपद में अच्छा कार्य करने की आवश्यकता है। कृषि क्षेत्र के अन्तर्गत फूलों की खेती एवं अन्य क्षेत्र में बहुत सम्भावनाएँ हैं गंगा एक्सप्रेसवे के संचालित हो जाने से बहुत सुविधा प्राप्त होगी इसका लाभ उठाना चाहिए। एजुकेशन लोन पर भी ध्यान दिया जाए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बैंकों में लंबित आवेदन की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खादी ग्रामोद्योग योजना तथा पीएम स्व निधि, एन आर एल एम एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लंबित आवेदनों पर बैंक वार चर्चा की गयी । मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों पर विशेष फोकस रखा जाए। पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को शील्ड देकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके उपरांत पंचायती राज विभाग लेखा परीक्षा ऑडिट के संबंध में बैठक की गयी। 2011-12 से 2023-24 तक जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें सम्भल से जारी अधिकार प्रतिवेदन के अनुपालन की स्थिति। ग्राम पंचायतों को रिकॉर्ड पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रस्तर निस्तारण को लेकर भी एडीओ पंचायत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, एलडीएम ललित कुमार रॉय, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह एवं सहायक लेखा परीक्षक अधिकारी एवं समस्त संबंधित जिला समन्वयक बैंक, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने की जनपदीय विकास कार्यों की समीक्षा

- लगन व निष्ठा से कार्य करें अधिकारी : प्रभारी मंत्री
- प्रभारी मंत्री जनपद के विकास कार्यो को लेकर की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक व जिलाधिकारी के साथ जनपदीय विकास कार्यों की समीक्षा की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को लगन व निष्ठा से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा की प्रगति में सुधार हुआ है, निरंतर प्रयासरत रहें। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए आगामी बरसात के दृष्टिगत नालों की अभी से ही सफाई कराने के लिए कहा तथा बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाओं में पात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को गौशालाओं में निराश्रित गोवंशों के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था तथा छांव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों को अधिकारी समय-समय पर चेक करें। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था में लोकल ब्रेकडाउन से आमजन प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां बिजली घरों को उच्चिकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत आगामी एक महीने के लिए ऐसी सुदृढ़ व्यवस्था की जाए कि खराब तार व लाइन आदि को तत्काल ठीक कराया जा सके, जिससे आमजन प्रभावित न हो।

उन्होंने खराब ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा ताकि आमजन को इससे परेशानी ना हो। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने ग्र्रामीण पाइप पेयजल मिशन योजना में कराए जा रहे कार्यों के दृष्टिगत पाइप बिछाने के लिए किए गए सड़कों के गडढ़ों को ठीक कराने के लिए कहा। विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक ने कहा कि जनपद में 162 कोल्ड स्टोरेज है, इसमें भी विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जनपद के विकास कार्यों की प्रगति प्रस्तुत करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अप्रैल 2026 तक के कार्यों में जनपद को विकास कार्यों में 42वीं रैंक, राजस्व में 19वीं तथा संयुक्त रूप से 23वीं रैंक प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि 85 योजना व कार्यक्रमों की समीक्षा की जाती है, जिनमें से जनपद को 53 योजना व कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 04 में बी श्रेणी, 01 में सी श्रेणी, 03 में डी श्रेणी प्राप्त हुई है। 24 योजना व कार्यक्रम ऐसे हैं जिसमें श्रेणी नहीं दी जाती है।

उन्होंने बताया कि जिन कार्यक्रमों में बी श्रेणी प्राप्त हुई है उनमें 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फ़ेस 2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, नई सड़कों का निर्माण व सीएमआईएस के निर्माण कार्य है। वहीं फैमिली आईडी में सी श्रेणी प्राप्त हुई है तथा विद्युत बिल के सुधार हेतु आवेदन, जननी सुरक्षा योजना का लाभ व आईसीडीएस पोषण योजना में डी श्रेणी प्राप्त हुई है, इन सभी में सुधार के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं जिस पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थियों को अनुमन्य धनराशि देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को बजट प्राप्त हो गया है, जिसका वितरण शीघ्र कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान के 1600 लक्ष्य की पूर्ति के लिए उपायुक्त उद्योग व लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह कम से कम 200 आवेदन प्राप्त कर लाभार्थियों का चिन्हांकन प्राथमिकता से किया जाए, तभी लक्ष्य की पूर्ति की जा सकेगी। उन्होंने ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं में हाइड्रोलिक प्रेशर सिस्टम से प्रेशर चेक करने के उपरान्त सड़कों के गडढ़े भरवाए जाएं। उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे पर होने वाली घटनाओं में घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए एक्सप्रेसवे के समीप स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज, दातागंज व बिनावर में ट्रॉमा मैनेजमेंट बनाने के दृष्टिगत जनशक्ति व उपकरण आदि की व्यवस्था के लिए शासन को लिखा गया है तथा इस पर कार्य किया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने बताया कि अनूगुईया बिजली घर का निर्माण पूर्ण हो चुका है व वहां लोड भी दे दिया गया है। जिसका उद्घाटन माननीय जनप्रतिनिधियों से जल्द कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया है कि दातागंज बदायूं मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है जिस पर हुए गडढो को शीघ्र ठीक कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला वन अधिकारी निधि चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरूण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीमोहन झा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार ! भीषण गर्मी में सर्दी की फोटो की जा रही अपलोड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । करनैलगंज विकास खंड की ग्राम पंचायतो में फर्जीबाड़ा रुकने का नाम ही नही ले रहा है। का गजों में भरे जा रहे मनरेगा मजदूर शासन की मो बाइल मॉनिट्रिंग सिंस्टम को सीधा चुनौती दे रही है।विकास खंड की ग्राम पंचायत वरतरा में असली फर्जीबाड़ा देखने को मिला जोकि विभागीय तौर प र जाँच का विषय है।सूर्य की भीषण तपन और 4 3 डिग्री तापमान में मनरेगा मजदूरों को ठंड लग र ही है।यह हम नहीं विकास खंड करनैलगंज के रो जगार सेवक कह रहे हैं,वह भी मौखिक नहीं तस्वी र के साथ आखिर तभी तो मजदूर अपने बदन को ऊनी कपड़ों से ढके काम कर रहे हैं।या फिर यूं क ह सकते हैं कि विकास खंड करनैलगंज के रोज गार सेवक मजदूरों को गर्मी में शिमला और नैनी ताल की सैर करा रहे हैं,इसलिए मजदूरों ने ऊनी कपड़े पहन रखे है।मजदूर ग्राम पंचायत



वरतरा में पक्की सड़क से लेकर सियाराम के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य किया जा रहा है।जिसमें गांव के मज दूर सर्दी के ऊनी कपड़े खड़े फोटो खिचवा रहे है। अब ऐसे में सवाल यह है कि मजदूरों को 42 डिग्री तापमान में सर्दी किस प्रकार लग रही है।नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) पर अपलोड फोटो ने मनरेगा में फर्जीवाड़ा कर राशि निकासी के खेल को उजागर कर दिया है,दरअसल मनरेगा की योजनाओं में एनएमएमएस पर दैनिक उपस्थिति के साथ काम करने वालों मजदूरों की तस्वीर अपलोड की जाती

**बुधवलिया,डूड़ी,जहागिरवा,कैथोली, काशीपुर,तर हटा,वरतरा में दोनों हाथो से लूट रहे मनरेगा का धन**

**यहाँ बीडीओ और एपीओ की छत्रछाया में मनरेगा योजना में फल-फूल रहा भ्रस्टाचार..!**

है।करनैलगंज विकास खंड में बीडीओ एपीओ त कनीकी सहायक व ग्राम प्रधानों की मनमानी से भ्रष्टाचार का गढ़ बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की अतिमहत्वा कांक्षी मनरेगा योज ना के नियमों को दरकिनार कर खाऊ - कमाऊ नीति के तहत फर्जी मस्टर रोल का सहारा लेक र करनैलगंज विकासखंड के गांव बुधवलिया, डूड़ी, जहागिरवा, कैथोली, काशीपुर तरहटा,वरतरा में सरकारी धन की बंदरबांट करने में लगे हुए हैं 42 डिग्री तापमान के बीच करनैलगं ज क्षेत्र के गांवों में स्वेटर और जै केट पहन कर काम कर रहे हैं।मस्टर रोल से मनरे गा योजना को पलीता लगाने का काम किया जा रहा था।करनै लगंज के विकासखंड के गांवो मे श्रमिक अदृश्य तरीके से काम करते हुए दिखाए गए हैं,करनैलगंज क्षेत्र की तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में य ही खेल चल रहा है।

**टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ**

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योज ना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# पति की बेवफाई से आहत महिला हाई टेंशन टावर पर चढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसकनवा । गौरा चौकी मार्ग पर स्थित हथियागढ़ बाजार में शुक्रवार सुबह प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने से आहत युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गयी। देखते ही देखते भीड़ लग गयी ।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि कैनविज टाइम्स किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। लोगों ने युवती को समझने की को शिश की।काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा ।स्थानीय लोगों और पुलिस ने समझा-बुझाक र उसे सुरक्षित नीचे उतारा।थाना क्षेत्र की एक युवती शुक्रवार सुबह ग्रामीण बैंक के मोबाइल टावर पर चढ़ गई। वह करीब बीस फीट ऊपर बैठकर अपने प्रेमी से शादी कराने की जिद पर अड़ गई।उधर से निकले लोगों की नजर पड़ने पर मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई।चौकी प्रभारी हथियागढ शिवकुमार यादव महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर



पहुंचे। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद युवती नीचे उतरने को तैयार हुई। इस दौरान युवती लगातार अपने प्रेमी सादुल्लाह नगर जनपद बलरामपुर को बुलाने और शादी कराने की मांग करती रही। युवती का आरोप है कि तीन वर्ष पहले दोनों पक्षों के बीच यह सहमति बनी थी कि 1 मई 2026 को तीन साल पूरे होने के बाद दोनों की शादी करा दी जाएगी। इसके बाद युवक मुंबई चला गया। अब तय समय बीतने के बाद भी वह शादी के लिए नहीं लौट रहा है और फोन भी नहीं उठा रहा है। इस संबंध में पहले ही छपिया थाने में शिकायत की थी। पुलिस युवक के गांव भी गई थी, जहां उसके मुंबई में होने की जानकारी मिली। दोनों पक्षों को रविवार को थाने बुलाया गया था, लेकिन उससे पहले ही युवती टावर पर चढ़ गई। जिसे देखकर आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही छपिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवती को समझा-बुझा कर सुरक्षित नीचे उतारा।टावर से नीचे उतरने के बाद भी युवती अपनी मांग पर अड़ी रही और पुलि स कर्मियों के सामने ही प्रेमी को मुंबई से वापस बुलाकर शादी कराने की जिद करने लगी। इस दौरान युवती और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस भी हुई,जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण बंद केंद्र पर जांच के आदेश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। बलहा-नानपारा क्षेत्र में बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवशरण सैनी ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेहरबान नगर थर्ड आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्यकत्री एवं सहायिका के कार्यों की जांच कराने के निर्देश दिए। सीडीपीओ ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, इसलिए केंद्रों का नियमित संचालन आवश्यक है।

उन्होंने अभिलेखों की जांच तथा लाभार्थियों को समय से सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं मेहरबान नगर फर्स्ट एवं सेकेंड आंगनबाड़ी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, साफ-सफाई और पोषण संबंधी व्यवस्थाएं बेहतर मिलीं, जिस पर संबंधित कार्यकत्रियों के कार्यों की सराहना की गई। सीडीपीओ ने सभी कार्यकत्रियों को समय से केंद्र संचालित करने और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।


# बिजली संकट पर बीजेपी विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने ऊर्ज़ा मंत्री को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच गोंडा में बिजली का संकट काफी बढ़ गया है, जिसके चलते सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है।प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा को लिखे एक आधिकारि क पत्र में विधायक ने ग्रामीण और शहरी दोनों इ लाकों में बिना किसी पूर्व सूचना के होने वाली बि जली कटौती और गंभीर लो-वोल्टेज की समस्या ओं पर गहरा गुस्सा और गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग असहनीय मौसम की मार झेल रहे हैं,और खराब व जले हुए ट्रांसफॉ र्मरों ने उनकी मुश्किलें और भी बढ़ा दी हैं।

**बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही बाधाओं ने लोगों का रोज़मर्रा का जीवन दूभर कर दिया**

यह संकट कल रात तब अपने चरम पर पहुँच गया,जब लंबे समय तक बिजली गुल रहने से परेशान नागरिक विरोध प्रदर्शन करने के लिए अपने घरों से निकलकर सड़कों पर



आ गए। जनता के गुस्से को समझते हुए विधायक ने एक कड़ी नाराजगी जताई, जिसमें उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि चुने हुए प्रतिनिधि होने के नाते उन्हें जनता के प्रति जवाबदेही का सीधा सामना करना पड़ता है क्योंकि जब बुनियादी सेवाएँ ठप हो जाती हैं तो लोग स्वाभाविक रूप से उन्हीं से सवाल करते हैं। विधायक ने आगे कहा कि बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही बाधाओं ने लोगों का रोज़मर्रा का जीवन दूभर कर दिया है, जिससे उनके लिए अपने घरों के अंदर रहना या आराम से अपने कार्यस्थलों तक पहुँचना लगभग असंभव हो गया है।रात के समय होने वाली बिज ली कटौती को कम करने के लिए आपातकालीन व्यवस्था लागू की जाए,बिजली विभाग के सामने आ रही तकनीकी बाधाओं जैसे ग्रिड का ज़्यादा गर्म होना, तेज़ हवाओं के कारण बिजली की लाइनें टूट जाना और भीषण गर्मी का दबाव को स्वीकार करते हुए भी, विधायक ने इस बात पर ज़ोर दिया कि केवल इन चुनौतियों को मान लेना ही काफी नहीं है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जनता इस अघोषित लोड का कोई ठोस और स्थायी समाधान चाहती है न कि केवल अस्थायी उपाय। ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा से की गई अपनी अपील में प्रतीक भूषण सिंह ने कहा कि कि रात के समय होने वाली बिजली कटौती को कम करने के लिए तत्काल एक आपातकालीन व्यवस्था लागू की जाए।स्थिति की गंभीरता और संवेदनशीलता पर विस्तार से चर्चा करने के लिए विधायक ने ऊ र्ज़ा मंत्री से तत्काल व्यक्तिगत मुलाक़ात का समय भी माँगा है।साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि जनहित में इस संकट को हल करने के लिए संबं धित अधिकारियों को जल्द ही कड़े निर्देश जारी किए जाएंगे।

## पोर्टल फीडिंग और सत्यापन कार्य में जुटे विभागीय अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। बलहा-नानपारा स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में इन दिनों आंगनबाड़ी भर्ती एवं आरक्षण सूची से संबंधित कार्यों को लेकर विभागीय गतिविधियां तेज हो गई हैं। शासन के निर्देशानुसार आरक्षण सूची को समयबद्ध तरीके से पोर्टल पर अपलोड करने के लिए अधिकारी और कर्मचारी देर रात तक कार्यालय में कार्य करते नजर आए। गुरुवार को भी परियोजना अधिकारी शिव शरण सैनी, परियोजना बाबू अनुप कुमार मिश्रा तथा बीसी मोबीन अहमद देर रात तक कार्यालय में मौजूद रहकर डाटा फीडिंग, अभिलेख सत्यापन और तकनीकी सुधार कार्य में जुटे रहे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आरक्षण सूची को सही तरीके से पोर्टल पर अपलोड करना अत्यंत महत्वपूर्ण



है, क्योंकि किसी भी त्रुटि से चयन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया, अभिलेख सत्यापन और पोर्टल फीडिंग जैसे कई कार्य एक साथ चल रहे हैं, जिसके चलते कर्मचारियों को अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है। वहीं सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण भी कार्य में अधिक समय लग रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव शरण सैनी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूरे करने का प्रयास किया जा रहा है और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना विभाग की प्राथमिकता है। स्थानीय लोगों ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि देर रात तक कार्य करना विभाग की जिम्मेदारी और गंभीरता को दर्शाता है।

# गोंडा में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत, शहर में शुरू हुई मिस्ट फॉगिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने एक नई पहल शुरू की है। नगर पालिका परिषद कि और से शहर के प्रमुख मार्गों पर फॉग कैनन व्हीक ल के माध्यम से मिस्ट फॉगिंग कराई जा रही है,इ स व्यवस्था के तहत पानी की बेहद महीन फुहार को धुंध के रूप में वातावरण में छोड़ा जा रहा है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है।नगर

पालिका परिषद के ईओ विशाल कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर शहर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया





है।उन्होंने कहा कि फॉग कैनन व्हीकल से की जाने वाली मिस्ट फॉगिंग से वाता वरण का तापमान कम करने में मदद मिलती है और लोगों को लू के प्रभाव से भी राहत मिलती है। इसके साथ ही वातावरण में शीतलता बनी रहती है,जिससे राहगीरों और बाजारों में आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत महसूस हो रही है।उन्होंने बताया कि मिस्ट फॉगिंग का एक बड़ा फायदा यह भी है कि इससे हवा में मौजूद धूल के कण कम होते हैं,जिससे प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायता मिलती है।इस कारण यह पहल पर्यावर ण संरक्षण की दृष्टि से भी उपयोगी मानी जा रही है।नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर में सेठ पेट्रोल पंप से बड़गांव पुलिस चौकी तक वाटर फंागिग पानी का छिड़काव कराया जायेगा। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा,ताकि गर्मी के दौरान लोगों को अधिक से अधिक राहत मिल सके।

# चार महीने के बच्चों की मौत, पति ने अंतिम संस्कार करने से रोका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आ ई है,जहां एक महिला को अपने चार माह के मृत बच्चे का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया गया। आरोप है कि पति और ससुरालियों ने महिला के साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। यह घटना शुक्रवार शाम को हुई।नगर कोतवाली क्षेत्र के कलकत्ता वाले बाबा मेवतियान गिर्द गोंडा की रहने वाली जोया खातून के चार माह के बेटे की शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जब जोया अपने मृत बच्चे का अंतिम संस्कार करने के लिए ससुराल पहुंचीं, तो पति मोहम्मद यूनुस, देवर मोहम्मद



इस्लाम, सास समीमा और देवरानी नगमा ने कथित तौर पर उनके साथ मारपीट की। उन्हें भिखारी कहकर घर से भगा दिया गया और बच्चे का अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया।इस घटना के बाद जोया खातून अपने मृत बच्चे के अंतिम संस्कार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो गईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि ससुरालियों ने उनके साथ मारपीट करने के अलावा उन्हें तीन तलाक देने की धमकी भी दी।परेशान होकर जोया खातून नगर कोतवाली की पांडेय बाजार चौकी पहुंचीं और अपने पति व ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पति मोहम्मद यूनुस, देवर मोहम्मद इस्लाम, सास समीमा और देवरानी नगमा लालची प्रवृत्ति के हैं। शादी के कुछ समय बाद से ही वे उनसे 5 लाख रुपये दहेज की मांग कर रहे थे।जोया के अनुसार, उनके पिता नहीं हैं और दहेज न दे पाने के कारण उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और तलाक की धमकी दी जा रही थी।उनका चार माह का बच्चा बीमार था, जिसकी हालत बिगड़ने पर उसे अवध अस्पता ल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाली के बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बता या कि उन्हें शिकायती पत्र मिल गया है। पांडेय बाजार चौकी इंचार्ज को पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कठोर का र्रवाई की जाएगी। नगर कोतवाली पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

## प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्तियों से आमंत्रित किये गये दावे

बहराइच । सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति) बहराइच राजेश प्रसाद ने बताया कि परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद बहराइच में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) का चारलेन चौड़ीकरण/निर्माण प्रस्तावित है। प्रस्तावित निर्माण के भू-अधिग्रहण प्रस्ताव मे जनपद की तहसील महसी के 04 ग्रामों में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3डी का प्रकाशन भारत के राजपत्र मे 18 मार्च 2026 को हुआ है। भारत के राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना में तहसील महसी के ग्राम सिसाई हैदर, हेमरिया, टेंडवा बसन्तपुर व गजपतीपुर की भूमि प्रभावित है। यह जानकारी देते हुए सक्षम प्राधिकारी श्री प्रसाद ने योजना अन्तर्गत प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्तियों को सुझाव दिया है कि कपूरथला परिसर में स्थित सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 02 जून 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना क्लेम (दावा) प्रस्तुत कर सकते हैं।

## भाजपा जिलाध्यक्ष और अधिवक्ता के बीच कथित ऑडियो वायरल, मुकदमा दर्ज कराने की मांग

जौनपुर । भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत कुमार प्रजापति और अधिवक्ता सुरेंद्र प्रजापति के बीच कथित बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। वायरल ऑडियो में दोनों पक्षों के बीच कथित रूप से तीखी नोकझोंक और अपशब्दों का प्रयोग सुनाई देने का दावा किया जा रहा है। मामले को लेकर अधिवक्ता सुरेंद्र प्रजापति ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। उनका आरोप है कि बातचीत के दौरान उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।वहीं इस मामले में शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार प्रजापति ने पूरे प्रकरण को पुराना विवाद बताते हुए कहा कि संबंधित व्यक्ति पिछले कई वर्षों से लगातार उनके खिलाफ अनर्गल बातें करता रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा की मंडल अध्यक्षों की सूची जारी हुई थी, जिसमें नाम शामिल न होने के कारण वह नाराज है। जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि संबंधित व्यक्ति का संबंध पहले से अन्य राजनीतिक दलों से रहा है और वह स्वयं को प्रजापति समाज का नेता बताकर विवाद खड़ा करता रहता है।अजीत कुमार प्रजापति ने कहा कि बातचीत के दौरान लगातार उकसावे की स्थिति बनी, जिसके कारण गुस्से में कुछ शब्द निकल गए, जिसका उन्हें खेद है।

# भाजपा ने बूथ अध्यक्षों को बताया जीत की नींव सम्मेलन में गूंजे संगठन मजबूती के स्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का भव्य आयोजन महेंद्रा बैंकट हॉल में विधायक विधायक बाबूराम पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्मेलन में बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम पूरे समय उत्साह, संगठनात्मक ऊर्जा और चुनावी तैयारियों के संदेश से सराबोर दिखाई दिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्या ने शिरकत कर बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ता हैं उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने बूथ को





और अधिक मजबूत करने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने तथा आगामी चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया सम्मेलन के दौरान विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक बूथ अध्यक्ष संगठन की

## भाजपा जिलाअध्यक्ष ने सम्मान समारोह के बहाने कार्यकर्ताओं मे भरी नई ऊर्ज़ा

रीढ़ है और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही भाजपा लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है इसी क्रम में सम्मेलन में उपस्थित बूथ अध्यक्षों को घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्ज़ा भरने का कार्य किया कार्यक्रम में मंच संचालन नवनीत मिश्रा द्वारा अत्यंत प्रभावी और गरिमामय ढंग से किया गया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की सम्मेलन में जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, अनूप वाल्मीकि, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, जिला कार्यकारिणी सदस्य हर्षित चौधरी, पूरनपुर नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, घुंघचिहाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, कलीनगर मंडल अध्यक्ष भगवती सिंह, सुल्तानपुर मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा, रामनगर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे सम्मेलन के अंत में विधायक बाबूराम पासवान ने सभी बूथ अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर पूरनपुर विधानसभा में भाजपा पहले से अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में भाजपा समर्थकों का उत्साह देखने लायक रहा।

# नायब तहसीलदार ने जनगणना अभियान का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। विकास क्षेत्र सिंहपुर के कस्बा अहोरवा भवानी में शुक्रवार को नायब तहसीलदार द्वारा जनगणना अभियान का शुभारम्भ किया गया और प्रगणक को डोर टू डोर सर्वे करने का निर्देश दिया है। तिलोई की नायब तहसीलदार अमीषा यादव ने शुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के साथ कस्बा अहोरवा भवानी पहुंची तो चिलचिलाती धूप एवं प्रचण्ड गर्मी में प्रगणक उमा शंकर चौरसिया सुपरवाइजर लाल चंद्र सरोज के साथ घर घर मकान सूचीकरण कार्य की योजना बना रहे थे। नायब तहसीलदार अमीषा यादव ने प्रगणक के साथ संदीप सोनी के आवास पर पहुंचकर जनगणना अभियान का शुभारम्भ किया और प्रगणक को मकान सूचीकरण कार्य सम्पादित करने का निर्देश दिया। नायब तहसीलदार अमीषा यादव ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान कोई भी मकान छूटने न पाये तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से सम्पन्न हो सके। उन्होंने समस्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से विशेष अपील करते हुये कहा कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुये वे अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। नायब तहसीलदार अमीषा यादव ने निर्देशित किया है कि समस्त कर्मचारी अपने साथ पेयजल, ओआरएस का पैकेट, गमछा अथवा सिर ढंकने के आवश्यक साधन अनिवार्य रूप से रखें जिससे लू एवं गर्मी से बचाव किया जा सके और कार्य प्रभावित न हो। नायब तहसीलदार अमीषा यादव ने क्षेत्रीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुये कहा कि जब प्रगणक अथवा सुपरवाइजर उनके घर पहुंचें तो उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं और सर्वेक्षण कार्य में पूरा सहयोग दें क्योंकि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नही बल्कि देश के विकास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दायित्व है जिसमें आमजन की सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, लेखपाल वेद प्रकाश मिश्रा, मानस शुक्ला, सुपरवाइजर लाल चंद्र सरोज, सत्येंद्र तिवारी, ओंकार पाण्डेय, अनुज शुक्ला, मनोज शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कटौती और ट्रिपिंग से बेहाल शहर, एक हफ्ते में व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती और बार-बार की ट्रिपिंग ने आम जनता और व्यापारियों का सब्र तोड़ दिया है भीषण गर्मी के बीच दिन और रात में अनियमित बिजली आपूर्ति से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, वहीं घरों में लोग रातभर जागने को मजबूर हैं इसी गंभीर समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के अधिकारियों से मिला और व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग उठाई व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता हरेन्द्र सिंह और उपखंड अधिकारी मोहित गुप्ता से मुलाकात कर शहर में लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पहले केवल दिन में रोस्टिंग के नाम पर बिजली कटौती की जाती थी, लेकिन अब रात में भी कई-कई बार बिजली गुल हो रही है लगातार ट्रिपिंग से लोगों की नींद खराब हो रही है और व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है व्यापारियों ने आरोप लगाया कि लो-वोल्टेज और लगातार ट्रिपिंग के कारण

## सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनीः हंसराज गुलाटी

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं दुकानों और घरों में लगे फ्रिज, इनवर्टर, एसी और अन्य मशीनें प्रभावित हो रही हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई बड़ी समस्या उत्पन्न होती है तो विभागीय अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करते, जिससे जनता की परेशानी और बढ़ जाती है बैठक के दौरान व्यापारियों का गुस्सा साफ दिखाई दिया उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी वर्ग सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा इस पर अधिशासी अभियंता हरेन्द्र सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ मोहित गुप्ता को तत्काल समाधान निकालने के निर्देश दिए एसडीओ मोहित गुप्ता ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि विभाग शहर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है उन्होंने बताया कि फीडर नंबर-2 का ट्रायल शुरू किया गया है, जिससे ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं में राहत मिलने की उम्मीद है साथ ही उन्होंने कहा कि शहरवासियों को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए तकनीकी स्तर पर लगातार काम किया जा रहा है बिजली विभाग के अधिकारियों ने दावा किया कि शहर में साढ़े इक्कीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा रात में हो रही अनियमित रोस्टिंग समाप्त कराने के लिए शासन को पत्र भेजकर समाधान निकाला जाएगा अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि करीब एक सप्ताह के भीतर स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा हालांकि व्यापारियों ने अधिकारियों के आश्वासन पर फिलहाल संयम जरूर दिखाया है, लेकिन साफ कर दिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी व्यापारी नेताओं का कहना है कि बिजली संकट अब जनता के धैर्य की परीक्षा लेने लगा है और यदि प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष जाहिद खान, प्रदेश मंत्री विजय पाल सिंह विक्की, नवीन अग्रवाल, नगर महामंत्री दीपक अग्रवाल, संरक्षक बलजीत सिंह खैरा, सलमान खान, आशीष रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष अनुज खंडेलवाल, राजा गुप्ता, श्याम गुप्ता, कृष्णा गुप्ता तथा मीडिया प्रभारी सचिन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे है।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण परेड की सलामी लेकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पुलिस लाइन परिसर में अनुशासन, सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर विशेष गतिविधियां देखने को मिलीं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने शुक्रवार परेड की सलामी लेकर पुलिस बल की कार्यकुशलता और अनुशासन का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने परेड एवं शस्त्र ड्रिल कराकर जवानों की तैयारी और दक्षता को परखा निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 वाहनों पर उपलब्ध संसाधनों की भी गहन जांच की उन्होंने आपातकालीन सेवाओं में प्रयुक्त उपकरणों, संचार व्यवस्था और वाहनों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को संसाधन हमेशा दुरुस्त रखने के निर्देश दिए साथ ही डॉग स्क्वायड की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली इसके अलावा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं, बैरकों और कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, अभिलेखों को व्यवस्थित रखने तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने की हिदायत दी पुलिस अधीक्षक ने बैरकों में रह रहे पुलिस कर्मियों की सुविधाओं का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश जारी किए उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता बेहतर व्यवस्थाओं और अनुशासित वातावरण से ही मजबूत होती है निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाऐं

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड रूम एवं सी.सी.टी.वी. और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये।वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान इन्द्रेश चैहान नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, अमित पाठक एडवोकेट समाजवादी पार्टी, हेमन्त मिश्रा एडवोकेट राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता, अपर जिलाधिकारी प्रसून दिवेद्वी, बन्दोवस्त चकबन्दी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी ईवीएम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय स्टाफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिलाधिकारी आवास का किया गया सूचीकरण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 तक के अन्तर्गत जनपद पीलीभीत में प्रगणकों द्वारा क्षेत्र के हर मकान का विवरण दर्ज किये जाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 22 मई, 2026 को प्रगणक सुनीता देवी, सुपरवाईजर हरीश कुमार के द्वारा जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत के आवास पर पंहुचकर जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत के आवास का सूचीकरण का कार्य किया गया। जिलाधिकारी महोदय के द्वारा प्रगणक व सुपरवाईजर का स्वागत करते हुए उन्हे भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना के कार्य को पूर्ण मनोयोग से करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही उन्हे जनगणना-2027 के प्रमुख एवं व्यवहारिक महत्व लाभ से भी अवगत कराया गया।

## जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत हरदासपुर में पार्क का किया गया शिलान्यास

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने अमरिया तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरदासपुर पहुंचकर बाबा मक्खन सिंह सालवाना की यादगार में पार्क का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के आयोजक हरप्रीत सिंह ने अवगत कराया कि गुरूदयाल सिंह द्वारा 05 एकड़ भूमि दान की गई, जिसमें 02 एकड़ भूमि में पार्क बनाया जायेगा। पार्क में फाउनटेन, भोजनालय, जिम, गार्डन व बच्चों के खेलकूद के उपकरण आदि लगाये जायेगें। पार्क बनने के बाद ग्रामीण स्वच्छ हवा और हरियाली का आनन्द ले सकेगें। इस दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बहू ने सास पर लगाए गंभीर आरोप, मारपीट कर घर से निकालने की कही बात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मोहल्ला कायस्थान में पारिवारिक विवाद का मामला अब खुलकर सामने आने लगा है शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे बिमला देवी ने अपनी सास भागवती द्वारा लगाए गए मारपीट के आरोपों को पूरी तरह गलत बताते हुए खुद को पीड़ित बताया है महिला का कहना है कि उसके साथ लंबे समय से उत्पीड़न किया जा रहा है और अब उसे झूठे आरोपों में फंसाकर परेशान किया जा रहा है पीड़िता बिमला देवी के अनुसार उन्हें सरकारी आवास मिला था, जिसमें निर्माण कराकर वह अपने परिवार के साथ रह रही थीं आरोप है कि इसी बीच उनकी सास, ननद और पति ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें घर से बाहर निकाल दिया महिला का कहना है कि घटना के बाद से वह दर-दर भटकने को मजबूर हैं और दूसरों के घरों में काम करके अपना जीवन यापन कर रही हैं महिला ने बताया कि परिवार की बदनामी और रिश्तों को बचाने के लिए उन्होंने अब तक किसी प्रकार की शिकायत पुलिस या प्रशासन से नहीं की थी लेकिन हाल ही में उनकी सास ने उन्हें दोबारा घर बुलाया, जहां फिर उनके साथ मारपीट की गई इसके बाद अब उनके खिलाफ झूठी शिकायतें कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है पीड़िता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उनके सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है वहीं मोहल्ले में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं पुलिस प्रशासन का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी है।

## भीषण गर्मी और बिजली कटौती से भड़के ग्रामीण, देर रात विरोध प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला में भीषण गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार रात करीब 11 बजे सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर अनावश्यक कटौती का विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप था कि पिछले तीन-चार दिनों से लगातार बिजली बाधित हो रही है, जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि लाखों रुपये के टेंडर के बाद क्षेत्र में बिजली लाइनें बदली गई थीं, लेकिन गर्मी शुरू होते ही केबल जलने और फाल्ट की समस्याएं सामने आने लगीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मानक के अनुरूप कार्य न होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है। बिजली संकट से नगर से लेकर देहात तक लोग परेशान हैं। इसको लेकर उच्च अधिकारियों को फोन पर आवगत कराया गया जिसपर अधिकारियों ने समस्या का समाधान कराने का अश्वासन दिया है।

## नवनियुक्त मंडल प्रभारी के तेवर सख्त, पहली बैठक में बूथ मजबूत करने का दिया मंत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल प्रभारी मनोज गुप्ता ने पदभार संभालने के बाद संगठन की पहली महत्वपूर्ण बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्ज़ा भरने का काम किया साईं बैंक्वेट हॉल स्थित मंडल अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित बैठक में सेक्टर प्रभारी एवं सेक्टर संयोजकों को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए बैठक में मंडल प्रभारी मनोज गुप्ता ने आगामी 24 तारीख को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर प्रभावी ढंग से संपन्न कराने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की वास्तविक ताकत बूथ कार्यकर्ता हैं उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया बैठक के दौरान संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई नवनियुक्त मंडल प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हर्ष प्रधान, महामंत्री सूरज बॉथम, मानस शुक्ला, अमन शान, उपेन्द्र भारती, प्रदीप सिंह, कमल चौहान, संजय मिश्रा, रितेश गुप्ता, शेर सिंह यादव, आलोक त्रिवेदी सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## दिनदहाड़े नाबालिग का अपहरण, गमछे से बंधी हालत में मिली किशोरी, दो नामजद पर मुकदमा

सुलतानपुर। जिले के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। घटना 20 मई की दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है, जब किशोरी अपने नए घर से पुराने घर की ओर जा रही थी। पीड़िता की मां द्वारा गोसाईंगंज थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक, गांव निवासी सूर्यभान यादव उर्फ अमित पुत्र जन्त्री प्रसाद यादव तथा प्रवेश यादव पुत्र सभा बहादुर यादव कार लेकर रास्ते में खड़े थे।

# भीषण गर्मी का असर,15 जून तक बंद रहेंगे जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी, प्रचण्ड धूप और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बड़ा फैसला लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र 20 मई 2026 से 15 जून 2026 तक बंद रहेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पहले से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जा चुका है। अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय परिसरों में संचालित होते हैं और यहां आने वाले छोटे बच्चे तेज गर्मी और लू से सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि अवकाश अवधि के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की ड्यूटी पूर्ववत जारी रहेगी। उन्हें लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, बच्चों का वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्र तथा आरबीएसके टीम के साथ बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं संदर्भन जैसे कार्य नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री या सहायिका केंद्र अथवा मुख्यालय नहीं छोड़ेगी। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# मानव जीवन के लिये भगवान की लीलाएं प्रेरणादायक हैं : इंद्रेश कौशिक जी महाराज

## सिंहपुर के गांव पेड़रिया में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । सिंहपुर विकास क्षेत्र के गांव पेडरिया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन कामख्या धाम से पधारे कथा व्यास इंद्रेश कौशिक जी महराज ने श्रद्धालुओं को भगवान की बाल लीला, कालिया मर्दन तथा गोवर्धन पूजा की सुंदर कथा सुनाई। भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं की कथा सुन श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गये। कथा व्यास इंद्रेश कौशिक जी महराज ने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिये प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। कहा कि भगवान कृष्ण अपने बाल सखाओं और गोप ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं छप्पन प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं।कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है इससे प्रसन्न होकर इंद्र ब्रज में वर्षा करते हैं। भगवान ने गोवर्धन की पूजा करवाई। श्रीमद भागवत कथा के यजमान अखिलेश सिंह ने व्यास पीठ का पूजन करते हुये कथा वाचक इंद्रेश कौशिक जी महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक सुरेश सिंह ने आम जनमानस से नियमित कथा श्रवण करने की अपील की है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी, सज्जन पाण्डेय, नवनीत त्रिवेदी, प्रमोद सिंह,चंद्र किशोर शुक्ला,आशीष गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला, रवि शंकर तिवारी, कुलदीप मिश्रा, सतीश शुक्ला, अवध राज सिंह,विद्या सागर मिश्रा, राजेश यादव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।



# विकास खंडों में वर्षों से जमे अकाउंटेंटों पर सवाल, तबादला नीति बनी मजाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के विकास खंडों में वर्षों से जमे अकाउंटेंटों को लेकर अब विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। शासन की तबादला नीति और पारदर्शिता व्यवस्था पर बड़े प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ कर्मचारियों के पास एक-दो नहीं बल्कि दो-दो और तीन-तीन ब्लॉकों का अतिरिक्त चार्ज वर्षों से बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार सत्य नारायण गौतम पिछले लगभग पांच वर्षों से बल्दीराय, चार वर्षों से कुड़वार और दो वर्षों से दूबेपुर विकास खंड का लेखा-जोखा संभाल रहे हैं। वहीं वीर सिंह भारती जयसिंहपुर और कूरेभार में करीब चार-चार वर्षों से तैनात बताए जा रहे हैं। इसी तरह अखंडनगर और कादीपुर विकास खंड में जीतू राम पिछले पांच वर्षों से जमे हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर अकाउंटेंट जैसे संवेदनशील पद पर एक ही कर्मचारियों को वर्षों तक क्यों बनाए रखा गया? क्या जिले में अन्य कर्मचारियों की कमी है या फिर विभागीय संरक्षण के चलते यह व्यवस्था चल रही है। जानकारों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती से वित्तीय अनियमितताओं और सांठगांठ की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कई ब्लॉकों का अतिरिक्त चार्ज देना विभागीय पारदर्शिता पर सीधा सवाल खड़ा करता है। चर्चा यह भी है कि यदि इन कर्मचारियों के कार्यकाल और वित्तीय अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि तबादला नीति केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है।

अब जिले भर की निगाहें जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह पर टिकी हैं। देखना होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले में बड़ा फ़ेरबदल और निष्पक्ष जांच कराता है या फिर वर्षों से जमे कर्मचारियों की लंबी पारी यूं ही जारी रहेगी।

# नीट-यूजी पेपर लीक सबसे बड़ा भ्रष्टाचार, लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद : अशोक सिंह बिसेन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन ने नीअ-यूजी पेपर लीक मामले को देश का सबसे बड़ा फ्रॉड और भ्रष्टाचार करार देते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने देश के लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

श्री बिसेन ने एक बयान जारी कर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नाकामी के कारण पिछले 12 वर्षों में देश और प्रदेश में पेपर लीक के लगभग 70 बड़े मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है और मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों का भरोसा परीक्षा व्यवस्था से उठता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों द्वारा पकड़े गए लोगों के तार भाजपा और संघ से जुड़े लोगों से सामने आ रहे हैं। उनका कहना है कि भ्रष्ट नेताओं, अधिकारियों और शिक्षा माफियाओं के गठजोड़ ने पूरी परीक्षा प्रणाली को बर्बाद कर दिया है। एडवोकेट अशोक सिंह बिसेन ने कहा कि देश का युवा लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने में भी असफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि देश के बेरोजगार युवा आने वाले समय में भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को जवाब देंगे।

## सम्पादकीय

# बीमार अस्पताल

गाल बजाते राजनेता और लोक कल्याणकारी होने का दावा करती सरकारों की नाक के नीचे सरकारी अस्पतालों की कैसी बदहाली है, ये किसी से नहीं छिपा है। लोकलुभावन कार्यक्रमों पर पैसा पानी की तरह बहाने वाली सरकारों व मंत्रियों की प्राथमिकताओं में, वे सरकारी अस्पताल कभी नहीं रहे हैं, जो गरीबों व साधनविहीन लोगों का अंतिम आश्रय होते हैं। कायदे से तो सरकारों को इस मुद्दे को प्राथमिकता मानते हुए तत्काल प्रभाव से अस्पतालों की दशा सुधारनी चाहिए। लेकिन विडंबना है कि हर बार न्यायालय को ही जनहित से जुड़े मुद्दों पर सख्ती दिखाकर सरकारों को कार्रवाई करने को कहा जाता है। एक बार फिर पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश से पंजाब तथा हरियाणा सरकारों की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के संचालकों को एक बेहद जरूरी झटका लगा है। हाईकोर्ट ने दोनों राज्यों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला अस्पताल में आईसीयू सुविधाओं के साथ-साथ सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निश्चित रूप से न्यायालय के इस तरह के सकारात्मक हस्तक्षेप से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सत्ताधीशों के वायदों और उनके क्रियान्वयन के बीच बढ़घ्ती खाई ही उजागर होती है। वहीं अदालत की कार्यवाही के दौरान पंजाब सरकार की ओर से न्यायालय को सूचित किया गया कि राज्य के 23 जिलों में से केवल छह जिला अस्पतालों में ही एमआरआई की सुविधा उपलब्ध है। दूसरी ओर राज्य के अस्पतालों में दो हजार से अधिक जनरल मेडिकल ऑफिसरों के पद और अन्य सैकड़ों विशेषज्ञों के पद खाली पड़े हुए हैं। वहीं कई जिलों के सरकारी अस्पतालों में कार्यशील आईसीयू की कमी है। अदालत ने हरियाणा सरकार से भी गहन देखभाल व निदान सुविधाओं की कमियों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। निस्संदेह, इन खामियों से फिर उजागर हुआ है कि अनेक सरकारी अस्पतालों में महंगे चिकित्सा उपकरण अक्सर बिना इस्तेमाल के या कम उपयोग में क्यों रहते हैं। वहीं दूसरी ओर विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा भी गरीब व जरूरतमंद मरीजों की तात्कालिक जरूरतों को अनदेखा ही किया जाता है। न्यायालय की इस बात से बिल्कुल सहमत हुआ जा सकता है कि मौजूदा दौर में सीटी स्कैन,एमआरआई और आईसीयू तक मरीजों की पहुंच विलासिता नहीं, बल्कि बुनियादी स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता बन गई है। जो इस बात पर भी बल देता है कि सरकारें जिला स्तरीय क्रियाशील बुनियादी ढांचा बनाने के बजाय अनिश्चित काल तक आउटसोर्सिंग या रेफरल प्रणालियों पर निर्भर नहीं रह सकती हैं। वास्तव में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली केवल खरीद की कमी से ही नहीं, बल्कि बिना योजना के भारी-भरकम खरीद की प्रवृत्ति से भी ग्रस्त है। वहीं दूसरी ओर अकसर तकनीशियनों की अनुपलब्धता से एमआरआई मशीनें स्थापित नहीं हो पाती हैं। वहीं अनुबंध समाप्त होने के कारण अक्सर वेंटिलेटर धूल खाते रहते हैं। दूसरी तरफ रेडियोलॉजिस्ट और बायोमेडिकल इंजीनियरों की अनुपस्थिति के कारण निदान सेवाओं को आउटसोर्स किया जाता है। बार-बार की गई ऑडिट रिपोर्टों से पता चलता है कि सरकारी अस्पतालों में करोड़ों रुपये के जीवन रक्षक उपकरण महीनों से लेकर वर्षों तक बेकार ही पड़े रहते हैं। जिसका खमियाजा जरूरतमंद मरीजों को उठाना पड़ता है। किसी भी अस्पताल में एक खराब सीटी स्कैनर की वजह से दुर्घटना पीड़ितों, कैंसर के मरीजों और हृदयाघात के रोगियों के उपचार में देरी होती है। दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों का हर एक खाली पद कमजोर वर्ग के लोगों को महंगे निजी अस्पतालों में उपचार के लिये धकेल देता है। यह विडंबना ही है कि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों के मरीज अक्सर लंबी दूरी तय करके सरकारी अस्पतालों तक पहुंचते हैं। अक्सर देखा जाता है कि उन्हें या तो मशीनें काम न करने वाली मिलती हैं या चलाने वाले कर्मचारी नहीं मिलते। निर्विवाद रूप से केवल मशीनें लगाने से ही मरीजों की समस्या का समाधान नहीं हो जाता।

# राजनीति सनातन विरोध की बजाय आममुद्दों पर केंद्रित हो

**सनातन केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और मूल्य परंपरा का प्रतीक है। ऌसत्यं वद, धर्मं चरङ्क, ऌवसुधैव कुटुम्बकम्ङ्क, ऌसर्वे भवन्तु सुखिनःङ्क जैसे सूत्र इसी सनातन दृष्टि के अंग हैं। इसलिए जब कोई राजनीतिक वक्तव्य सनातन को लेकर अपमानजनक या आक्रामक भाषा का उपयोग करता है, तो उसका प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर भी पड़ता है। तमिलनाडु में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने वाला वक्तव्य इसी कारण व्यापक विवाद का कारण बना। विपक्ष के अनेक दलों ने उससे दूरी बनाने का प्रयास किया, क्योंकि यह स्पष्ट था कि भारत जैसे देश में करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला कथन राजनीतिक रूप से भी असहज स्थिति उत्पन्न करेगा। यहां यह समझना आवश्यक है कि द्रविड़ आंदोलन की अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि रही है। उसका मूल संघर्ष सामाजिक विषमताओं और जातीय वर्चस्व के विरुद्ध था। लेकिन जब सामाजिक सुधार का विमर्श पूरे धर्म या संस्कृति के विरोध जैसा प्रतीत होने लगे, तब वह जनस्वीकृति खो देता है।**

भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में एक ऐसा विमर्श लगातार उभर रहा है, जिसने राजनीतिक बहस को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मूल प्रश्नों से हटाकर धार्मिक पहचान और आस्था के इर्द-गिर्द खड़ा कर दिया है। यह विमर्श है-सनातन समर्थन बनाम सनातन विरोध। आज देश में एक ओर सनातन संस्कृति को भारतीय जीवन का शाश्वत आधार मानने वाली शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर कुछ राजनीतिक वक्तव्य और प्रवृत्तियां ऐसी दिखती हैं जिन्हें जनमानस सनातन विरोध के रूप में देखता है। प्रश्न यह नहीं कि किसी विचारधारा से सहमति या असहमति क्यों है, बल्कि प्रश्न यह है कि क्या राजनीति का केंद्र धर्म होना चाहिए या जनजीवन के वास्तविक मुद्दे? भारत का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्ष संविधान पर आधारित है, जहां राज्य का कार्य किसी धर्म का पक्ष या विरोध नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। राजनीतिक दलों का दायित्व भी यही होना चाहिए कि वे जनता की समस्याओं, विकास और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दें। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक विमर्श राजनीति का बड़ा केंद्र बन गया है।

सनातन केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और मूल्य परंपरा का प्रतीक है। ऌसत्यं वद, धर्मं चरङ्क, ऌवसुधैव कुटुम्बकम्ङ्क, ऌसर्वे भवन्तु सुखिनःङ्क जैसे सूत्र इसी सनातन दृष्टि के अंग हैं। इसलिए जब कोई राजनीतिक वक्तव्य सनातन को लेकर अपमानजनक या आक्रामक भाषा का उपयोग करता है, तो उसका प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर भी पड़ता है। तमिलनाडु में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने वाला वक्तव्य इसी कारण व्यापक विवाद का कारण बना। विपक्ष के अनेक दलों ने उससे दूरी बनाने का प्रयास किया, क्योंकि यह स्पष्ट था कि भारत जैसे देश में करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला कथन राजनीतिक रूप से भी असहज स्थिति उत्पन्न करेगा। यहां यह समझना आवश्यक है कि द्रविड़ आंदोलन की अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि रही है। उसका मूल संघर्ष सामाजिक विषमताओं और जातीय वर्चस्व के विरुद्ध था। लेकिन जब सामाजिक सुधार का विमर्श पूरे धर्म या संस्कृति के विरोध जैसा प्रतीत होने लगे, तब वह जनस्वीकृति खो देता है। यह भी सत्य है कि अनेक विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी बताते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। यह दृष्टि लोकतंत्र में स्वीकार्य है, क्योंकि हर परंपरा में आत्मसमीक्षा और सुधार की आवश्यकता होती है। स्वयं भारतीय दर्शन में भी संवाद, बहस और आत्मचिंतन की परंपरा रही है। बुद्ध, महावीर, कबीर, नानक, दयानंद और गांधी-सभी ने समाज की विसंगतियों पर प्रश्न उठाए, लेकिन उन्होंने समाज को तोड़ने नहीं, सुधारने का मार्ग चुना। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीतिक भाषा संतुलन खो देती है। जब आलोचना सुधार की जगह अस्वीकार की भाषा बन जाती है, तब वह समाज में ध्रुवीकरण को जन्म देती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं कही जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का विमर्श अधिक प्रभावी होकर उभरा है। राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुत्थान जैसे विषयों ने एक बड़े वर्ग में सांस्कृतिक आत्मविश्वास को मजबूत किया है। इससे भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक लाभ भी मिला। दूसरी ओर विपक्षी दल इस बदलते राजनीतिक मानस को समझने में कई बार असहज दिखाई दिए। कहीं उन्होंने धर्मनिरपेक्षता और आस्था के बीच संतुलन बनाने में चूक की, तो कहीं उनके कुछ नेताओं के बयान उन्हें कठिन स्थिति में ले आए। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल तक चुनावी राजनीति में यह देखा गया कि केवल जातीय समीकरण या पारंपरिक वोट बैंक अब पर्याप्त नहीं हैं। जनता सांस्कृतिक पहचान, विकास और राष्ट्रीय विमर्श को भी महत्व देने लगी है। ऐसे में यदि कोई दल हिंदू आस्था के प्रति असंवेदनशील दिखता है, तो उसका राजनीतिक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन इस पूरे विमर्श का दूसरा पक्ष भी है। क्या राजनीति का उद्देश्य केवल धार्मिक पहचान के आधार पर समर्थन जुटाना होना चाहिए? क्या देश के सामने मौजूद बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि संकट, आर्थिक असमानता और सामाजिक विघटन जैसे प्रश्न पीछे छूट जाने चाहिए? यह चिंता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। भारतीय राजनीति में पिछले कुछ वर्षों के दौरान धर्म, विशेषकर सनातन और हिंदू आस्था को लेकर कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमूक आदि विपक्षी दलों एवं उनके कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयानों को व्यापक जनसमुदाय ने सनातन पर आक्षेप या हिंदू भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के रूप में देखा, जिसके राजनीतिक प्रभाव भी दिखाई दिए। किंतु इस विषय को केवल ऌहिंदू विरोधङ्क बनाम ऌराजनीतिक विरोधङ्क के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। भारत एक लोकतांत्रिक और बहुलतावादी राष्ट्र है, जहां किसी भी राजनीतिक दल को सरकार, नीतियों या नेतृत्व का विरोध करने का अधिकार है, लेकिन यदि वह विरोध आस्था, संस्कृति और बहुसंख्यक समाज की भावनाओं से टकराता हुआ प्रतीत हो, तो उसका राजनीतिक मूल्य चुकाना पड़ सकता है। यही कारण है कि कई दलों के लिए यह धारणा चुनौती बनी कि वे सत्ता-विरोध की राजनीति करते-करते सांस्कृतिक और धार्मिक संवेदनाओं से दूर हो गए हैं। भारत में सनातन केवल धार्मिक पहचान नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, परंपरा, संस्कृति, सहिष्णुता और सभ्यता का प्रतीक माना जाता है, इसलिए उसके प्रति असावधान भाषा या नकारात्मक संकेत जनमानस में प्रतिकूल प्रतिक्रिया उत्पन्न करते रहे हैं। दूसरी ओर लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा यह भी अपेक्षा करती है कि राजनीतिक विमर्श व्यक्तियों, नीतियों और शासन के मुद्दों पर केंद्रित रहे, न कि धार्मिक ध्रूवीकरण पर। राजनीतिक दलों के लिए यह आवश्यक है कि वे मतभेद रखें, आलोचना करें, लेकिन भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक संवेदनशीलता और आस्था के सम्मान का संतुलन बनाए रखें, क्योंकि जनता अंततः उसी नेतृत्व को स्वीकार करती है जो उसकी भावनाओं, परंपराओं और राष्ट्रीय मानस को समझने का प्रयास करता है।

भारत की राजनीति को ऌधर्म बनाम धर्मङ्क की लड़ाई से ऊपर उठकर ऌजन बनाम जनसमस्याङ्क के विमर्श की ओर बढ़ना होगा। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता मंदिर भी चाहती है और रोजगार भी, आस्था भी चाहती है और अवसर भी, संस्कृति भी चाहती है और आधुनिकता भी। केवल धार्मिक धुरवीकरण किसी राष्ट्र की स्थायी प्रगति का आधार नहीं बन सकता। आज आवश्यकता है कि राजनीतिक दल सनातन विरोध या हिंदू विरोध जैसे आरोप-प्रत्यारोपों की राजनीति से बाहर निकलें। यदि किसी परंपरा में सुधार की बात करनी है, तो वह सम्मानजनक भाषा और रचनात्मक दृष्टि से हो। सामाजिक न्याय का अर्थ सांस्कृतिक अस्वीकार नहीं होना चाहिए और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अर्थ अन्य दृष्टियों का निषेध भी नहीं होना चाहिए। भारतीय सभ्यता की शक्ति उसकी विविधता और सहिष्णुता रही है। यहां शंकराचार्य भी हैं, बुद्ध भी हैं, महावीर भी हैं, कबीर भी हैं, वेद भी हैं और संविधान भी। भारत ने सदैव संवाद को संघर्ष से ऊपर रखा है। इसलिए राजनीति का भी दायित्व है कि वह समाज को जोड़ने वाली भाषा बोले। आज जब विश्व संघर्षों, सांस्कृतिक तनावों और पहचान की राजनीति से जूझ रहा है, तब भारत के पास ऌवसुधैव कुटुम्बकम्ङ्क का संदेश है। यही सनातन का वास्तविक स्वरूप भी है-समावेश, करुणा और सहअस्तित्व। राजनीतिक दलों को आत्ममंथन करना होगा कि वे जनता को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं-धार्मिक टकराव की ओर या राष्ट्रीय निर्माण की ओर? यदि राजनीति केवल आस्था के विवादों में उलझी रही, तो जनजीवन के वास्तविक प्रश्न पीछे छूट जाएंगे। लेकिन यदि राजनीति संस्कृति का सम्मान करते हुए विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता को केंद्र बनाएगी, तो भारत एक संतुलित और सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ेगा। सनातन का अर्थ शाश्वत है, और शाश्वत वही होता है जो सबको साथ लेकर चले। इसलिए किसी भी प्रकार का अंध-विरोध या अंध-समर्थन समाधान नहीं हो सकता। आवश्यकता है विवेकपूर्ण दृष्टि, संतुलित राजनीति और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की। भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता इसी में है कि वह आस्था का सम्मान करे, लेकिन राजनीति को जनहित का माध्यम बनाए। तभी लोकतंत्र भी मजबूत होगा और समाज भी समरस बनेगा। **– ललित गर्ग**

# बढ़ेगी महंगाई, जमाखोर पैदा कर सकते हैं 'कोढ़ में खाज'

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने अपनी रिपोर्ट में दुनिया के बड़े हिस्सों में महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं रह सकता। जरूरत है कि लोग आवश्यकता से अधिक सामाग्री के उपभोग से बचें, तो जिम्मेदार एजेंसियां जीवनोपयोगी बस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रखने के उपाय करें। अभी पिछले महीने खुदरा महंगाई दर मार्च वाली 3.4 प्रतिशत से बढ़कर 3.48 हुई, तो रिकॉर्ड किया गया कि यह एक वर्ष में सबसे अधिक है। उससे आम जनजीवन पर कितना असर हुआ, इस पर वाद-विवाद हो सकता है। वैसे इसे दो-तीन दिन पहले पैकेट वाले दूध के महंगा होने के तौर पर आसानी से समझा जा सकता है। आगे निश्चित ही इस पर दो राय नहीं है कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतें महंगाई को और ऊपर ले जाने वाली हैं। कुछ ही दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब लोगों से सोना नहीं खरीदने, गाड़ियों का उपयोग कम करने, कार्यालयों को 'वर्क फ्रॉम होम' करने जैसे आह्वान किए, उसे आने वाले दिनों की तस्वीर समझा जाना चाहिए था। उनकी अपील सावधानी की तरह है, जिन पर अमल से कुछ हद तक राहत मिल सकती है। असल में यह स्थिति विश्व -बाजार के कारण सामने आई है। मध्य पूर्व संकट के बदलते हालात ने कच्चा तेल और अन्य ईंधन की आपूर्ति पर असर डाला है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यानी यूएनडीपी ने भी अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि इससे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास की गति अधोगामी हो सकती है। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाएं ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ा रही हैं। जहां तक अपने देश की बात है, थोक महंगाई 42 महीनों में सबसे अधिक बताई गई है। इसे देश के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है। वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें 50 फीसदी बढ़ने के बावजूद अब तक हमारे यहां पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस के दाम स्थिर रखे गए थे। इससे आम लोगों तक महंगाई का असर सीधे महसूस नहीं किया गया। महंगाई बढ़ने के कारक स्पष्ट हुआ करते हैं। ताजा मामला सभी की समझ में आएगा कि महंगा पेट्रोल, डीजल मुख्य रूप से ट्रांसपोर्ट सेवाओं और खाद्य सामग्री की आपूर्ति पर असर डालेंगे। इससे अधिक यात्राएं करने वाले और नौकरी आदि के लिए प्रतिदिन बाहर जाने वाले प्रभावित होंगे, तो घर की थाली भी असर पड़ने से बच नहीं पाएगी। और अधिक सरल ढंग से समझें तो जल्द ही पहले आम बसों और ऑटो आदि के किराया बढ़ेगा। हालात यही रहे तो भविष्य में सरकारी सार्वजनिक परिवहन भी बढ़ते परिचालन खर्च का भार अपने यात्रियों पर डाल सकते हैं। माल ढुलाई भाड़ा सीधे ही सब्जियां और गेहूं-चावल जैसे आम उपभोक्ता सामग्री तक लोगों की पहुंच को कठिन बनाने वाला है। शहरों में इसे सीधे महसूस किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र कुछ कम असर वाले हो सकते हैं, पर खेती-बाड़ी को किसी भी हाल में अछूता नहीं रखा जा सकता। डीजल की मांग खेती के मौसम में अधिक हुआ करती है। आने वाले दिन ऐसे ही होंगे। स्वाभाविक है कि डीजल से चलने वाले खेती के उपकरण, ट्रैक्टर और सिंचाई के पंप की रफ्तार पर असर पड़ेगा। उर्वरकों के दाम बढ़ने शुरू हो ही चुके हैं। इस तरह की महंगाई क्यों हुई, संचार माध्यमों ने लोगों को समझा दिया है। एक और बिंदु है, जिसे पहले से लोग जानते-समझते हैं। वह बिंदु जमाखोरी की है। महंगी होती सामग्री को जमाखोर इसलिए रोके रखते हैं कि उसकी किल्लत पैदा कर और उसे और महंगा किया जाय। घरेलू एलपीजी की जमाखोरी ज्वलंत उदाहरण है। कम होता ईंधन लोगों तक देर से पहुंच रहा है, तो इसका नाजायज फायदा जमाखोर उठा रहे हैं। यह अर्थ व्यवस्था में कोढ़ में खाज की तरह है। प्रशासनिक अमलों को इस ओर ध्यान देना होगा। सरकारों को चाहिए कि लोगों को उपभोक्ता सामग्री कम करने के लिए ही प्रेरित नहीं करें, साथ ही जीवनोपयोगी चीजें लोगों तक आसानी से पहुंचें, इसके भी उपाय करें।

## सेहत मंत्र

# सिर्फ सब्जी नहीं है भिंडी, आपके शरीर को पहुँचाती है यह बड़े लाभ

भिंडी एक ऐसी सब्जी है, जिसे अधिकतर घरों में बनाया जाता है। यह खाने में जितनी लजीजदार होती है, उतनी ही सेहतमंद भी होती है। यह आपके ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्राल को कंट्रोल करने से लेकर आपके मूड को बेहतर बनाती है। भिंडी हर व्यक्ति को किसी न किसी रूप में फायदा ही पहुंचाती है। तो चलिए आज हम आपको भिंडी से होने वाले लाभों के बारे में बताते हैं- पोषक तत्वों से पैकः भिंडी के सेवन का एक सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को लाभ पहुंचाते हैं। इसमें आपको कैल्शियम, आयरन से लेकर जिंक, पोटेशियम, एंटी ऑक्सीडेंट्स व डायटरी फाइबर आदि पाए जाते हैं। यह सभी तत्व शरीर के विकास में अहम भूमिका अदा करते हैं। बूस्टअप करे एनर्जीः आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में अधिकतर लोग हमेशा ही थकान और शरीर में ऊर्जा की कमी का रोना रोते हैं। ऐसे लोगों को अपने भोजन में भिंडी को जगह अवश्य देनी चाहिए। दरअसल, भिंडी में मौजूद बीजों में कुछ एंजाइम्स व पोषक तत्व पाए जाते हैं जो रक्त में लैक्टिक एसिड व अन्य केमिकल के स्तर को कम करते हैं। यही केमिकल आपकी थकान की मुख्य वजह बनते हैं। वजन कम करने में सहायकः अगर आप अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं तो भी भिंडी आपके वजन को नियंत्रित करने में आपकी मदद कर सकती है। दरअसल, भिंडी में डायटरी फाइबर पाया जाता है और जब आप इसका सेवन करते हैं तो आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का अहसास होता है। ऐसे में आप अतिरिक्त कैलोरी का सेवन करने से बच जाते हैं। वहीं दूसरी ओर, भिंडी में कैलोरी कम मात्रा में पाई जाती है, जबकि पोषक तत्व काफी मात्रा में पाए जाते हैं। अर्थात आप कम कैलोरी में अपने शरीर को सही पोषण प्रदान कर रहे हैं। अगर आप अपने आहार में भिंडी को शामिल करते हैं तो आप अपने शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बेहद आसानी से बनाए रख सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# हर संकट को हर लेता है सुंदरकांड का पाठ

रामचरितमानस में भगवान के गुणों और महिमा को दर्शाया गया है, लेकिन दूसरी ओर रामचरितमानस के सुंदरकांड की कथा सबसे अलग है। इसमें भगवान राम के गुणों के साथ साथ भक्तों के गुणों की बात बताई गई हैं, इसमें उसकी विजय की भी बातों का वर्णन है। सुंदरकांड का पाठ करने वाले भक्त को हनुमान जी बल प्रदान करते हैं। और ये पाठ करने से आपके आसपास नकारात्मक शक्ति नहीं भटक सकती, और व्यक्ति को अद्‌भुद शक्तियां प्राप्त होती है। सुंदरकांड पाठ को करने से बिगड़ते काम बन जाते हैं और यदि व्यक्ति का आत्मविश्वास कम हो जाए इससे ठीक हो जाता है, सुंदरकांड का पाठ करने से सभी काम अपने आप ही बनने लगते हैं। ज्योतिषशास्त्र के नजरिये से देखा जाए तो यह पाठ घर के सभी सदस्यों के ऊपर मंडरा रहे अशुभ ग्रहों से छुटकारा दिलाता है। यदि स्वयं यह पाठ ना कर सकें, तो कम से कम घर के सभी सदस्यों को यह पाठ जरूर सुनना चाहिए। अशुभ ग्रहों का दोष दूर करने में लाभकारी है सुंदरकांड का पाठ यहां तक कि यह भी कहा जाता है कि जब घर पर रामायण पाठ रखा जाए तो उस पूर्ण पाठ में से सुंदरकांड का पाठ घर के किसी सदस्य को ही करना चाहिए। इससे घर में सकारात्मक शक्तियों का प्रवाह होता है। यदि कोई स्त्री नियमित रूप से शनिवार को चमेली का दीपक जलाकर सुन्दरकंाड का पाठ करती है, या किसी योग्य ब्राह्मण से करवाती है तो उसका घर, पति तथा बच्चे हर प्रकार की विपदा से बचे रहते हैं। यदि साप्ताहिक ना हो सके तो भी माह में कम से कम एक बार सुंदरकांड घर में अवश्य ही होना चाहिए। सुंदरकांड का पाठ करने से आपकी दरिद्रता दूर होती है और यह पाठ करने से आपके रोग भी दूर होतो हैं।

## पर्यटन



# महाराष्ट्र का कश्मीर है महाबलेश्वर, यहां जानिये मराठाओं का गौरवशाली इतिहास

बादलों के बीच से झाकती पहाड़ियां.., ओस की बूंदों से भीगी सड़कें.., चारों तरफ फैली हरियाली.., लगातार होती रिम-झिम बरसात.. महाबलेश्वर को महाराष्ट्र का कश्मीर माना जाता है। इसको सभी हिल स्टेशनों की रानी के रूप में भी जाना जाता है। यह पहाड़ी स्टेशन सतारा जिले के सह्याद्री पहाड़ियों के केंद्र में 1,438 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। इसका नाम भगवान महादेव मंदिर और तीन संस्कृत शब्द, महा (महान), बाल (शक्ति) और ईश्वर (ईश्वर) से लिया गया है। कुछ लोग पौराणिक अतीत के साथ नाम भी संबोधित करते हैं क्योंकि नाम 'महाबलेश्वर' का अर्थ शक्तिशाली भगवान है। आजादी से पहले अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह को अपने हॉलीडे पॉइंट बनाया था वो अकसर या कुदरत की सुंदरता का आनंद लेने यहां आते थे। अगर इस पहाड़ी से नीचे देखा जाए तो आपको समुद्र और घाटी के विशाल दृश्य देखने को मिलेंगे। महाबलेश्वर को जलवायु, भ्रमण, खेल और अन्य गतिविधियों के संदर्भ में महाराष्ट्र में सबसे अच्छा छुट्टी का स्थान माना जाता है। महाबलेश्वर हिल स्टेशन की खास जगहः वेन्ना झील- महाबलेश्वर में वेन्ना झील सबसे लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है। वेन्ना झील प्राकृतिक झील नहीं है क्योंकि इसे 1942 में छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज द्वारा बनाया गया था। हरी-भरी हरियाली से घिरी वेन्ना झील में लगभग 28 एकड़ जमीन का परिसर लगभग 7-8 किलोमीटर है। महाबलेश्वर शहर के लिए पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए झील का निर्माण किया गया था। यह हनीमूनों के साथ-साथ परिवारों के बीच बहुत लोकप्रिय स्थान है। पर्यटकों के लिए रो और पेडल नौकाएं उपलब्ध हैं। प्रतापगढ़ किला महाबलेश्वर में प्रतापगढ़ किला जो प्रतापगढ़ के युद्धस्थल के रूप में भी जाना जाता है। प्रतापगढ़ का किला मराठा सम्राट शिवाजी के उन किलों में से एक है जिन्हें शिवाजी ने अपने निवास स्थान के तौर पर तैयार करवाया था।

# एसआरएमयू ने पांच संस्थाओं के साथ किए एमओयू, छात्रों को मिलेंगे नए अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ/बाराबंकी। श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (एसआरएमयू) ने शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच प्रमुख संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन साझेदारियों से छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, जॉब प्लेसमेंट और उद्योग से जुड़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे।

विश्वविद्यालय ने फिक्की फ्लो, जूट फॉर लाइफ, आओ सीखे, सोलर एनर्जी तथा सोशियोएड सर्विसेज एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ करार किया। समारोह में प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल ने जूट फॉर लाइफ के साथ हुए समझौते को पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सतत उद्यमिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साथ उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी ने कहा कि इन एमओयू से छात्रों को रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स, वर्कशॉप और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत कर पण्फ्द्दद्वण्प को बेहतर भविष्य देने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) रितु चंद्रा, प्रो. (डॉ.) विनीत गुप्ता, प्रो. (डॉ.) अपूर्व आनंद, डॉ. मधु दीक्षित, डॉ. आर.एस. बाजपेई, कॉमर्स एवं इकोनॉमिक्स विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वीणा सिंह, प्रो. (डॉ.) गजेन्द्र सिंह, डॉ. वैभव शर्मा सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय शांति समिति की बैठक, ईशान ने दिए शांति और सौहार्द के संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मनाई जाए तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी और सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी किसी भी हालत में न हो। उन्होंने नमाज के दौरान यातायात बाधित न करने, सड़क पर नमाज न पढ़ने तथा साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर कुर्बानी से जुड़े फोटो या वीडियो साझा न करने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, विद्युत विभाग एवं जल निगम के अधिकारी सहित विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने में प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## बिजली संकट उपभोक्ताओं ने चार घंटे जाम किया मार्ग

सूरतगंज-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सूरतगंज सब स्टेशन से जुड़े करीब 300 गांवों में लगातार बिजली संकट गहराता जा रहा है। छह फीडरों से लगभग चार लाख उपभोक्ताओं को आपूर्ति दी जाती है, लेकिन 33 केवी लाइन की लंबी दूरी के कारण फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। शुक्रवार को अघोषित कटौती और खराब आपूर्ति से परेशान सैकड़ों ग्रामीणों ने सूरतगंज-फतेहपुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों और पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अधीक्षण अभियंता को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी ने एक सप्ताह में समस्याएं दूर कराने का आश्वासन दिया, तब चार घंटे बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस दौरान अभिषेक बाजपेई, विष्णुकांत, शैलवेंद्र सिंह, राहुल सिंह, छन्नू महाराज, महेश मिश्रा, भोला सिंह व ज्ञानेश शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कल्याणी नदी में मिला महिला का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त, सिलसिला जारी

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में अज्ञात महिलाओं के शव मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को सफदरगंज कस्बे के पास कल्याणी नदी में करीब 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना है। इससे पहले देवा थाना क्षेत्र के उमरी जंगल में 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कुष्ठ रोग जांच की नई तकनीकों का दिया प्रशिक्षण

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। टी एल एम हॉस्पिटल बाराबंकी में जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय के एनएमए और एनएमएस स्टाफ के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुष्ठ रोग की जांच के नए उपकरणों और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. राधेश्याम स्वामी ने कहा कि शुरुआती चरण में रोग की पहचान के लिए फील्ड स्टाफ का नई तकनीकों से लैस होना जरूरी है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी दलीप बर्मन ने समाज में कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

## किसान पथ पर ट्रक हादसा, चालक की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के गगौली स्थित किसान पथ पर शुक्रवार भोर तेज रफ्तार ट्रक की अज्ञात वाहन से भिड़ंत हो गई। हादसे में कानपुर घाटमपुर निवासी चालक शिव प्रसाद शैनी (45) और क्लीनर गोपाल सैनी घायल हो गए। पुलिस दोनों को इलाज के लिए बक्सी तालाब सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। उमरा चौकी इंचार्ज अखिलेश प्रजापति ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई होगी।

## गलत इंजेक्शन का आरोप, उपचार के दौरान मरीज की मौत

सूरतगंज-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी राम लाल गौतम (45) की निजी क्लीनिक में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि झबरापुर चौराहे स्थित क्लीनिक में डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। पत्नी उलासा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छेदा चौकी इंचार्ज अरुण सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तीन माह से खराब पानी की टंकी, भारी नाराजगी

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत हसनपुर पहाड़पुर में पिछले तीन महीनों से पानी की टंकी खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जल निगम के जेई संजय ने बताया कि बिजली का तार टूटने से समस्या आई है और तीन दिनों में जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## सिरौलीगौसपुर तहसील में 603 प्रगणक और 100 सुपरवाइजर तैनात

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनगणना-2027 के प्रथम चरण की शुरुआत के साथ ही तहसील क्षेत्र में 603 प्रगणक और 100 सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकान गणना का कार्य कर रहे हैं। मकानों की स्थिति, जल निकासी, शौचालय, बिजली और पेयजल जैसी सुविधाओं से संबंधित 34 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जा रही है। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने भीषण गर्मी को देखते हुए जनगणना कर्मियों के लिए विशेष सुविधाएं और अवकाश देने की मांग की है।

## गर्मी बढ़ते ही बढ़े डॉग बाइट और सांप काटने के मामले

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीषण गर्मी के चलते जानवरों के काटने और सांप डसने की घटनाओं में तेजी आई है। संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में पिछले पांच दिनों में 192 एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं। शुक्रवार को अकेले 36 लोगों को टीका लगाया गया। इसी बीच रसूलपुर निवासी रामदेव को खेत में काम करते समय जहरीले सांप ने काट लिया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधीक्षक डॉ. इकबाल ने बताया कि अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है।

## स्कूल के बाहर छात्र पर हमला, तमंचे से फायरिंग का आरोप

बिजनौर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव झालू में स्कूल के बाहर एक छात्र पर जानलेवा हमला किया गया।इस मामले में शुक्रवार को पीड़ित छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी किशन अवतार सिंह ने बताया कि मोहल्ला कानून गोयान निवासी गौरव पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र यश, जो देहरादून पब्लिक इंटर कॉलेज झालू में कक्षा 9 का छात्र है। 20 मई को स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के मुन्ना और उसके चार-पांच साथियों ने पहले से घात लगाकर छात्र पर हमला कर दिया। आरोपितों ने छात्र के साथ मारपीट करते हुए तमंचे से फायरिंग भी की। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोग और स्कूल कर्मियों ने घायल छात्र को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने छात्र के सिर में गंभीर चोट बताई, जिसके बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# महादेवा धाम को मिला सीएन-0001 भवन कोड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत शुक्रवार को श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में मकान सूचीकरण कार्य किया गया। तहसीलदार विपुल सिंह ने राजस्व टीम के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। मंदिर भवन को क्षेत्र का पहला सीएन-0001 भवन कोड आवंटित किया गया। तहसीलदार ने कहा कि धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों का सही अभिलेखीकरण भविष्य की योजनाओं के लिए आवश्यक है।

# सनसनीखेज वारदात: देवा के ग्वारी गांव में किराना व्यापारी के घर भीषण डकैती, तमंचे के बल पर परिवार को बनाया बंधक,एक करोड़ की लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। देवा थानाक्षेत्र के ग्वारी गांव में शुक्रवार तड़के हथियारबंद बदमाशों ने एक किराना व्यापारी के घर में घुसकर भीषण डकैती को अंजाम दिया। बदमाशों ने पूरे परिवार को तमंचे के बल पर बंधक बनाकर मारपीट की और मुंह पर टेप चिपका दी। वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

क्या है पूरा मामला: ग्वारी गांव निवासी आलोक जायसवाल अपने बेटे हिमांशु जायसवाल के नाम से थोक किराने की दुकान संचालित करते हैं। परिवार मकान के ऊपरी हिस्से में रहता है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, शुक्रवार तड़के करीब 3:21 बजे जब पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था, तभी 5-6 की संख्या में आए बदमाश घर का पिछला दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए।

तमंचे के बल पर बंधक बनाया: डकैतों ने घर में घुसते ही आलोक जायसवाल, उनकी पत्नी, बेटे, बहू, मायके आई दो विवाहित बेटियों और एक दो वर्षीय मासूम बच्चे समेत पूरे परिवार को तमंचों के बल पर बंधक बना लिया। विरोध करने और शोर मचाने पर बदमाशों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। किसी के चिल्लाने या मदद मांगने की आशंका के चलते बदमाशों ने सभी के मुंह पर टेप चिपका दी और हाथ-पैर बांध दिए।

लूटपाट कर हुए फरार: इसके बाद बदमाशों ने घर में रखी नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच में जुटी: सुबह किसी तरह बंधनमुक्त होने के बाद परिजनों ने शोर मचाया तो पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर देवा पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। देवा थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। इलाके में दहशत: एक ही परिवार के 7 लोगों को बंधक बनाकर की गई इस वारदात से ग्वारी गांव समेत पूरे क्षेत्र में दहशत है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# महादेवा कॉरिडोर ध्वस्तीकरण में बिना अनुमति कटे नीम के पेड़, ठेकेदार बोला- लेखपाल से मिली इजाजत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। महादेवा कॉरिडोर निर्माण की पहल के तहत क्षेत्र में ध्वस्तीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी दौरान ठेकेदार पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि ध्वस्तीकरण कार्य के दौरान आंचल क्षेत्र में लगे प्रतिबंधित नीम के पेड़ों को बिना अनुमति काट दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेड़ों की कटान से पहले वन विभाग को कोई सूचना नहीं दी गई और न ही आवश्यक अनुमति ली गई। मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

जब ध्वस्तीकरण कार्य करा रहे ठेकेदार से इस संबंध में पूछा गया तो उसने बताया कि उसे लेखपाल की ओर से अनुमति दिए जाने की बात कही गई है। हालांकि वन विभाग से अनुमति लिए जाने को लेकर कोई स्पष्ट दस्तावेज सामने नहीं आया है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं संबंधित विभागीय अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# ग्राम चौपाल में उठीं आवास, सम्मान निधि और हैंडपंप की समस्याएं




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' अभियान के तहत ग्राम पंचायत सदेवा और परसा द्वितीय में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और हैंडपंप मरम्मत से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं।

पंचायत सचिवों ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। चौपाल में ग्रामीणों को जनगणना के प्रति भी जागरूक किया गया।

# भीषण गर्मी में राहत की पहल: बारा टोल प्लाजा पर यात्रियों और कर्मचारियों को मिल रहा ओआरएस , शरबत और ठंडा पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी । लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव के प्रकोप को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा लोगों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में लखनऊऽसुल्तानपुर हाईवे स्थित बारा टोल प्लाजा पर यात्रियों, वाहन चालकों और कर्मचारियों के लिए राहत व्यवस्था की जा रही है। थबारा टोल प्लाजा संचालक कंपनी आईआरबी हरिहारा कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड के उप महाप्रबंधक श्री नितिन भोइटे एवं टोल प्रबंधक बृजेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में हीट वेव एक्शन प्लान के तहत टोल कर्मचारियों, राहगीरों और वाहन चालकों को ओआरएस, शरबत और स्वच्छ पीने का ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। तेज धूप और लू के बीच यह पहल लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। कंपनी का कहना है कि भीषण गर्मी में लगातार ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस उपलब्ध कराने से डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, थकान और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बचाव में मदद मिलेगी।

टोल प्लाजा पर मौजूद कई वाहन चालकों और यात्रियों ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि सड़क यात्रा के दौरान ऐसी सुविधाएं बेहद जरूरी हैं और इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। टोल प्लाजा मैनेजर वीरेन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले दिनों में गर्मी को देखते हुए यह व्यवस्था लगातार जारी रखी जाएगी, ताकि कर्मचारियों और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी के तहत कंपनी लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी जनहित से जुड़े ऐसे कार्य जारी रहेंगे।

## पंजाब किंग्स को प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एलएसजी पर बड़ी जीत की जरूरत

एजेंसी

लखनऊ। लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले छह मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले सात मैचों में छह जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार छह हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब को न केवल शनिवार को यहां अपने अंतिम लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा, बल्कि प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए रविवार के दो मैचों (मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बनाम दिल्ली कैपिटल्स) के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम चाहेगी कि राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स दोनों ही अपने-अपने मैच हार जाएं। अगर राजस्थान रॉयल्स मुंबई को हरा देती है तो पंजाब की उम्मीदें आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी, वहीं अगर केकेआर दिल्ली कैपिटल्स को हरा देती है तो मामला नेट रन रेट पर अटक सकता है। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से थोड़ा बेहतर है। लेकिन अगर मगर की बात आने से पहले पंजाब को लंबे समय से चले आ रहे खराब प्रदर्शन के बाद अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने की जरूरत है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली की सत्र की शुरुआत की तरह आक्रामक होकर नहीं खेल पा रहे हैं। प्रियांश ने अपनी पिछली सात पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है और वह पिछले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे। प्रभसिमरन भी अपनी प्रदर्शन में निरंतरता लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने भी अपनी पिछली पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है। कोनोली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं। कप्तान अय्यर का प्रदर्शन भी इस दौरान अच्छा नहीं रहा। वह छह मैच में केवल एक बार ही पचास रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। उसका मध्य क्रम भी नहीं चल पा रहा है जबकि उसकी फील्डिंग भी काफी खराब रही है।



## विनेश को अयोग्य घोषित करने के फैसले पर उच्च न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई को फटकार लगाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मशहूर महिला पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 'अयोग्य' घोषित करने के फैसले के लिए शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई और केंद्र को उनका मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना 'बहुत कुछ कहता है'। पीठ ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि फोगाट को आगामी एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए। विनेश मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को 'प्रतिशोध' की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। अदालत ने केंद्र से फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने को कहा, क्योंकि सरकारी वकील ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के नियम कुछ मामलों में पात्रता मानदंडों में छूट देते हैं। अदालत ने मौखिक रूप से कहा, ''विशेषज्ञों से उसकी संभावनाओं का मूल्यांकन करने को कहें। यह सुनिश्चित करें कि वह भाग ले सके। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह दोपहर 2:30 बजे इस मामले पर फिर से सुनवाई करेगी ताकि सरकारी वकील टीम के गठन के संबंध में और अधिक जानकारी पेश कर सकें। अदालत फोगाट की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने 18 मई को एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें डब्ल्यूएफआई द्वारा 'अयोग्य' घोषित किए जाने के बावजूद इस वर्ष के एशियाई खेलों के लिए 30-31 मई को होने वाले चयन ट्रायल्स में उनकी भागीदारी के मुद्दे पर उन्हें तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया गया था। फोगाट के वकील ने पीठ से उन्हें ट्रायल्स में भाग लेने का अवसर देने का आग्रह किया। वकील ने यह तर्क दिया कि नौ मई को गोंडा में एक घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी से एक दिन पहले उनको कारण बताओं नोटिस दिया गया जिसे यह पता चलता है कि ''कोई उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने से रोकने के लिए कोशिश कर रहा है। अदालत ने कारण बताओ नोटिस पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए दावा किया कि पेरिस ओलंपिक में फोगाट की अयोग्यता 'राष्ट्रीय शर्म' की बात थी और सवाल उठाया कि यह क्यों नहीं माना जाना चाहिए कि डब्ल्यूएफआई ने उसके लिए चयन मानदंड बदल दिए थे। अदालत ने कहा, ''वह जुलाई 2025 में मां बनीं। अभी मई का महीना है। वह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान हैं। यह क्यों नहीं माना जा सकता कि आपने उनके लिए चयन मानदंड में बदलाव किया होगा? विवाद या मतभेद चाहे जो भी हो, खेल जगत को क्यों नुकसान होना चाहिए? देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है, क्या इसकी कीमत किसी व्यक्ति को भुगतनी चाहिए?''

## संक्षिप्त समाचार

### सिमंस ने धोनी के बारे में कहा, वह टीम के हित में ही फैसला लेंगे

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी कब वापसी करेंगे इसका फैसला यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज स्वयं करेगा। 44 वर्षीय धोनी पैर में चोट लगने के कारण आईपीएल के इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए लेकिन सिमंस ने कहा कि उन्होंने नेट पर अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। सिमंस से पूछा गया कि क्या धोनी अगले साल के लिए उपलब्ध रहेंगे, उन्होंने कहा, ''क्या आप सचमुच यह सवाल पूछ रहे हैं। उनके पांव में चोट लगी थी जिससे उन्हें दौड़ने में बहुत दिक्कत हो रही थी और इसलिए वह नहीं खेल पाए। उन्होंने कहा, ''नेट पर अभ्यास के दौरान वह इस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे जैसा वह पहले किया करते थे। लेकिन मैं हमेशा कहता रहा हूं कि इसका फैसला स्वयं धोनी ही करेंगे ही कि वह कब खेलने के लिए तैयार हैं और उनकी वापसी के लिए सही समय क्या है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि धोनी हमेशा व्यक्तिगत उपलब्धियों से ऊपर टीम के हित को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा, ''अगर उन्हें पता है कि वह फिट नहीं हैं तो वह नहीं खेलेंगे। लेकिन अगर वह फिट होते हैं तो वह जरूर खेलेंगे। वह व्यक्तिगत नहीं बल्कि टीम के हित में फैसला करेंगे। उनके खेलने से टीम को फायदा मिलेगा। सिमंस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही जबकि इस विभाग में कड़ी मेहनत की गई थी। उन्होंने कहा, ''मैं अभी-अभी मैथ्यू हेडन से इसी बारे में बात कर रहा था। हमने इस साल फील्डिंग का काफी अभ्यास किया। मुझे लगता है कि पूरे टूर्नामेंट में हमने कुछ अविश्वसनीय कैच लिए लेकिन कुछ आसान कैच भी छोड़े। सिमंस ने कहा, ''टीम इससे सीख लेकर कैसे आगे बढ़ती है इसका फैसला फील्डिंग कोच करेंगे। लेकिन हमने इस साल अपनी फील्डिंग पर काफी मेहनत की है। सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। लेकिन फिर भी हम कुछ शानदार कैच लेते हैं और फिर कुछ आसान कैच छोड़ देते हैं जिससे हैरानी होती है। सीएसके को गुजरात टाइटंस से 89 रन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से उसने 12 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। सिमंस ने कहा कि इस सत्र में सीएसके के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू टीम के अंदर संतुलन और व्यक्तिगत भूमिकाओं के बारे में बढ़ती समझ रहा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि कई सकारात्मक पहलू रहे। हमने एक टीम के रूप में खुद को समझना शुरू कर दिया है। मुझे लगता है कि आईपीएल जीतने का यह महत्वपूर्ण है कि आप अपना संतुलन सही रखें, आपके पास एक ऐसी टीम हो जो खुद को संभाल सके और आपके बदलाव मैच से काफी पहले किए जाएं। सिमंस ने कहा, ''मुझे यह भी पता है कि इस टूर्नामेंट से हमें एक इकाई के रूप में खुद को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है। यह हमारे लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा।''

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में तीन नए खिलाड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहैल नाज़िर, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफ़ात मिन्हास ने कुछ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन उन्हें पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। नाज़िर और ग़ाज़ी गोरी टीम में दो विकेटकीपर हैं। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद दो और चार जून को लाहौर में मैच खेले जाएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, नसीम शाह और शादाब खान ने टीम में वापसी की है। फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। पाकिस्तान टीमः शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), सलमान अली आगा, अब्दुल समद, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, माज सदाकत, गाजी गोरी, नसीम शाह, रोहेल नाजिर, साहिबजादा फरहान, शादाब खान, शमील हुसैन, सुफयान मोकिम।

### सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। गुजरात टाइटन्स ने गुरुवार को यहां खेले गए अपने अंतिम लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स पर 89 रन की शानदार जीत के साथ आईपीएल प्लेऑफ में शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली। इस हार के साथ ही पांच बार की चैंपियन टीम सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की रही सही उम्मीद भी समाप्त हो गई। आईपीएल ने शुक्रवार को बयान में कहा, ''आईपीएल की धीमी ओवर गति से जुड़ी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम (चेन्नई सुपर किंग्स) का यह इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा इंपैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है।

### चालिहा का मलेशिया मास्टर्स में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

**कुआलालंपुर।** भारत की अशिमता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफ़ेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं। चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

## हॉकी इंडिया ने अंडर-18 महिला एशिया कप 2026 के लिए भारतीय टीम घोषित की, स्वीटी कुजूर को कप्तानी

एजेंसी

भोपाल। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को जापान में आयोजित होने वाले महिला अंडर-18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून 2026 तक खेला जाएगा। कोच रानी के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने भोपाल में एक महीने तक राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में तैयारी की। इस दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, टीम संयोजन और रणनीतिक खेल पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम की कप्तानी स्वीटी कुजूर करेंगी। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट की तैयारियों के तहत भोपाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज भी खेली, जिसमें अंतिम मुकाबले में जीत हासिल कर टीम ने आत्मविश्वास बढ़ाया। भारत को पूल-ए में दक्षिण कोरिया, मलेशिया और सिंगापुर के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 30 मई को मलेशिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद 31 मई को दक्षिण कोरिया और 2 जून को सिंगापुर से मुकाबला होगा। दोनों पूलों की शीर्ष दो टीमें 5 जून को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि फाइनल 6 जून को खेला जाएगा। टीम की घोषणा के बाद कोच रानी ने कहा, यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव हासिल करने और दबाव वाले मुकाबलों को समझने का शानदार अवसर है। पिछले कुछ हफ्तों में हमने फिटनेस, रणनीति और टीम समन्वय पर काफी मेहनत की है। टीम देश का प्रतिनिधित्व करने को लेकर उत्साहित है और हमारा लक्ष्य निडर हॉकी खेलते हुए खिताब के लिए मजबूत चुनौती पेश करना होगा। भारतीय महिला अंडर-18 टीम- गोलकीपरः महक परिहार, खिली कुमारी। डिफेंडरः सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रुबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी मिडफील्डरः- श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नाम्मी गीताश्री, पुष्पा मांझी। फॉरवर्डः नौशीन नाज़, स्वीटी कुजूर (कप्तान), प्रियंका मिंज, संदीपा कुमारी, नैन्सी सरोहा। भारत के मुकाबलों का कार्यक्रम (भारतीय समयानुसार) 30 मई 2026ः भारत बनाम मलेशिया- सुबह 5:30 बजे। 31 मई 2026ः भारत बनाम दक्षिण कोरिया-सुबह 5:30 बजे। 2 जून 2026ः भारत बनाम सिंगापुर-सुबह 9:30 बजे। पूल की स्थिति- पूल-एः भारत, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, सिंगापुर। पूल-बीः चीन, जापान, चीनी ताइपे, बांग्लादेश।



## रोनाल्डो ने दो गोल दागकर सऊदी अरब में खिताब का सूखा खत्म किया

रियाद। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है। पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा। अल-हिलाल ने 34 मैचों के सत्र में अजेय रहने के बावजूद दूसरा स्थान हासिल किया। सादियो माने और किंग्सले कोमन के गोल से अल नासर ने दूसरे हाफ में बढ़त बना ली, जिसके बाद रोनाल्डो ने सत्र के लीग में अपने 27वें और 28वें गोल दागे।

## नेट गेंदबाजः आईपीएल में बल्लेबाजी में धमाकेदार प्रदर्शन के गुमनाम सूत्रधार

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पहचान बन चुके लंबे छक्के, साहसिक स्कूप शॉट और आखिरी ओवरों में होने वाली ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में नेट गेंदबाजों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन टेलीविजन की चकाचौंध से दूर होने के कारण उन्हें वह श्रेय नहीं मिलता जिसके वह हकदार हैं। जहां एक तरफ फ्रेंचाइजी के सुपरस्टार करोड़ों रुपये कमाते हैं और सुर्खियों में छाए रहते हैं, वहीं दूसरी ओर गुमनाम युवा तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक फौज हफ्तों तक अभ्यास नेट में गेंदें फेंकती रहती है और क्रिकेट की सबसे आकर्षक लीग में से एक में महत्वपूर्ण अभ्यास साझेदार के रूप में काम करती है। कई खिलाड़ियों के लिए यह क्रिकेट का सबसे अनोखा प्रशिक्षण होता है। उन्हें इस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ियों को लगातार गेंदबाजी करनी होती है। इस दौरान उन्हें अक्सर जसप्रीत बुमराह के यॉर्कर, सुनील नारायण की रहस्यमयी स्पिन या मिचेल स्टार्क की बाएं हाथ की तूफानी गेंदों की नकल करने के लिए कहा जाता है। इसके लिए उन्हें आईपीएल की मानकों के हिसाब से मामूली दैनिक भत्ता मिलता है लेकिन करियर के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण होता है। उनका एकमात्र सपना पेय पदार्थ और अतिरिक्त गेंदें ढोने के बजाय किसी फ्रेंचाइजी की जर्सी पहनना होता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी आमतौर पर अपने साथ तीन से पांच विशेषज्ञ नेट गेंदबाज रखती हैं। इसके अलावा मेजबान राज्य संघों और क्लब भी विभिन्न स्थानों पर स्थानीय गेंदबाजों की व्यवस्था करते हैं। आईपीएल मानकों के हिसाब से उनकी कमाई मामूली होती है। उन्हें प्रतिदिन लगभग 5,000 से 7,000 रुपये मिलते हैं लेकिन इससे मिलने वाला अनुभव अमूल्य होता है। कर्नाटक के तेज गेंदबाज जेवी कार्तिक ने कहा, ''मैंने कभी पैसों के लिए नेट पर गेंदबाजी नहीं की। यह इतने महान बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने और अनुभव हासिल करने का दुर्लभ अवसर होता है। यही सबसे बड़ा प्रोत्साहन है और यही मायने रखता है। कई अन्य नेट गेंदबाजों के लिए कुछ और असली इनाम भी होते हैं। इनमें भारत के सीनियर खिलाड़ियों के साथ बातचीत, किसी प्रसिद्ध गेंदबाजी कोच से तकनीकी सलाह या बस स्टार बल्लेबाजों के खिलाफ खुद को परखने का अवसर शामिल है। और आईपीएल में किस्मत अचानक पलट सकती है। हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत की टीम में शामिल किए गए लंबे कद के गुरनूर बराड़ इसका स्पष्ट उदाहरण हैं। सबसे पहले उन्हें पंजाब किंग्स ने नेट अभ्यास के लिए बुलाया। पंजाब किंग्स के तत्कालीन कप्तान शिखर धवन उनकी छह फीट पांच इंच की कद-काठी से मिलने वाली मदद से प्रभावित हुए और फ्रेंचाइजी ने उन्हें अपने साथ शामिल कर लिया।

## वेदांता की इकाई तलवंडी साबो पावर पर 127 करोड़ रुपये का जुर्माना

एजेंसी

नयी दिल्ली। वेदांता लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड को उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) को करीब 127 करोड़ रुपये तथा उस पर लागू विलंब भुगतान अधिभार चुकाने का निर्देश दिया गया है। वेदांता लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उच्चतम न्यायालय ने अपीलीय विद्युत अधिकरण (एप्टेल) के फैसले को निरस्त कर दिया और पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग (पीएसईआरसी) के आदेश को बहाल कर दिया है। इस आदेश के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने जनवरी 2017 के लिए ग्रिड कोड के अनुसार उपलब्धता की गलत घोषणा के मामले में तलवंडी साबो पावर लिमिटेड पर लगाए गए जुर्माने को लागू विलंब भुगतान अधिभार सहित बरकरार रखा है। तलवंडी साबो पावर लिमिटेड पंजाब के मानसा जिले के बनावाला में स्थित 1,980 मेगावाट की बेहद महत्वपूर्ण कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना है। कंपनी सूचना के अनुसार, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को लगभग 127 करोड़ रुपये और उस पर लागू विलंब भुगतान अधिभार का भुगतान करेगी। तलवंडी साबो पावर लिमिटेड अपनी 100 प्रतिशत बिजली पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को आपूर्ति करती है और बड़े पैमाने पर विश्वसनीय बिजली उत्पादन के जरिये पंजाब की लगभग 35 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।




## रिलायंस पावर को जनवरी-मार्च तिमाही में 494 करोड़ रुपये का घाटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस पावर ने जनवरी-मार्च तिमाही में 494 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया है। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान तिमाही में 125.57 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। रिलायंस पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय घटकर 1,946.33 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2,065.64 करोड़ रुपये थी। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 में 336.89 करोड़ रुपये का घाटा हुआ जबकि 2024-25 में इसने 2,947.83 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। वहीं कुल आय 8,257.04 करोड़ रुपये से घटकर 7,988.52 करोड़ रुपये रह गई। कंपनी के निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत खरीदारों को शेयर व उससे जुड़े साधनों और/या अन्य पात्र प्रतिभूतियों के निर्गम के माध्यम से 6,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) और/या अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव या दोनों के संयोजन के जरिये किया जाएगा। निदेशक मंडल ने 3,000 करोड़ रुपये तक के सुरक्षित/असुरक्षित, परिपक्व होने योग्य, गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र जारी करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी, जिसे एक या अधिक किस्तों/श्रृंखलाओं में निजी निर्गम या अन्य तरीकों से जारी किया जाएगा।




## स्विगी को एओए में बदलाव के लिए नहीं मिली जरूरी शेयरधारक मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली, 22 मई (हि.स)। खाद्य एवं पेय सामग्री की आपूर्ति करने वाली ऑनलाइन कंपनी स्विगी को अपने कंपनी गठन के कायदे-कानून में बदलाव के लिए आवश्यक शेयरधारक मंजूरी नहीं मिल सकी। इसके जरिये वह खुद को भारतीय स्वामित्व एवं नियंत्रित कंपनी (आईओसीसी) के रूप में योग्य बनाना चाहती थी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी गठन के कायदे-कानून (एओए) में संशोधन के प्रस्ताव को 72.35 फीसदी शेयरधारकों का समर्थन मिला है, जो आवश्यक सीमा से 2.65 फीसदी कम रहा। कंपनी ने इसके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से ई-वोटिंग प्रक्रिया अपनाई थी। इसमें एओए में बदलाव करने और रेनन डी कास्त्रो आल्वेस पिंटो को गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र नामित निदेशक के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव पर मंजूरी मांगी गई थी। विशेष प्रस्ताव के परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्विगी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि स्विगी प्रस्ताव के परिणाम को स्वीकार करती है, जिसे 72.35 फीसदी शेयरधारकों की मंजूरी मिली, जो आवश्यक सीमा से 2.65 फीसदी कम है। हालांकि, इसके नियुक्ति का प्रस्ताव 98.98 फीसदी बहुमत के साथ पारित हो गया। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने शेयरधारकों के साथ संवाद को जारी रखेगी और सकारात्मक परिणाम की दिशा में अपना काम करेगी। उल्लेखनीय है कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के नियमों के तहत वर्तमान में किसी कंपनी को भारतीय स्वामित्व एवं नियंत्रित तभी माना जाता है, जब उसका स्वामित्व एवं नियंत्रण भारतीय नागरिकों या पात्र भारतीय संस्थाओं के पास हो। इसमें निदेशक मंडल की संरचना और नामांकन व्यवस्था के जरिये घरेलू नियंत्रण सुनिश्चित किया जाता है।



# गरीब परिवारों की बेटियों की शादी का खर्च उठाएगी सरकार, कानपुर में 1534 जोड़े विवाह का लक्ष्य

एजेंसी

कानपुर। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में अब पैसों की कमी बाधा नहीं बनेगी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार गरीब परिवारों की बेटियों की शादी का पूरा खर्च उठा रही है। कानपुर नगर में इस योजना के तहत बड़े स्तर पर सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन और सत्यापन प्रक्रिया तेज कर दी गई है। यह बातें शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहीं।




आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में योजना की तैयारियों, आवेदन प्रक्रिया, सत्यापन और आयोजन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सामूहिक विवाह समारोह गरिमापूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाए तथा पात्र परिवारों को समय से लाभ मिले। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद को 1534 विवाहों का लक्ष्य मिला है। इसके सापेक्ष अब तक 542 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 509 ग्रामीण और 33 शहरी क्षेत्र से हैं। अधिकारियों को आवेदन पत्रों का समयबद्ध सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

योजना के तहत प्रति जोड़ा एक लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें 60 हजार रुपये सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजे जाएंगे। इसके अलावा 25 हजार रुपये की गृहस्थी सामग्री और 15 हजार रुपये विवाह समारोह की व्यवस्था पर खर्च किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को साड़ी, कपड़े, चांदी की पायल-बिछिया, डिनर सेट, कुकर, कढ़ाही, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट, सीलिंग फैन, आयरन प्रेस, कंबल, गद्दा और बेडशीट सहित अन्य सामान दिया जाएगा। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं है। कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। निराश्रित, निर्धन, विधवा, परित्यक्ता और दिव्यांग परिवारों को योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।

योजना के लिए आवेदन द्धप्प्ध्पः//दद्धपफ्भ.फ्प्पदद.द्दधफ.द्धद्ध पोर्टल पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं। आवेदन के साथ आय, जाति, निवास, आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और आधार लिंक मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। बैठक में सीडीओ अभिनव जे जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह, समाज कल्याण अधिकारी बीरपाल समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे, जबकि सभी खंड विकास अधिकारी और नगर निकायों के ईओ वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर लखनऊ के 74 न्यायधीश साइकिल चलाकर पहुंचे कोर्ट




लखनऊ के जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के नेतृत्व में साइकिल जागरूकता रैली निकाली गयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ के डालीबाग से लखनऊ के जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के नेतृत्व में एक साइकिल जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जस्टिस राजेश चौहान ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए ऐसे प्रयास अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की इस अनूठी मुहिम ने जनता को पेट्रोल-डीजल बचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया है। जिला जज मलखान सिंह के नेतृत्व में सभी जज डालीबाग से साइकिल चलाकर कोर्ट पहुंचे। इस अवसर पर यह भी तय किया गया कि सप्ताह में एक दिन साइकिल से कोर्ट जाएंगे।

# पेज एक का शेष

## बहन-बेटियों...

विधानसभा क्षेत्र में 66.55 करोड़ रुपये लागत की दो परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 16.39 करोड़ रुपये लागत की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। देवरिया विधानसभा क्षेत्र में 97.41 करोड़ रुपये की सात परियोजनाएं शामिल हैं। उनमें 24.13 करोड़ रुपये लागत की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण और 73.28 करोड़ रुपये लागत की चार परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े कार्यों का भी उल्लेख किया तथा जनता को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में अपराध और अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही देवरिया, सदर सांसद, स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी त्वरित सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं को भीषण गर्मी को देखते गोवंश की देखभाल के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री ने परिजनों के साथ आए बच्चों से बात की। उन्हें दुलारा-पुचकारा, आशीर्वाद के साथ चॉकलेट्स भी दीं।

## प्रधानमंत्री ...

दरअसल, कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने महोबा में एक दुष्कर्म और अपहरण की पीड़िता छात्रा से मिलने के बाद अपने समर्थकों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर अभद्र भाषा का उपयोग किया। इसका वीडियो वायरल होने के बाद राजनतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

## स्मार्ट बॉर्डर ...

कि इस परियोजना के लागू होने के बाद बांग्लादेश और पाकिस्तान से लगी पूरी सीमा को और अधिक अभेद्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि हम न केवल घुसपैठ को रोकेंगे, बल्कि एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर देश से बाहर निकाल देंगे और अपनी जनसांख्यिकी में कृत्रिम बदलाव नहीं होने देंगे। सीमा सुरक्षा बल को जनसांख्यिकी में बदलाव करने के षड्यंत्र को रोकना होगा।

गृहमंत्री ने कहा कि अब पारंपरिक तरीकों से सीमाओं की सुरक्षा संभव नहीं है। राज्य पुलिस, सशस्त्र बलों, अन्य अर्धसैनिक बलों, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एससीबी), खुफिया एजेंसियों और राज्य प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को अलग-थलग कार्य के बजाय क्षेत्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखने की आवश्यकता है।

शाह ने कहा कि अवैध घुसपैठ, नकली मुद्रा, साइबर चुनौतियां, ड्रोन के जरिए हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी तथा हाइब्रिड वारफ़ेयर जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए नई रणनीति अपनानी होगी।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में 'एक सीमा, एक बल' का सिद्धांत लागू किया गया था, जिसके बाद बीएसएफ को पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी देश की सबसे संवेदनशील सीमाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। शाह ने कहा कि बीएसएफ ने हर चुनौती का मजबूती से सामना किया और दुश्मनों को हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि 1965 में 25 बटालियनों से शुरू हुआ बीएसएफ आज लगभग 2.70 लाख कर्मियों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल बन चुका है। उन्होंने 1965 से अब तक सर्वोच्च बलिदान देने वाले 2,000 से अधिक बीएसएफ जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद भारत ने अपनी रक्षा नीति को मजबूत किया है और पाकिस्तान की ओर से हुए सभी हमलों का सख्त जवाब दिया गया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में बीएसएफ की महिला टीम ने माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर तिरंगा फहराया है। इस उपलब्धि पर उन्होंने टीम के सभी सदस्यों बधाई दी।

शाह ने कहा कि एक समय था जब नक्सलवादी बेख़ौफ होकर नरसंहार करते थे और सरकारें केवल वार्ता तक सीमित रहती थीं। हमने अपने सुरक्षा परिदृश्य को भारत के संविधान की स्प्रिट के अनुरूप मजबूत बनाया है और इसमें बीएसएफ का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और राज्य पुलिस, सभी के सम्मिलित प्रयासों से आज लाल आतंक समाप्त हो चुका है और भारत नक्सल-मुक्त हो चुका है। बीएसएप के अधिकार क्षेत्र में 15 किलोमीटर तक जो अधिकार क्षेत्र था, उसको बढ़ाकर हमने 50 किलोमीटर किया है और अब बंगाल सरकार ने भी जितनी भी भूमि देनी थी, वह सारा देने का निर्णय कर चुकी है। कुछ तो हैंडओवर भी कर दी गई है। अब त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल तीनों जगह ऐसी सरकारें हैं जो नीतिगत रूप से मानती हैं कि देश में घुसपैठ नहीं होनी चाहिए। अब सीमा सुरक्षा बल की जिम्मेदारी है कि हम न केवल सीमाओं की सुरक्षा करें, बल्कि गांव के पटवारी और गांव के थाने के साथ हमारा संवाद होना चाहिए।

## लखनऊ...

जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में बस चालक शंभू बढ़ई निवासी कानपुर की मृत्यु हुई है। वही पुलिस ने घायलों को सैफई व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेजा है। घायलों में नीलम (20) निवासी काकामई, अजीतमल जनपद ओरैया, रंगोली देवी (30) कानपुर देहात, शिवम (23) निवासी कानपुर देहात, सत्यम (35) निवासी औरैया, सुंदरलाल (40) कंडक्टर निवासी प्रसान पोस्ट आटा जनपद जालौन, शांति देवी (45) निवासी जमोहा, ओरैया, शांति देवी का बेटा सत्यभान (16), मुकेश कुमार (40) निवासी लाल बंगला चकेरी कानपुर, आस्था (23) निवासी कानपुर नगर बिठूर, माया देवी (62) निवासी कानपुर, वेद (12), मन्नत (9) निवासीगण कानपुर, पूजा (35) निवासी साबीपुर माता जनपद उन्नाव, माया देवी (56) निवासी जूही बामरिया बारादेवी कानपुर एवं पप्पू (25) निवासी करेरा फतेहपुर आदि है।

इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि बालू से भरे डंपर में पीछे से बस टकराने के कारण बस में आग लगी है। हादसे में चालक की मौत हुई है। वही घायलों को अस्पताल भिजवाया है।

## मातृभूमि....

अपनी पंचायत के विकास के लिए आगे आता है, तब विकास योजनाएं जनआंदोलन का स्वरूप ले लेती हैं। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर, आधुनिक और जनसुविधाओं से युक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि मातृभूमि योजना के माध्यम से प्रदेश के अनेक नागरिक, प्रवासी भारतीय, समाजसेवी, उद्यमी एवं सामान्य ग्रामीण नागरिक अपनी पंचायतों के विकास में स्वेच्छा से योगदान दे रहे हैं। यह योजना समाज को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास यात्रा का सहभागी बना रही है। यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 11 जनपदों में अब तक 21 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 2.74 करोड़ रुपये है। वहीं 10 जनपदों में लगभग 3.16 करोड़ रुपये लागत की 13 परियोजनाएं वर्तमान में प्रगतिशील हैं। इसके अतिरिक्त 17 जनपदों से लगभग 3.16 करोड़ रुपये लागत की 33 नई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

ओमप्रकाश राजभर ने बताया कि बुलंदशहर के संजीव राजौरा ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाने के लिए लगभग 1 करोड़ 7 लाख रूपये का सहयोग दिया। वहीं उन्नाव की फुटपेंटर शीला ने आर्ट एकेडमी बनाने के लिए लगभग 26 लाख 53 हजार रूपये का सहयोग देकर यह संदेश दिया कि इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के सामने कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। इसी प्रकार बागपत की सी.सी. रोड परियोजना और पंचायत स्तर पर विकसित हो रहे खेल परिसर ग्रामीण विकास की बदलती तस्वीर को दर्शा रहे हैं।

## पढ़ने...

में पढ़ने की संस्कृति विकसित की। उन्होंने पणिक्कर को केरल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का जनक बताया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की नालंदा और तक्षशिला जैसी प्राचीन शिक्षण परंपराएं विश्वभर के विद्वानों को आकर्षित करती थीं, लेकिन आज मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और लघु मनोरंजन सामग्री के बढ़ते प्रभाव से गहन अध्ययन और चिंतन की संस्कृति कमजोर हो रही है।

उन्होंने कहा कि तकनीक ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इससे धैर्य, एकाग्रता और साहित्य व ज्ञान के साथ सार्थक जुड़ाव कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें युवाओं में पढ़ने और विचार करने की संस्कृति को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में व्यक्त उस दृष्टि का भी उल्लेख किया, जिसमें पुस्तकालयों को रचनात्मकता के गतिशील केंद्र के रूप में विकसित करने की बात कही गई है।

उन्होंने 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' पहल और 'ज्ञान भारतम् मिशन' की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ये पहलें छात्रों, शोधार्थियों और देश की पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी, राज्यसभा के पूर्व उपसभापति पी. जे. कुरियन और पी.एन. पणिक्कर फाउंडेशन के उपाध्यक्ष एन. बालगोपाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सपा ...

जैसे अनेक घोटाले देश के प्रति 'ग़द्दारी' थे। इनमें कंग्रेस के हाथ के साथ विदेशी हाथ थे। इन घोटालों की कालिख गांधी परिवार की चौखट तक पहुंची थी।

## उप्र ...

गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद एवं आस पास के क्षेत्र शामिल हैं । राजधानी लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी समेत कई बड़े शहरों में तेज गर्मी के साथ तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने राजधानी लखनऊ में अगले 10 दिनों तक भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप जारी रहने की संभावना है। मई के अंत (28-30 मई) में मौसम में आंशिक बदलाव आ सकता है। हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। ऐसे में तापमान में गिरावट आने से राहत मिल सकती है।

मानसून 3-4 दिन में पहुंचेगा केरल

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगर यही गति बनी रही तो अगले तीन से चार दिनों में मौसम के केरल पहुंचने की उम्मीद है। फिलहाल अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री परिस्थितियां मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। मौसम विभाग का कहना है कि यदि मानसून तय समय से पहले केरल पहुंचता है, तो इसका असर पूरे देश के मौसम पर जल्दी दिखाई दे सकता है।

मुख्यमंत्री योगी ने दिये निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पड रही गर्मी के मद्देनजर अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और गर्मी से होने वाली अन्य समस्याओं से बचाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियां अलर्ट मोड में रहें और किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

## भारत...

पांच वर्षों में निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे।

मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस के संबंध समय की कसौटी पर बार-बार खरे उतरे हैं और रणनीतिक साझेदारी बनने से इन संबंधों को नया एम्बिशन और नई स्पीड मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए माइग्रेशन एवं मोबिलिटी समझौते तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते पर सहमति बनाई है। इसके अलावा उच्च शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी समझौते किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोप के संबंध एक नए स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे समय में साइप्रस यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालने के साथ-साथ भारत और पूरे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण निवेश प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, भारत संघर्षों की शीघ्र समाप्ति और शांति स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में त्वरित और महत्वपूर्ण सुधार भी आवश्यक हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ दोनों देशों के बीच व्यापक एवं भरोसेमंद साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर शुक्रवार को व्यापक चर्चा की। एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारत और साइप्रस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया। दोनों नेताओं ने आतंकवाद-विरोधी, समुद्री सुरक्षा, राजनयिक प्रशिक्षण, नवाचार, शिक्षा और संस्कृति सहित कई समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि चर्चा में व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री और वित्तीय संपर्क, प्रौद्योगिकी और नवाचार, गतिशीलता, शिक्षा, संस्कृति और भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों जैसे विषयों को शामिल किया गया। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और साइप्रस के बीच 14 विषयों पर सहमति बनी है। दोनों देश अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने पर सहमत हुए हैं। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार मजबूत होगा और सुरक्षा के क्षेत्र में भी दोनों देश सहयोग करेंगे। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश संयुक्त कार्य समूह का गठन करेंगे। साइप्रस ने भारत की हिन्द-प्रशांत महासागरीय पहल में शामिल होने का फैसला किया है। भारत अत्याधुनिक स्वदेशी मोबाइल अस्पताल भीष्म क्यूब साइप्रस को उपहार स्वरूप देगा। दोनों देशों ने अगले 5 सालों के लिए रक्षा सहयोग का रोड मैप तैयार किया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा एवं शोध, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं सहयोग, नवाचार एवं तकनीक से जुड़े विषयों पर दोनों देशों के बीच में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों देश सर्च एवं रेस्क्यू क्षेत्र में भी सहयोग करेंगे। दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा और राजनयिक संवाद की भी स्थापना की जाएगी। दोनों देशों ने 18 मई को भारत-साइप्रस स्पेस डे मनाया और इसके अलावा मुंबई में साइप्रस वाणिज्य केंद्र खोला गया है। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस के बीच बढ़ते भरोसे तथा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से नई संभावनाएं उभरी हैं और दोनों देश अगले पांच वर्षों में साइप्रस से भारत में होने वाले निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदले जाने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है, जो दोनों देशों के बीच बढ़े विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से नई आर्थिक संभावनाएं बनी हैं और इन्हीं अवसरों का लाभ उठाते हुए दोनों देश अगले पांच वर्षों में निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और साइप्रस के संबंध समय की कसौटी पर बार-बार खरे उतरे हैं और रणनीतिक साझेदारी बनने से इन संबंधों को नया एम्बिशन और नई स्पीड मिलेगी। दोनों देशों ने संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए माइग्रेशन एवं मोबिलिटी समझौते तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते पर सहमति बनाई है। इसके अलावा उच्च शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी समझौते किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोप के संबंध एक नए स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे समय में साइप्रस यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालने के साथ-साथ भारत और पूरे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण निवेश प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है।

वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, भारत संघर्षों की शीघ्र समाप्ति और शांति स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा। बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में त्वरित और महत्वपूर्ण सुधार भी आवश्यक हैं।

संयुक्त वक्तव्य में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने कहा कि साइप्रस भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका का समर्थन करता है। सुरक्षा परिषद में भारत को उचित स्थान मिलना चाहिए। हम साइप्रस की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए भारत के अटूट समर्थन पर धन्यवाद देते हैं।

उन्होंने कहा कि साइप्रस भारत और यूरोप के बीच एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद सेतु के रूप में कार्य करने के लिए विशिष्ट रूप से सक्षम है। यह सेतु यूरोपीय संघ, पूर्वी भूमध्य सागर और व्यापक मध्य पूर्व के बीच एक सेतु का काम करेगा। भू-राजनीतिक अनिश्चितता के इस दौर में उनका दृढ़ विश्वास है कि यूरोपीय संघ और भारत के बीच साझेदारी और भी मजबूत होनी चाहिए। साइप्रस-भारत संबंध साझा ऐतिहासिक अनुभवों और समान मूल्यों पर आधारित हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध एक रणनीतिक दृष्टिकोण से अब एक ठोस साझेदारी में बदल रहे हैं। एक ऐसी साझेदारी जो सुरक्षा, रक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, समुद्री सहयोग, शिक्षा और आर्थिक संपर्क सहित प्रमुख क्षेत्रों में पहले से ही ठोस परिणाम दे रही है।

उल्लेखनीय है कि साइप्रस के राष्ट्रपति चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत में है। वे इससे पहले मुंबई गए थे। कल उनका दिल्ली आगमन हुआ। आज उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## मंत्रिपरिषद...

मंत्रियों के काम काज की समीक्षा भी की गई। साथ ही सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय और भविष्य की रणनीति को लेकर मंत्रियों के साथ विचार-विमर्श भी किया गया। इसमें मंत्रियों के पिछले कामकाज का लेखा-जोखा और दो साल के रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा की गई। विशेषकर पश्चिम एशिया में मौजूदा हालत को देखते हुए सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास परियोजनाओं और भविष्य के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की गई।

## पश्चिम...

जिला दंडाधिकारी शेख अंसार अहमद को पश्चिम मेदिनीपुर भेजा गया है। 2013 बैच के आईएएस अधिकारी रजत नंदा को कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग में वर्तमान जिम्मेदारी के साथ कैबिनेट सचिवालय के संयुक्त सचिव और सूचना एवं संस्कृति विभाग के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

पूर्व बर्धमान के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी धीमान बरई को तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। हावड़ा की अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रियदर्शिनी एस. को उपभोक्ता मामले विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

दक्षिण 24 परगना के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रशांत राज शुक्ला को बांकुड़ा स्थानांतरित किया गया है, जबकि उत्तर दिनाजपुर के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुमन सौरभ मोहंती को पश्चिम बर्धमान भेजा गया है। दक्षिण दिनाजपुर के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजेश को जलपाईगुड़ी में नई जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा 2018 बैच के आईएएस अधिकारी लक्ष्मण पेरुमल आर. को बांकुड़ा से झाड़ग्राम भेजा गया है। जलपाईगुड़ी के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिंजन शेखर को हावड़ा तथा नदिया की अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अर्चना पी. वानखेड़े को पूर्व मेदिनीपुर स्थानांतरित किया गया है।

2020 बैच के आईएएस अधिकारियों में मंजीत कुमार यादव को बांकुड़ा से दक्षिण 24 परगना, सौरव पांडेय को उत्तर दिनाजपुर से पश्चिम मेदिनीपुर और एकम जे. सिंह को पश्चिम मेदिनीपुर से बांकुड़ा भेजा गया है।

राज्य सरकार के इस बड़े प्रशासनिक फ़ेरबदल को आगामी प्रशासनिक योजनाओं और जिला स्तर पर शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नवान्न सूत्रों के अनुसार प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और जिला स्तर पर व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

